CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

देहरादून, बुधवार 21 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 165 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम: राहुल गांधी पेज 2



ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल ने संन्यास लिया खेल टाइम्स



ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर हुए तेज पेज 12

# सहारनपुर में अमीन ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर जान गंवाई

**सहारनपुर-एजेंसी/ब्यूरो।** सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक अमीन ने कथित रूप से परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले हैं।

पुलिस का अनुमान है कि अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस वारदात के कारणों की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार तड़के तीन और चार बजे के बीच अमीन अशोक राठी (40) ने अपनी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजलि (37), दो बेटों कार्तिक (16) और देव (13)



अशोक राठी (फाइल फोटो)



विद्यावती (फाइल फोटो)



अंजलि (फाइल फोटो)



कार्तिक (फाइल फोटो)



देव (फाइल फोटो)

- सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले
- अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को दिया गया अंजाम

की देशी तमंचों से नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी और खुद भी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन, सीओ नकुड़ रूचि गुप्ता मौके पर पहुंचे। एसएसपी आशीष तिवारी ने मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को घटना के बारे में शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि अशोक राठी ने गांव सडौली नकुड़ निवासी अपनी बहन मोहिनी को तड़के 3.12 मिनट पर वॉइस मैसेज भेजकर बताया कि वह इस घटना को अंजाम देने जा रहा है। पुलिस ने मोहिनी का मोबाइल कब्जे में ले लिया है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। मौके पर इन पांचों जनों के शव घर के एक ही कमरे में पड़े मिले और अशोक राठी के दाएं हाथ की ओर गोलियों से भरे तीन देशी तमंचे पड़े मिले। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने बताया कि इस मामले की जानकारी सबसे पहले सरसावा में ही रहने वाली अशोक राठी की बहन को मिली, जिनके पति अन्य लोगों को लेकर अशोक राठी के मकान पर पहुंचे। दरवाजा भीतर से बंद था। सीढ़ी की मदद से वे लोग मकान की पहली मंजिल पर किचन के रोशनदान की जाली तोड़कर किसी तरह अंदर घुसे तो उन्होंने मकान के एक कमरे में इन पांचों लोगों के शव रक्तरंजित पड़े देखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पांचों शवों का पंचनामा कराकर -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को दादा फिरोज गांधी का खोया लाइसेंस मिला

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर थे। राहुल को उनके दादा और पूर्व सांसद फिरोज गांधी का दशकों पहले खोया हुआ ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा गया। जिसे देखकर राहुल भावुक हो उठे। राहुल ने लाइसेंस को बड़े गौर से देखा और तुरंत उसकी तस्वीर अपने मोबाइल से अपनी मां सोनिया गांधी को व्हाट्सएप के जरिये भेजी। लाइसेंस को रायबरेली में एक परिवार ने सहेज कर रखा था। राहुल ने मंगलवार को रायबरेली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्य विकास सिंह ने राहुल गांधी को मंच पर फिरोज गांधी का लाइसेंस सौंपा। विकास सिंह ने बताया कि कई साल पहले रायबरेली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था।

### यूपी के 10 शहरों में घना कोहरा छाया, उत्तराखंड के औली में पारा माइनस 8 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में मंगलवार को भी कोहरा छाया रहा। आगरा में ताजमहल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

### अनाधिकृत रूप से किया उच्च न्यायालय परिसर में प्रवेश, उपनिरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के परिसर में मंगलवार को अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने और एक मामले की विवेचना के दौरान अधिवक्ताओं से विवाद बढ़ाने के आरोप में थाना काकोरी में तैनात उपनिरीक्षक ताराचंद सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस विभाग ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रस्तावित की है। निलंबन की अवधि में उपनिरीक्षक को रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### ईडी ने सबरीमाला मंदिर सोने के घोटाले में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोच्चि क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये छापेमारी सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य संपत्तियों की कथित गबन से संबंधित हैं। ईडी की इस छापेमारी का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन का पता लगाना, लाभार्थियों की पहचान करना, आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त करना तथा धन शोधन के पूरे पैमाने का आकलन करना था।

# हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं, मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

## आवारा कुत्तों के हमलों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने को कह रहे हैं, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पाडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है। मंगलवार की सुनवाई में पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे थे। बेंच ने आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए।

- शीर्ष अदालत ने कहा: हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल, मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

### ईडी की याचिका दायर करने के अधिकार पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाएं दायर करने के लिए एक न्यायिक व्यक्ति की हैसियत से ईडी के अधिकारों पर विचार करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केरल और तमिलनाडु सरकारों की ओर से दायर अपीलों पर ईडी को नोटिस जारी किया। इन अपीलों में केरल उच्च न्यायालय के 26 सितम्बर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है थी।



### पंजाब केसरी समूह को पंजाब सरकार की दंडात्मक कार्रवाई से दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'पंजाब केसरी' अखबार के प्रकाशन में बाधा डालने वाली पंजाब सरकार की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मीडिया समूह ने आरोप लगाया था कि प्रतिकूल रिपोर्टिंग के कारण 'आप' के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उसे चुनिंदा रूप से निशाना बना रही है। पीठ ने मंगलवार को पंजाब केसरी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों को सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत मामले में बिल्डर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 150 में पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमजेड विशटाउन प्रोजेक्ट के बिल्डर अभय कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय इलाके में घना कोहरा था और दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान युवराज की कार निर्माणाधीन साइट के पास बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। मौके पर न तो बैरिकेडिंग थी, न रिफ्लेक्टर और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे चालक को खतरे का अंदाजा हो सके। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जांच में सामने आया है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस ने इस आधार पर एमजे विशटाउन के बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही निर्माण कंपनियों एम. जेड विशटाउन प्लानर्स लिमिटेड और लोटस ग्रेंस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सदोष मानव हत्या के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण ने भी सख्त कदम उठाए हैं। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि कई अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि जिम्मेदारी तय कर आगे और कार्रवाई की जाएगी। मेरठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर और लोक निर्माण विभाग चीफ इंजीनियर तथा अन्य पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम साइट पर सुरक्षा उपायों की कमी, मानकों के उल्लंघन और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच उपरांत समस्त रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक निगरानी की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



- प्राधिकरण पर भी गिरी गाज, पुलिस बोली: निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने फिर किया सदन से बहिर्गमन

**चेन्नई।** सत्ताधारी द्रमुक के साथ चल रही तकरार के बीच तमिलनाडु विधानसभा के नए साल का सत्र मंगलवार को हंगामेदार तरीके से शुरू हुआ। राष्ट्रगान न गाए जाने पर राज्यपाल आरएन रवि ने एक बार फिर अपना पारंपरिक संबोधन छोड़ दिया और बहिर्गमन कर गए।

राज भवन से बाद में जारी स्पष्टीकरण में कहा गया कि राज्यपाल ने अपना संबोधन इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि इसमें कई अप्रमाणित और भ्रामक दावे थे और कई गंभीर सार्वजनिक मुद्दों की उपेक्षा की गई थी। जब वह सत्रा के लिए राज्य सचिवालय पहुंचे तो राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत हुआ और अध्यक्ष एम. अप्पावु और विधानसभा सचिव एम. श्रीनिवासन ने शॉल और गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष के आसन संभालने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, मंत्रियों, विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी और दूसरे सदस्यों से 'तमिल थाई वाज्थु' (मां तमिल की स्तुति) के बाद, राज्यपाल अपना भाषण देने के लिए खड़े हुए। तैयार अभिभाषण पढ़ने के बजाय उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान नहीं गाया गया और 'गुस्से' में वह सदन से बाहर चले गए। यह लगातार चौथा वर्ष था, जब राज्यपाल ने ऐसा कदम उठाया है। वर्ष 2023 में अपने अभिभाषण में 'द्रविड़म' शब्द और अन्य नेताओं के संदर्भों को छोड़ने के बाद उन्होंने 2024 और 2025 में भी अपने अभिभाषण की शुरुआत से पहले राष्ट्रगान न गाए जाने का हवाला देते हुए सदन से वॉक आउट किया था। इसके बाद से सरकार और राज भवन के बीच 'शीतयुद्ध' की स्थिति बनी हुई है। श्री स्टालिन ने बाद में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें कहा गया कि सरकार की ओर से तैयार अभिभाषण ही विधानसभा के रिकॉर्ड में दर्ज होना चाहिए और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद अध्यक्ष ने अभिभाषण का तमिल संस्करण पढ़कर सुनाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

- सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न गाए जाने पर गुस्साए रवि

### चौंका रही चांदी की चाल, एक दिन में 10 हजार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू- राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। जिस चांदी को एक लाख रुपये प्रति किग्रा से दो लाख रुपये तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपये का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया। सोमवार को तीन लाख प्रति किग्रा का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख के पार चला गया है।

# दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-4 हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के एनसीआर इलाकों में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

सीएक्यूएम की ओर से आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी को दिल्ली का औसत एक्यूआई 440 था, जो 19 जनवरी को घटकर 410 और 20 जनवरी को 378 दर्ज किया गया। मौसम में सुधार और हवा की रफ्तार बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। मौसम विभाग और आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में एक्यूआई इसी स्थिति में ही रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार तहत लगाए गए सख्त प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया। हालांकि, ग्रैप एक, दो और तीन के तहत सभी उपाय पहले की तरह लागू रहेंगे।

- अब ग्रैप-3 लागू हुआ, लोगों को मिली बड़ी राहत
- पर जारी रहेंगी पाबंदियां

### शेयर बाजारों में निवेशकों के डूबे 9,43,793 करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को हुई भारी बिकवाली के कारण निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। कारोबार की समाप्ति पर घरेलू कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 4,55,76,004 करोड़ रुपये रह गया जो 30 सितम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह सोमवार को 4,65,19,797 करोड़ रुपये था। इस प्रकार बाजार पूंजीकरण में 9,43,793 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 1065.71 अंक गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

# मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को इसका आधिकारिक ऐलान हुआ। इसके बाद पीएम मोदी उन्हें पार्टी अध्यक्ष के दफ्तर लेकर गए।

हाथ पकड़कर पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले। भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी। पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी। नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज एआई का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं। नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के दौरान नितिन की पत्नी दीपमाला और उनके बेटे नैतिक और बेटी नित्या भी मौजूद थे। पीएम मोदी उनसे मिले। पीएम ने नितिन की ढाई साल की बेटी नित्या को गोद में उठाकर दुलार किया। नितिन नबीन, मजिंदर सिंह सिरसा और बाकी नेताओं के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब गए।



- भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया, मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही के दिनों में कमी चिंताजनक: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही में लगातार कमी और सत्रों के दौरान बढ़ते हंगामे पर चिता जताई है। उन्होंने कहा कि बार-बार व्यवधान के कारण जनहित के मुद्दों पर चर्चा प्रभावित होती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था की उपयोगिता पर नकारात्मक असर पड़ता है। मायावती ने लखनऊ में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों एवं सचिवों के तीन दिवसीय सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि विधानमंडलों के घटते कार्य समय पर गंभीर मंथन होना चाहिए। उन्होंने सरकार और विपक्ष दोनों से अपील की कि सदनों को सुचारु रूप से चलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानमंडल संविधान व लो. कतंत्र के प्रमुख स्तंभ हैं और सरकार/कार्यपालिका को जवाबदेह बनाए रखने में इनकी भूमिका अहम है।

### जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता: फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता और वह ऐसे किसी भी व्यक्ति का समर्थन नहीं करते जो इस विचार का समर्थन करता है। जम्मू प्रांत के प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के सम्मेलन के दूसरे दिन यहां संवाददाताओं से बात करते हुए डा. अब्दुल्ला ने कहा कि जो लोग जम्मू क्षेत्र को कश्मीर से अलग करने की वकालत कर रहे हैं, वे मूर्ख और अज्ञानी हैं।

# मेले के नाम पर मोटा कमीशन गटकने का खेल शुरू: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मुद्दे पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए घटनाक्रम का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के ‚महाभ्रष्ट राज‛ में मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है।

यादव ने एक्स पर कहा कि मेला महाभ्रष्टाचार‛ की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन- प्रशासन ‘कमीशनखोरी’ के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को कमिश्नर की जगह ‘कमीशनर’ नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि‚मेलाक्षेत्र के संजय का ‘धृतराष्ट्र’ कौन है‛, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया-सुनाया जा रहा था। गौरतलब है कि प्रयागराज में माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे प्रशासन को व्यवस्था संभालने में कठिनाई हुई। इसी दौरान ज्योतिष पीठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को भीड़ को देखते हुए आगे बढ़ने से रोक दिया गया था। प्रशासन ने उनसे रथ से उतरकर पैदल चलने का आग्रह किया, लेकिन समर्थकों ने विरोध करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और हल्की झड़प की स्थिति बन गई। जिसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस पर संतो के साथ मारपीट का आरोप लगाया है।

### मेला प्राधिकरण ने अविमुक्तेश्वरानंद से मांगा शंकराचार्य होने के प्रमाण

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय की नोटिस का हवाला देते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। मेला प्रशासन द्वारा ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य न माने जाने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का जवाब भी सामने आया है। उन्होंने साफ कहा है कि शंकराचार्य वह है जिसे बाकी अन्य तीन पीठों के शंकराचार्य मान्यता देते हैं।

# लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में राज्य सरकार ने वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) जल्द ही लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की योजना पर काम कर रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार ने दोपहिया वाहन खरीदने वालों के लिए वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही नो हेलमेट, नो फ्यूल नियम भी लागू किया गया है। हालांकि उन्होंने माना कि जन-जागरूकता की कमी के कारण इन नियमों का अभी तक अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम बनाना और उन्हें लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन आम जनता का इन्हें अपने दैनिक जीवन में पालन करना उतना ही जरूरी है। यदि लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने में मीडिया की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ‚यूपीडा‛ से एक्सप्रेसवे पर होल्डिग एरिया और डॉर्मिटरी (विश्राम स्थल) विकसित करने पर विचार करने को कहा है, ताकि लंबी दूरी तय करने वाले ड्राइवरों को सुरक्षित पार्किंग और ठहरने की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है, क्योंकि एक्सप्रेसवे पर ट्रॉमा सेंटर की कमी है। मंत्री ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर हर 100 किलोमीटर पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

# पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा देंगे नितिन नबीन: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/ दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शी सोच से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी आशा व्यक्त की कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश को निरंतर मिलता रहेगा, जिससे राज्य में संगठन और सरकार दोनों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ‘एक्स’ पर भी बधाई संदेश साझा करते हुए लिखा है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में नितिन नबीन अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। साथ ही, वे पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में ‘राष्ट्र प्रथम’ की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। योगी आदित्यनाथ ने नितिन नबीन के सफल और प्रेरणादाई कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएं दीं।

## रायबरेली मे गरजे कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता

# मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम

रायबरेली, वार्ता



■ कहा: किसी भी कीमत पर इसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा, जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों और मजदूरों के स्वाभिमान व रोजगार के अधिकार से जुड़ा कार्यक्रम है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

दो दिवसीय दौरे में अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली आए गांधी ने आज सांसद आवास मुंशीगंज में जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात कर जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने करीब दो करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक की लागत से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। साथ ही लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों व अन्य कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान राहुल गांधी ने सांसद आवास पर सामाजिक संगठनों व प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने आईटीआई स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और युवाओं को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा वह नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह रोहनिया विकास खंड के उसरन गांव पहुंचे, जहां कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे ‘मनरेगा बचाओ संग्राम’ चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। चौपाल में उपस्थित गरीबों, किसानों और मजदूरों से संवाद करते हुए उन्होंने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार की उपेक्षा पर सवाल खड़े किए और इस महत्वपूर्ण योजना को समाप्त किए जाने के कथित प्रयासों का विरोध किया। इस दौरान राहुल गांधी के साथ अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### भारत का शहरी ढांचा ढह रहा है: राहुल गांधी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजी. नियर युवराज मेहता की मौत को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। गांधी ने मंगलवार सुबह ‘एक्स’ पर पोस्ट करते हुए इसे भारत के शहरी ढांचे के पतन का उदाहरण बताया और कहा कि देश में समस्या पैसे, तकनीक या समाधान की नहीं, बल्कि जवाबदेही की कमी की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में युवराज मेहता की तस्वीर साझा की है। गौरतलब है कि युवराज मेहता गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थे और नोएडा में रहते थे। बीते शुक्रवार रात वह अपने घर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क के पास, घर से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर, उनकी कार (ग्रैंड विटारा) एक तीखे मोड़ के पास नियंत्रण खो बैठी और 20 फीट गहरे पानी से भरे‚गड्ढे‛ में गिर गई। इस हादसे में युवराज मेहता की मौत हो गई।



सेंसेक्स 82180.47
निफ्टी 25232.50



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रुख से मंगलवार को दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1065.71 अंक (1.28 प्रतिशत) गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी.50 सूचकांक भी 353 अंक टूटकर 25,232.50 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे हैं। सुबह गिरावट में खुलने के बाद सेंसेक्स का ग्राफ लगातार नीचे उतरता गया। एक समय यह 1,236 अंक टूट गया था। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कार्रवाई और बयानों से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों पर जबरदस्त दबाव रहा। बिकवाली इस कदर हावी रही कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक का शेयर ही हरे निशान में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में और अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप. 50 सूचकांक 2.73 प्रतिशत और स्मॉलकैप. 100 सूचकांक 2.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। रियलटी सेक्टर का सूचकांक पांच प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, ऑटो, आईटी और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में दो से तीन प्रतिशत तक की गिरावट रही। बिकवाली का दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,307 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,684 के शेयरों टूट गए जबकि 538 में तेजी रही। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः स्थिर रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.88 प्रतिशत, सनफार्मा का 3.68, बजाज फिनसर्व का 3.05, इंडिगो और इंडिगो का 3.04 प्रतिशत गिर गया। ट्रेंट में 2.89 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.83, एशियन पेंट्स में 2.75, टाटा स्टील में 2.50, अडानी पोर्ट्स में 2.40 और टेक महिंद्रा में 2.32 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, आईटीसी का 1.95, मारुति सुजुकी का 1.85, टीसीएस का 1.74, टाइटन का 1.67, एलएंडटी का 1.54 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.52 प्रतिशत लुढ़क गया।

### रुपया सात पैसे टूटा ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद

**मंबुई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को सात पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.97 रुपये का बोला गया। यह रुपये का अब तक का निचला बंद स्तर है। इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को यह बीच कारोबार में 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़कने के बाद 90.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा में यह लगातार पांचवीं गिरावट है। सोमवार को यह 11.25 पैसे टूटकर 90.90 रुपये प्रति डॉलर पर हुई थी। पांच दिन में यह 79.50 पैसे टूटी है। रुपया आज एक पैसे फिसलकर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 90.88 रुपये और नीचे 91.06 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 90.97 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में करीब एक प्रतिशत की नरमी से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली के कारण रुपया कुल मिलाकर दबाव में रहा।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में टिकाव रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 33 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 22 रुपये और मसूर दाल 17 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 26 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,120 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका सोया तेल का मार्च वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 52.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 27 रुपये और वनस्पति 22 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7780.62 रुपये, मसूर काली 8144.53 रुपये, मूंग दाल 10098.71 रुपये, उड़द दाल 10426.77 रुपये, तुअर दाल 10631.73 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.95 रुपये और चावल 3853.58 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4292.83 रुपये और गुड़ 4986.12 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17571.24 रुपये, मूंगफली तेल 17930.50 रुपये, सूरजमुखी तेल 16006.83 रुपये, सोया तेल 13783.71 रुपये, पाम ऑयल 12473.39 रुपये और वनस्पति 14464.97 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# दस फरवरी के बाद भी नहीं रद्द होगी उड़ान, इंडिगो ने डीजीसीए को बताया

**नई दिल्ली।** चालक दल के सदस्यों की तैनाती में ‘कुप्रबंधन’ के कारण पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करने वाली निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को बताया है कि उसके पास 10 फरवरी तक पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध होंगे और 10 फरवरी के बाद उड़ानें रद्द नहीं होंगी। डीजीसीए में पिछली साप्ताहिक बैठक के दौरान इंडिगो ने सोमवार को बताया कि उड़ानों की मौजूदा मंजूर संख्या के लिए डीजीसीए की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित छूट हटा लेने के बावजूद 10 फरवरी को पायलट की उपलब्धता को देखते हुए उड़ानें रद्द नहीं होंगी। उसने बताया कि 10 फरवरी को उसके पास एयरबस के 2,400 कमांड पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,280 पायलट की है। एयरबस के 2,240 को-पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,050 पायलट की है। विमानन नियामक ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इंडिगो ने डीजीसीए को आश्वस्त किया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर 10 फरवरी के बाद कोई उड़ान रद्द नहीं होगी। उसने कहा कि दिसम्बर में हुए संकट के बाद इंडिगो को छह दिसम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक के लिए फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित दो नियमों में विशेष छूट दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुर में...** पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और धीरे-धीरे अशोक राठी के सभी सगे संबंधी उनके मकान पर पहुंच गए। एसएसपी तिवारी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस मृतक अशोक राठी के स्वास्थ्य संबंधी मामलों की जानकारी लेने का काम कर रही है। उनका कहना था कि शुरुआती जांच और प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह सामूहिक आत्महत्या की घटना है। पुलिस ने मौके से लोडिड तीनों देशी तमंचों को भी कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। इस लोमहर्षक घटना से पूरा जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश सिहर गया। जनपद के आला अफसरों ने घटना की सूचना मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित अफसरों को भेज दी है। पुलिस इस घटना के पीछे कारणों की तलाश में हर एंगल से जुटी है।

# खड़गे ने खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें फंटियर गांधी के नाम से जाना जाता है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बाचा खान को शांति का प्रकाशस्तंभ बताया और कहा कि उनका जीवन और कार्य भारत तथा दक्षिण एशिया भर में लाखों लोगों को लगातार प्रेरित करता रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता खान अब्दुल गफ्फार खान को शांति और अहिसा के आजीवन समर्थक के रूप में याद किया गया। श्री खरगे ने भारत की आज़ादी में उनके अमूल्य योगदान और मानव गरिमा तथा सद्भाव के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को स्मरण किया। श्री खरगे ने यह भी बताया कि भारत रत्न से सम्मानित गफ्फार खान को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने सिद्धांतों के लिए बार-बार कारावास झेलना पड़ा। उन्होंने पश्तून नेता के कांग्रेस के साथ लंबे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे कई वर्षों तक कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य रहे और संविधान सभा के लिए भी निर्वाचित हुए। खड़गे ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि अहिंसा, सद्भाव और मानव गरिमा के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती है और हमें उन साझा मूल्यों की याद दिलाती है, जो हम सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ, वार्ता

■ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंकराचार्य हैं या नहीं


माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अब प्रदेश की भाजपा सरकार खुद यह तय करने पर उतारू हो गई है कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंक. राचार्य हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ सनातन परंपरा का अपमान है, बल्कि धर्माचार्यों की गरिमा पर सीधा हमला भी है। एक ओर जगद्गुरु शंकराचार्य को नोटिस भेजे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार और उसके नेता सनातन धर्म के नाम पर बड़े-बड़े भाषण देते नहीं थकते। यह साफ तौर पर सरकार की दो. हरी नीति को उजागर करता है। श्री राय ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस देश और प्रदेश में सत्ता में बैठे लोग खुद को‚हिंदू धर्म का रक्षक‛ बताते हैं, उसी शासन में एक प्रतिष्ठित धर्माचार्य की पहचान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह रवैया न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि भारतीय परंपराओं के भी खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि धर्म का सम्मान केवल मंचों से भाषण देकर नहीं होता, बल्कि अपने आचरण और व्यवहार से होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार धर्म को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है, लेकिन जब वास्तविक सम्मान की बात आती है, तो उसका चेहरा बेनकाब हो जाता है। अजय राय ने मांग की कि राज्य सरकार इस पूरे मामले पर अपना रुख स्पष्ट करे और धर्माचार्यों के सम्मान से जुड़े किसी भी कदम से पहले सनातन परंपराओं और धार्मिक मर्यादाओं का ध्यान रखे। गौरतलब है कि माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस में न्यायालईन आदेशों का हवाला देते हुए शंकराचार्य पद से जुड़े विवाद का उल्लेख किया गया है और मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आयोजन, शिविर या गतिविधि को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित वाद और पूर्व में पारित आदेशों के तहत विवादित विषय से जुड़े किसी भी प्रकार के आयोजन या प्रचार-प्रसार की अनुम. ति नहीं दी जा सकती।

CMYK

# यूसीसी का एक साल:अब तक मिले 5 लाख आवेदन

## मजबूत सुरक्षा तंत्र से एक भी मामले में नहीं हुआ निजता का उल्लंघन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत बीते एक साल में विभिन्न सेवाओं के लिए कुल पांच लाख से अधिक आवेदन हुए हैं, लेकिन एक भी मामले में निजता उल्लंघन की शिकायत नहीं आई है। इस तरह उत्तराखंड समान नागरिक संहिता, नागरिकों की निजी जानकारियां सुरक्षित रखने के अपने संकल्प पर शत प्रतिशत खरा उतरी है। यही नहीं ऑनलाइन आवेदन में पूरी प्रक्रिया फेसलेस होने से भी किसी की भी पहचान सार्वजनिक होने का खतरा नहीं है।

उत्तराखंड समान नागरिक सं‍ं. हता, लगभग शत प्रतिशत आवेदन यूसीसी पोर्टल के जरिए हो रहे हैं। इसमें आवेदक घर बैठे ही किसी भी सेवा के लिए आवेदन कर सकता है। इस तरह उन्हें किसी भी सरकारी कार्यालय या अधिकारी के सामने उपस्थित होने की जरूरत नहीं है।

समान नागरिक संहिता को लेकर कुछ लोगों ने शुरुआत में नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया। विगत एक साल में यूसीसी क्रियान्वयन ने ऐसे सभी लोगों को जवाब दे दिया है। समान नागरिक संहिता नागरिकों की निजता का शत प्रतिशत पालन करने में सफल रही है। साथ ही पूरे प्रदेश में जितनी सरलता से इस प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है, वो अपने आप में गुड गर्वनेंस का उदाहरण है।



इसके साथ ही पोर्टल में नागरिकों की निजी जानकारी को सुरक्षित और गोपनीय रखने के लिए मजबूत सुरक्षा प्रावधान किए गए हैं, यहां तक कि ऑनलाइन आवेदन यदि एक बार सक्षम स्तर के अधिकारी स्तर से मंजूर हो गया तो फिर, संबंधित अधिकारी भी आवेदन की निजी जानकारी नहीं देख पाता है। आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई निजी जानकारी तक सिर्फ आवेदक की ही पहुंच है, जो जरूरी वैरिफिकेशन प्रक्रिया के जरिए इसे देख सकता है। यही कारण है कि बीते एक साल में निजता उल्लंघन की एक भी शिकायत नहीं आई है। जबकि अब लोग विवाह पंजीकरण के साथ ही विवाह विच्छेद, वसीयत पंजीकरण, लिव इन पंजीकरण से लेकर लिव इन रिश्ते समाप्त करने तक के लिए यूसीसी प्रावधानों का प्रयोग कर रहे हैं। दूसरी तरफ औसत पांच दिन में प्रमाणपत्र मिलने से लोगों का समय भी बच रहा है।

### उत्तराखंड में 27 जनवरी को मनाया जाएगा यूसीसी दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में 27 जनवरी 2025 को यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हुआ था। 27 जनवरी 2026 को उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी लागू हुए पूरा एक साल हो जाएगा इस मौके पर धामी सरकार प्रदेश भर में बृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

राजधानी देहरादून में 27 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हालांकि 27 जनवरी से एक हफ्ते पहले ही 21 जनवरी से ही प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो जाएगा। समान नागरिक संहिता दिवस के अवसर पर जिलों में एक हफ्ते तक तमाम कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विशेष सचिव निवेदिता कुकरेती ने बताया कि उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हुए एक साल का वक्त पूरा होने जा रहा है। ऐसे में 27 जनवरी को राजकीय दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को एक हफ्ते का कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दे दिए गए है। इसी तरह प्रदेश में एक मुख्य कार्यक्रम भी देहरादून में आयोजित किया जाएगा। 27 जनवरी को हिमालय संस्कृति केंद्र में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में यूनिफॉर्म सिविल कोड की यात्रा से संबंधित फोटो गैलरी लगाई जाएगी। समान नागरिक संहिता दिवस के अवसर पर जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत, तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा और उन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 27 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में चित्रकला, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन और फाइनल डिस्कशन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# हाईकोर्ट से चर्चित ब्लागर ज्योति अधिकारी को राहत, गिरफ्तारी पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चर्चित ब्लागर ज्योति अधिकारी को बड़ी राहत दी है। हाल ही में उन्होंने देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया था, जिसके कारण उनके खिलाफ सात में से पांच मुकदमे दर्ज हुए थे। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए शीतआवकाशकालीन न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

साथ ही, कोर्ट ने राज्य सरकार से तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने ज्योति अधिकारी से यह भी कहा कि वे सोशल मीडिया पर की गई आपत्ति. जनक पोस्ट्स को तुरंत हटा दें, ताकि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। यह विवाद तब पैदा हुआ था जब ज्योति अधिकारी ने अंकिता भण्डारी हत्या मामले के दौरान प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल किया था। इसके परिणामस्वरूप सात मुकदमे दर्ज हुए, जिनमें से दो मामलों में उन्हें



जेल की सजा भी हुई थी। हाईकोर्ट में सरकार ने यह दावा किया कि ज्योति अधिकारी ने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जानबूझकर आपत्तिजनक शब्द कहे थे, जिससे पहाड़ की महिलाएं आहत हुईं। वहीं, याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्होंने सभी आपत्तिजनक पोस्ट्स हटा दी हैं और बाकी पोस्ट्स भी जल्द हटा दी जाएंगी। मामले के अनुसार, ब्लॉगर हल्द्वानी निवासी ज्योति अधिकारी के द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड के आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया और देहरादून में धरना प्रदर्शन करते वक्त देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ हाथ में दरांती लेकर गलत भाषा का चयन करके कथित रूप से अपमानजनक शब्द बोले गए. जिससे काफी विवाद उत्पन्न हो गया था. उनके द्वारा कहे गए शब्दों से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई. इससे क्षुब्ध होकर उनके खिलाफ हल्द्वानी समेत कई जगहों पर सात मुकदमे दर्ज हुए. जिनमें से उनको दो मुकदमों में जेल भी जाना पड़ा. बाकि, पांच मुकदमों में 20 जनवरी को उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कहा गया कि, उनके द्वारा देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्द अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए कहे गए. जिससे पहाड़ की महिलाएं आहत हुई. एक ब्लॉगर को ऐसे शब्द नहीं कहने चाहिए, जिससे किसी की आत्मा और भावनाओं को ठेस पहुंचे.

याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा सोशल मीडिया से ये पोस्ट हटा दी गई है. अन्य जो हैं, उन्हें भी हटा दिया जाएगा. 2 मुकदमों में वे 6 दिन की जेल की सजा काट चुकी हैं. इसलिए अन्य पांच केसों में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए।

### सोनानदी रेंज में मिला हाथी के बच्चे का शव

**कोटद्वार।** सोनानदी रेंज के अंतर्गत कालागढ़ पश्चिमी बीट, नलकट्टा ब्लाक, कक्ष संख्यादृ8 के क्षेत्र में नदी में एक हाथी के बच्चे का शव बहते हुए नीचे आया, जो नदी किनारे दुर्गम क्षेत्र में फँसा हुआ था। सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुँची एवं स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में हाथी के बच्चे की आयु लगभग 3-4 वर्ष आंकी गई। घटनास्थल के आसपास किसी भी प्रकार की अवैध शिकार अथवा संदिग्ध गतिविधि के कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए रेंज अधिकारी सोनानदी राजेन्द्र चकरायत व अन्य क्षेत्रीय वन अधिकारियों तथा पशु चिकित्साधिकारियों को मौके पर बुलाया गया।

डॉ दुष्यंत शर्मा एवं डॉ राहुल सती द्वारा चिकित्सकीय पोस्टमार्टम किया गया तत्पश्चात नियमानुसार शव का सुरक्षित निस्तारण किया गया। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जा रही है एवं वन्यजीव संरक्षण तथा मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# दूसरे राज्यों में सांसद निधि लुटाना जनता से धोखा: गोदियाल

**भाजपा सांसदों ने सांसद निधि दूसरे राज्यों में खर्च की, कांग्रेस ने उठाए सवाल**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के गांव आज भी पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के सांसद अपनी सांसद निधि का बड़ा हिस्सा दूसरे राज्यों में खर्च कर रहे हैं, ये खुली लूट है और इसका हिसाब उनको देना होगा यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का।

गोदियाल के अनुसार सूचना के अधिकार से सामने आई जानकारी के अनुसार भाजपा सांसदों ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों में ट्यूबवेल, स्कूल, सामुदायिक भवन, सड़क और जल निकासी जैसे कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए, जबकि उत्तराखंड के गांव आज भी विकास



से वंचित हैं। यह उत्तराखंड की जनता के साथ खुला विश्वासघात है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि "उत्तराखंड के लोग पूरे देश में रहते हैं यह तर्क देकर भाजपा सांसद अपने कर्तव्यों से भाग नहीं सकते। उन्हें याद रखना चाहिए कि उन्हें सांसद उत्तराखंड की जनता ने चुना है, किसी और राज्य की नहीं।" गोदियाल ने कहा कि देहरादून, टिहरी, अल्मोड़ा, पौड़ी, चमोली जैसे क्षेत्रों में आज भी सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा बदहाल है, लेकिन भाजपा सांसदों की प्राथमिकता उत्तराखंड नहीं, बल्कि राजनीतिक हित हैं। कांग्रेस मांग करती है कि, सांसद निधि का पूरा उपयोग उत्तराखंड के विकास के लिए किया जाए। जनता के साथ हुए इस विश्वासघात पर भाजपा सांसद जवाब दें। केंद्र सरकार सांसद निधि के दुरुपयोग की जांच कराए। गोदियाल ने कहा उत्तराखंड की देवतुल्य जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब जरूर देगी।

### कणवाश्रम महोत्सव शुरू

**कोटद्वार।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत झंडाचौक में मेयर शैलेन्द्र सिंह ने द्वारा कण्वाश्रम महोत्सव का शुभारंभ हरीझंडी दिखाकर किया। मंगलवार को कण्वाश्रम महोत्सव के शुभारंभ पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया जिसकी सलामी मेयर कोटद्वार शैलेन्द्र सिंह रावत द्वारा ली गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र रावत ने कहा कि प्रभातफेरी के माध्यम से बच्चों द्वारा हमारी विरासत, ऋषि परंपरा एवं सामाजिक चेतना का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।यह आयोजन न केवल कण्वाश्रम महोत्सव के भव्य शुभारंभ का प्रतीक है।

# शिक्षा विभाग में पदोन्नति के बाद अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**संयुक्त निदेशक पद पर 5 तो उप निदेशक पद पर 4 अधिकारी पदोन्नत, विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने तैनाती प्रस्ताव को दी मंजूरी**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद पर कार्यरत पांच अधिकारियों को पदोन्नति के उपरांत संयुक्त निदेशक पद पर नई जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार खण्ड शिक्षा अधिकारी से पदोन्नत हुये चार अधिकारियों को उप निदेशक पद पर नई तैनाती दी गई है।

जबकि विभिन्न जनपदों में तैनात संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारियों को विभिन्न रिक्त पदों के सापेक्ष अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस संबंध में शासन के तैनाती प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने संस्तुति दे दी है।शिक्षा विभाग म पिछले दिनों उप निदेशक स्तर के आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों को डीपीसी के उपरांत पदोन्नति दी गई थी। जिनमें अत्रेश सयाना, आशुतोष भण्डरी, नागेन्द्र बर्त्वाल, कमला बड़वाल, हरक राम कोहली शामिल थे। पदोन्नति के बाद शासन ने सभी को नई तैनाती दे दी है। जिसमें अत्रेय सयाना को मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी, अशुतोष भण्डारी व नागेन्द्र बर्त्वाल को संयुक्त निदेशक (प्राथमिक) शिक्षा निदेशालय, कमला बड़वाल को मुख्य शिक्षा अधिकारी टिहरी व हरक राम कोहली को मुख्य शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा की जिम्मेदारी दी है।

जबकि प्राचार्य डायट गोपेश्वर आक. ाश श्रीवास्तव को मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार प्राचार्य डायट रूद्रप्रयाग सी.पी. रतूण्ड़ी को सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, तरूण पंत जिला शिक्षा अधिकारी

शिक्षा विभाग में अधिकारियों एवं शिक्षकों को ससमय पदोन्नति देने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत हाल ही में सम्पन्न डीपीसी के उपरांत आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों को पदोन्नति के बाद नई जिम्मेदारी दी गई है। इन अधिकारियों की तैनाती से विभागीय कार्यों को गति मिलने के साथ ही शिक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। -



**डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड।**

(प्राथमिक) पिथौरागढ़ को मुख्य शिक्षा अधिकारी पिथौरागढ़ व अमित कोठियाल जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) उत्तरकाशी को मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद से पदोन्नत चार अधिकारियों को उप निदेशक पद पर नई तैनाती दी गई है। जिसके तहत नरेश कुमार को जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) हरिद्वार के पद पर तैनाती के साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी, हरिद्वार का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जबकि अमित कुमार को जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) हरिद्वार, हिमांशु नौगांई को जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) पिथौरागढ़, तथा अंशुल बिष्ट को जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) पौड़ी का दायित्व सौंपा गया है। विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने शासन द्वारा प्रस्तुत अधिकारियों के तैनाती प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है साथ ही उन्होंने तैनाती आदेश शीघ्र जारी कर के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्य में जीत की हैट्रिक लगाएगी भाजपा : भट्ट**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा परिवार ने नितिन नबीन के नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जश्न मनाया है। खुशी के इस मौके पर कार्यकर्ताओं के नाम भेजे अपने संदेश में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि नबीन का नेतृत्व, कार्यकर्ताओं में युवा जोश और चुनावी जीत की नई इबारत का सृजन करेगा।

जीत का यह सिलसिला, 27 के उत्तराखंड चुनाव में भी विजयी हैट्रिक के साथ कायम रहेगा।राजधानी के बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा 12 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने पर एकदूसरे को



मिष्ठान खिलाकर बधाई का आदान प्रदान किया। उन्होंने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन के नेतृत्व में भाजपा को नई ऊंचाई पर ले जाने का विश्वास जताया। महेंद्र भट्ट ने नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए पार्टी के नई ऊंचाई छूने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा में ही संभव है कि जहां कार्यकर्ता अपने पुरुषार्थ और नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी के शीर्ष पर पहुंच सकता है। उनकी राजनीतिक यात्रा का अनुभव एवं कौशल करोड़ों कार्यकर्ताओं और वैचारिक समर्थकों में नए उत्साह का सृजन करेगा। नबीन के नेतृत्व में भाजपा 2027 में हैट्रिक लगाएगी। पार्टी मुख्यालय में इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार के साथ प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, सरकार में दायित्वधारी मुकेश कुमार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, बलजीत सोनी, डॉ दिव्या नेगी, शकुंतला, चंडी प्रसाद बेलवाल, हरीश चमोली, अनूप रावत समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजद थे।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़:** गंगोलीहाट तहसील मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर दूर ग्राम बोयल जनपद पिथौरागढ़ में एक स्विफ्ट कार संख्या यूके-05 टीए-5117 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग एक किमी नीचे खाई में नीचे में गिर गयी।

इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कैलाश जोशी व एस आई नरेंद्र पाठक के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची व रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।ग्रामीणों की मदद से कार में सवार शिवनाथ पुत्र प्रेम नाथ उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी बोयल को खाई से निकालकर 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोलीहाट भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाते लाते शिवनाथ पुत्र प्रेमनाथ की मौत हो गई।

**गंगोलीहाट तहसील मुख्यालय के पास हुआ हादसा, मौके पर पहुंची पुलिस ने चलाया रेस्क्यू अभियान**

चालक भोपाल सिंह पुत्र शेर सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम बोयल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में वाहन के परखच्चे उड़ गए। पुलिस दोनों लोग स्थानीय चौपाता कस्बे से अपने घर बोयल की ओर जा रहे थे। घर पहुंचने से पूर्व ही यह दुर्घटना घट गई।

गंगोलीहाट कोतवाल कैलाश चंद्र जोशी ने बताया पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोलीहाट पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

# प्रदेश के बजट का 30 फीसदी हो महिलाओं के लिए : रेखा आर्या

**बजट से पहले मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दिया सुझाव**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश के बजट का 30 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षित करने का सुझाव दिया है। इस बारे में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में लगभग दो दशक से जेंडर बजटिंग की व्यवस्था लागू है, लेकिन शुरू में इसमें बजट का



कम हिस्सा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 5 साल में हर बार जेंडर बजट को बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को सही अर्थों में सशक्त बनाने और आर्थिक-सामाजिक रूप से उनके हाथ मजबूत करने के लिए ज्यादा धन की आवश्यकता है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि आगामी बजट में महिला केंद्रित योजनाओं के लिए 30 फीसदी धन आरक्षित किया जाना चाहिए और हर विभाग में इस नीति का अनुपालन भी निश्चित किया जाए।

गौरतलब है कि उत्तराखंड में जेंडर बजटिंग पिछले 5 वर्षों (2021-22 से 2025-26) में कुल बजट का औसतन 14-16 फीसदी हिस्सा रहा है 2021-22 में लगभग 12 फीसदी था, जो 2022-23 में फीसदी पहुंचा। 2023-24 में जेंडर बजट 14 फीसदी के आसपास रहा, जबकि 2024-25 में 16 फीसदी आवंटित हुआ। 2025-26 में कुल 1,01,175 करोड़ के बजट में जेंडर बजट का हिस्सा करीब 17 फीसदी था।

# पद्म भूषण डॉ. जोशी पर लगा वन भूमि कब्जाने का आरोप

**इसरो, भुवन और गूगल अर्थ के उपग्रह साक्ष्य बने आधार ,एडवोकेट संदीप चमोली ने की विभाग को शिकायत ,वन विभाग ने बनाई टीम, आज होगी जांच**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून वन प्रभाग के अंतर्गत आर्केडिया बीट, आशारोड़ी रेंज स्थित आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर एक अत्यंत गंभीर शिकायत सामने आई है।

शिकायतकर्ता संदीप मोहन चमोली की ओर से प्रभागीय वन अधिकारी, देहरादून को दिए गए शिकायती पत्र में देश के चर्चित पर्यावरणविद्, पद्म भूषण (2020) एवं पद्मश्री (2006) से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी पर आरक्षित वन भूमि पर अवैध कब्जा कर संस्थान संचालन, भवन और सड़क निर्माण जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत में आरोप है कि डॉ. जोशी की और से स्थापित संस्था हिमालयी पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन (हेस्को) के नाम पर वर्षों से वन कानूनों की अनदेखी करते हुए संरक्षित वन क्षेत्र का



निरंतर उपयोग और विस्तार किया गया।

आशारोड़ी रेंज के अंतर्गत आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग के साथ संयुक्त स्थलीय सर्वेक्षण का निर्णय लिया गया है। 21 जनवरी 2026 को निर्धारित समय पर संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में स्थल निरीक्षण किया जाएगा। यदि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण पाया जाता है, तो वन अधिनियम के तहत सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। वन भूमि का संरक्षण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है...

**नीरज कुमार ,प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग।**

## उपग्रह साक्ष्यों से खुली परतें

शिकायत के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के भुवन पोर्टल तथा गूगल अर्थ के वर्ष 2011, 2013, 2024 और 2025 के तुलनात्मक उपग्रह चित्र संलग्न किए गए हैं। इन चित्रों में स्पष्ट रूप से यह दर्शाया गया है कि किस प्रकार समय के साथ आरक्षित वन क्षेत्र के भीतर हेस्को परिसर, भवन संरचनाएं और सड़कें विकसित होती गईं। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि उपग्रह मानचित्रों में दर्शाया गया निर्माण वास्तव में अधिसूचित वन भूमि के भीतर पाया जाता है, तो मामला केवल प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि गंभीर आपराधिक वन अपराध की श्रेणी में आता है।

## कानूनी विश्लेषण: किन धाराओं के तहत बनता है मामला?

**देहरादून।** वन संरक्षण अधिनियम, 1980 की धाराख्2 के अनुसार मामला बनता हैं। जिसमें कहा गया है कि, किसी भी आरक्षित या संरक्षित वन भूमि का गैर-वन प्रयोजन हेतु उपयोग, निर्माण, सड़क, भवन या संस्थागत गतिविधि केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना अवैध है। शिकायत में कहीं भी केंद्र सरकार की अनुमति का उल्लेख नहीं है। यदि अनुमति नहीं ली गई, तो यह सीधा उल्लंघन है। वहीं भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 और 33 के तहत, आरक्षित वन में अनधिकृत कब्जा, निर्माण, भूमि उपयोग परिवर्तनदंडनीय अपराध है। इसमें जुर्माना, कारावास, अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण तक का प्रावधान है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986, यदि पर्यावरणीय स्वीकृति के बिना निर्माण हुआ है, तो, अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत 5 वर्ष तक की सजा या जुर्माना अथवा दोनों संभव हैं।सुप्रीम कोर्ट ने टी.एन. गोदावर्मन बनाम भारत संघ सहित अनेक मामलों में स्पष्ट किया है कि: "वन भूमि पर किसी भी प्रकार की गतिविधि, चाहे वह सामाजिक, शैक्षणिक या पर्यावरणीय संस्था द्वारा ही क्यों न की जा रही हो, केंद्र सरकार की अनुमति के बिना अवैध मानी जाएगी।" इस दृष्टि से देखें तो संस्था का उद्देश्य कानून के उल्लंघन का बचाव नहीं बन सकता।

## अंकिता भंडारी प्रकरण से भी जुड़ा रहा नाम

**देहरादून।** डॉ. अनिल प्रकाश जोशी हाल ही में अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े एक अन्य प्रकरण में भी चर्चा में आए थे, जब उनकी शिकायत पर सीबीआई जांच होने की बात सामने आई थी।



## सीएम धामी ने की भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू

■ जिला स्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जनप्रति. निधियों की एक महत्वपूर्ण समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान यात्रा से संबंधित प्रारंभिक तैयारियों, आवश्यक व्यवस्थाओं, विभागीय दायित्वों, बीकेटीसी, हक-हकूदारों तथा जनप्रतिनिधियों की ओर से दिए गए सुझावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यात्री सुविधाएं, सड़क एवं पैदल मार्गों की स्थिति, पार्किंग व्यवस्था, डंडी-कंडी एवं घोड़ा-खच्चर संचालन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, आवास, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तथा संचार व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग की सड़कों की स्थिति, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में ट्रीटमेंट कार्यों तथा रूट डायवर्सन पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रा से पूर्व सभी आवश्यक ट्रीटमेंट कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही एनएच विभाग को सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जहां भी डायवर्सन की आवश्यकता हो, वहां स्पष्ट साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

यात्रा के दौरान पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। जिन स्थलों पर स्थानीय




महिलाएं पार्किंग संचालन कर रही हैं, वहां पार्किंग से होने वाली आय का 50 प्रतिशत स्थानीय समूहों एवं 50 प्रतिशत प्राधिकरण को प्राप्त होने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त गौरीकुंड में श्रद्धालुओं के स्नान को लेकर महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था करने को कहा।

डंडी-कंडी संचालन से जुड़ी व्यवहारिक चुनौतियों के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी ऊखीमठ की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति में स्थानीय थाना प्रभारी, समाज कल्याण अधिकारी, एडीओ पंचायत तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

बैठक में घोड़ा-खच्चर संचालन पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व ही बैरिकेडिंग की जाएगी ताकि बिना पंजीकरण वाले घोड़ा-खच्चर यात्रा मार्ग में सम्मिलित न हो सकें। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए, विशेष रूप से मोबाइल चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण एवं टेंटों में ठहरने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर निर्देश दिए कि प्रत्येक सुलभ शौचालय में एक सफाई कर्मी तैनात रहेगा।

जिलाधिकारी ने सभी स्टेकहोल्डर्स से यात्रा को लेकर अभी से योजनाबद्ध तरीके से आपसी समन्वय के साथ कार्य प्रारंभ करने का आह्वान किया।

साथ ही आपदा की दृष्टि से संवे. दनशील क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक एहतियाती उपाय समय रहते सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, पेयजल, विद्युत, नगर निकाय, पर्यटन, परिवहन, आपदा प्रबंधन सहित सभी संबंधित विभागों की ओर से अपने-अपने दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल ने कहा कि श्रद्धालु जिस आस्था और भाव के साथ बाबा केदार के दर्शन को आते हैं, उन्हें उसी भाव के साथ दर्शन कराए जाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से आपसी सहयोग के साथ यात्रा के सफल संचालन का आह्वान किया।

इस दौरान जिपंअ पूनम कठैत, नगर पंचायत अध्यक्ष गुप्तकाशी विशेश्वरी देवी, नपं अध्यक्ष ऊखीमठ कुब्जा धर्मवान, जिपंस अमित मैखंडी, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, उपजिलाधिकारी जखोली अनिल रावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे, खण्ड विकास अधिकारी ऊखीमठ अनुष्का, अधिशासी अभियंता लोनिवि ऊखीमठ आरपी नैथानी सहित अन्य मौजूद थे।

# सीयूईटी के लिए गढ़वाल विवि चला रहा जागरूकता अभियान

■ इंटर कालेज खिर्सू और कीर्तिनगर में छात्रों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश के विद्यार्थियों को जागरूक करने एक विशेष जन-जागरूकता अभियान चला रहा है। गढ़्वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं के निर्देशन में गढ़वाल विद्यालय के संकाय सदस्यों की चार टीमें गढ़वाल मण्डल के जनपद रूद्रप्रयाग एवं चमोली के विभिन्न दूरस्थ राजकीय एवं निजी इण्टरमीडिएट कॉलेजों का 24 जनवरी तक भ्रमण कर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को सीयूईटी से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करेंगी। मंगलवार को विकासखण्ड खिर्सू एवं कीर्तिनगर के अन्तर्गत इण्टरमीडिएट कॉलेजों के प्रधानाचार्यों के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर स्नातक स्तर पर सत्र 2026-27 में प्रवेश के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गयी। प्रो. गुसाईं ने कहा कि उच्च शिक्षा में पारदर्शिता, समानता और एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से देशभर के केंद्रीय, राज्य, निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एनटीए द्वारा आयोजित की जा रही है।

सीयूईटी जागरूकता अभियान में डॉ. सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, डॉ. गंभीर सिंह कठैत, डॉ. वरूण बर्थवाल, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. अनूप सेमवाल, डॉ. बालकृष्ण बधानी सहित आदि मौजूद थे।

# पीजी कॉलेज में शोध प्रविधि विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ

■ प्रो. पंत ने 'अनुसंधान अभिविन्यास' विषय पर दिया व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्तरकाशी में संस्कृत विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शोध प्रविधि विषय पर आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ।

कार्यशाला के प्रथम दिवस मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज पंत उपस्थित रहे, जिन्होंने 'अनुसंधान अभिविन्यास' विषय पर व्याख्यान दिया।

आगामी दिनों में कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ता अपने विषयों पर व्याख्यान देंगे। इनमें प्रो. एन. एस. बोहरा (ग्राफिक एरा विश्व. विद्यालय),प्रो. दीपक कौशल (ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय) , डॉ. पियाली आचार्य (दिल्ली विश्वविद्यालय),डॉ. पंकज कुमार मिश्रा (सेंट स्टीफेन्स कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) , डॉ. जे. बेनेट राजदुरई (गुरु नानक विश्वविद्यालय, चेन्नई) अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

कार्यशाला के अंतिम दिवस समापन सत्र आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला की आयोजन समिति में डॉ. अनामिका क्षेत्री (संयोजक), डॉ. शिक्षा (सह-संयोजक), डॉ. नरेंद्र कुमार जांगीड़, डॉ. प्रदीप पेटवाल, श्रीमती सोनम भट्ट, सुभाष चंद्र व्यास , विनोद कुमार शामिल हैं।

# सैन्य सम्मान के साथ शहीद रविन्द्र को दी अंतिम विदाई

■ बड़े भाई दिगंबर और छोटे भाई राहुल ने दी मुखाग्नि

■ रविन्द्र अमर रहे के नारों से गुंजा रुद्रप्रयाग संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अरुणाचल प्रदेश में मातृभूमि की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद हवलदार रविन्द्र सिंह (36) को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। आगर, दशज्यूला क्षेत्र के रहने वाले शहीद हवलदार रविन्द्र सिंह 15 गढ़वाल राइफल्स में तैनात थे। अरुणाचल के अलोंग में ही भारत मां की सेवा करते हुए वे शहादत को प्राप्त हो गए। अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं।

शहीद जवान का पार्थिव शरीर सोमवार रात्रि में रुद्रप्रयाग आर्मी कैंप



लाया गया। जहां से मंगलवार को सुबह 7 बजे, पूरे सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गांव आगर, दशज्यूला ले जाया जाएगा, जिसके बाद रुद्रप्रयाग संगम पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। जहा उनके बडें भाई दिगंबर राणा और छोटे भाई राहुल राणा ने मुखाग्नि दी।

रुद्रप्रयाग संगम में अंत्येष्टि के दौरान क्षेत्र वासियों, स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और केदारनाथ विधायक ने अंतिम विदाई में सम्मिलित हुए। अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुई केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि इस शोक की घड़ी में हमारी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। कहा, रविंद्र के परिवार. जनों को जानती हूं और उनके पिता भी गांव की सेवा में लगे रहते हैं। कहा, भगवान केदारनाथ से प्रार्थना है कि भारत माता के वीर सपूत रविन्द्र सिंह के परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे। वहीं गांव वासियों ने बताया कि इस दुखद घटना से सम्पूर्ण क्षेत्र में मातम पसरा है। हर कोई इस घटना से दुखी है।

जिला पंचायत सदस्य सारी जयवर्धन कांडपाल ने बताया कि रविन्द्र सिंह वर्ष 2008 में 15 गढ़वाल में भर्ती हुए थे। रविन्द्र मुधर व्यवहार के साथ ही गांव के सभी लोगों के प्रिय थे। उन्होंने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रविन्द्र की शहादत से हर कोई दुखी है। उन्होंने देश की सेवा करते हुए वीरगति पाई है किंतु उनके जाने से गांव ही नहीं सम्पूर्ण जनपद में शोक की लहर है और हर कोई दुखी है।

## एक नजर .......

### बूथ कमेटियों के गठन पर किया मंथन

**गौचर।** आगामी विधानसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए कर्ण प्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर कांग्रेस कमेटी गौचर ने एक आवश्यक बैठक की जिसमें विधानसभा प्रभारी संदीप कुमार पटवाल व ईश्वर बिष्ट ने बूथ कमेटियों का गठन के साथ सेक्टर प्रभारियों की



नियुक्ति की प्रभारी द्वारा चुनाव तैयारी और नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी की गतिविधियों एवं सांगठनिक विस्तर पर चर्चा की गई। विधानसभा प्रभारी द्वारा पूरे विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार की बैठक की जाएंगे साथ ही गौचर नगर को दो सेक्टर में बांटा गया है पहले सेक्टर बूथ संख्या 7 8 11 जिस में अनीता चौहान को सेक्टर प्रभारी वह दूसरा सेक्टर बूथ संख्या 9 10 12 को जिसके सेक्टर पर भारी सभासद विनोद कनवासी को नियुक्त किया गया है इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष संदीप नेगी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुकेश नेगी मनोज नेगी विनोद बनवासी गौरव कपूर जगदीश कनवासी लीला रावत अनीता चौहान प्रकाश चौधरी रजनी लिगवाल सहित बडी संख्या मे कांग्रेसी जन मौदूज थे।

### थानाध्यक्ष बड़कोट दीपक कठैत को दी भावभीनी विदाई




**उत्तरकाशी।** बड़कोट थानाध्यक्ष दीपक कठैत को मंगलवार विदाई दी गई। दीपक कठैत का थाना पुरोला में स्थानांतरित हुआ है। थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस सहकर्मियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने माल्यार्पण कर विभिन्न उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि 17 महिनों के जन सहयोग से थाने का कायाकल्प हुआ, जिसका लाभ आने वाले अधिकारियों को भी मिलेगा।

वहीं इस दौरान बड़कोट के नव नियुक्त थानाध्यक्ष एस आई सुभाष चंद्र ने भी अपना पदभार ग्रहण किया है । इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष बड़कोट अतोल सिंह रावत, व्यापार मंडल के अध्यक्ष धनवीर सिंह रावत, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह पयाल, श्रीमती कृष्णा राणा, प्रवीण रावत, नगरपालिका सभासद रोहित, संजीव राणा, मंडल अध्यक्ष प्रवीण असवाल, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष राजा राम जगूडी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### माघ मेले का हुआ दो दिनों का विस्तार

**उत्तरकाशी।** पौराणिक माघ मेला (बाराहाट कू थौलू) उत्तरकाशी में दो दिनों का ओर विस्तार किया गया है। मंगलवार जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने बताया कि माघ मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 जनवरी तक

आयोजित होंगे , लेकिन मेले में आये व्यापारियों को नुकसान न हो इसके लिए दो दिनों का विस्तार किया गया यानि मेला आगामी 24 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मेले में सरकारी स्टाल, झूला, चरखी, आदि सभी मंनोरंजन के सादन आगामी 24 जनवरी तक जारी रहेंगे। इधर मेले विस्तार से व्यापारियों में भी खुशी की लहर है। उन्होंने जिला पंचायत और स्थानीय प्रशासन का आभार जताया है।

### 30 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**रुद्रप्रयाग।** उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी की अध्यक्षता राइंका खेड़ा खाल में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में 30 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से सभी का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए उपजिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को कम कर आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने सूचना एवं सेवा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, लाभकारी कार्यक्रमों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाते हुए उनका लाभ लेने की इच्छा भी व्यक्त की।

# 18 सूत्री मांगों के निराकरण को लेकर बैठक आयोजित

**कोटद्वार।** 18 सूत्री मांगों के निराकरण को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वन विभाग कार्यालय कोटद्वार में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई ।

बैठक में राकेश तिवारी ने कहा की प्रदेश सरकार को कर्मचारियों की मुख्य मांग 10, 16 और 26 साल में एसीपी की बहाली, गोल्डन कार्ड, वेतन विसंगति दूर करने हेतु गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, पदोन्नति में शिथलीकरण का लाभ देने, पुरानी पेंशन बहाली सहित कई मांगों का शासनादेश शीघ्र जारी करने की मांग की।

# रूद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी का वीडियो वायरल

■ अधिकारियों को लेकर दिए बयान पर मचा बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** भाजपा विधायक भरत सिंह चौधरी का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे अधिकारियों को लेकर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में विधायक यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि "जो अधिकारी मेरी नहीं सुनेगा, वह मेरे जूते की सुनेगा।" विधायक का यह बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं और यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि यह वायरल वीडियो करीब एक सप्ताह पुराना है, जो जनपद की बड़मा पट्टी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान का है। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि बड़मा क्षेत्र में सैनिक स्कूल बनाए जाने की घोषणा करने वाले नेता अब गायब हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल भले ही न बन पाए, लेकिन बड़मा में वेटनरी मेडिकल कॉलेज अवश्य बनाया जाएगा।

इस दौरान विधायक ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक रूद्रप्रयाग डॉ. हरक सिंह रावत पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने कहा था "आ गया हरक, पड़ गया फरक" वे अब नजर नहीं आते। विधायक ने दावा किया कि पिछली बार जनता ने उन्हें 30 हजार से अधिक वोटों से जिताया था और आगामी चुनाव में वे 40 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। हालांकि, वीडियो में अधिकारियों को "जूते की नोक पर रखने" जैसे शब्दों का प्रयोग किए जाने को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में नाराजगी देखी जा रही है। सोशल मीडिया पर कई लोग इसे जनप्रतिनिधि की गरिमा के खिलाफ बता रहे हैं।

वायरल वीडियो को लेकर विधायक भरत सिंह चौधरी का कहना है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उनका कोई वीडियो वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब विधायक किसी विवाद को लेकर सुर्खियों में आए हों। पिछले वर्ष तिलनी क्षेत्र में महिलाओं के साथ उनकी नोकझोंक का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उस दौरान क्षेत्र में हुई एक दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग लगातार सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। घटना के कारण लगे जाम में विधायक फंस गए थे, जिसके बाद मौके पर मौजूद महिलाओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। इसके अलावा अगस्त्यमुनि में स्टेडियम निर्माण को लेकर दिए गए उनके बयान पर भी वे पहले ट्रोल हो चुके हैं।

अब एक बार फिर अधिकारियों को लेकर दिए गए बयान ने रूद्रप्रयाग जिले के राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है।

# श्रीनगर को हॉर्न फ्री जोन बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र कि जनता को ध्वनि प्रदूषण से राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित व सुचारु बनाने की दिशा में नगर निगम श्रीनगर ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में श्रीनगर को हॉर्न फ्री जोन एवं नो ओवरटेकिंग जोन घोषित करने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया।बैठक में परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम के सम्मानित पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान यह सामने आया कि शहर में वाहनों द्वारा प्रेशर हॉर्न का अत्यधिक प्रयोग आम जनमानस, विद्यार्थियों, मरीजों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

# गेट मीटिंग कर आंदोलन के लिए जागरूक किया

■ वेतन विसंगति को दूर करने की गठित समिति की रिपोर्ट हो सार्वजनिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व निर्धारित प्रथम चरण के आंदोलन के तहत गेट मीटिंग की गई है।

मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय चिन्यालीसौड़ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा उत्तरकाशी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पंवार एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में गेट मीटिंग की गई। प्रकाश पंवार ने कहा कि शासन व सरकार की ओर से कर्मचारियों की लगातार अनदेखी की जा रही है। 18 सूत्री मांगों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण में गेट मीटिंग कर जागरूक किया गया रहा है। गेट मीटिंग में विभिन्न विभागों ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज, समाज कल्याण, सहकारिता, सांख्या विभाग, मनरेगा कार्मिक, आउटसोर्स कार्मिक, उपनल कार्मिक, कृषि, उद्यान, बाल विकास के कार्मिको जिसमें देव सिंह नेगी, सुनील अग्निहौत्री, प्रमोद चन्द रमोला, कुलवीर सिंह, बिजेन्द्र जगूडी, मदन सिंह, विनोद पंवार, अंशुल रावत, विवेकानन्द पंत, रंजिता राणा, प्रतिमा बिष्ट, अनीता मेहर, सुनील चौहान, शैलेष भट्ट, अर्जुन सिंह, आरती जगूडी, मुकुल कन्वाल, कैलाश लाल आदि कर्मचारी शामिल हुए।

# महिलाओं ने पेश की आत्मनिर्भरता की मिसाल

■ जूट यूनिट के माध्यम से संवारा भविष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऊखीमठ विकासखंड अंतर्गत सारी गांव में देवरियाताल ग्राम संगठन के तहत जीवन ज्योति सीएलएफ के माध्यम से संचालित जूट यूनिट महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल बनकर उभरी है। यूनिट का सफल संचालन न केवल ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करा रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रहा है।

जूट यूनिट में अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से स्थानीय




महिलाएं जूट से विभिन्न प्रकार के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर रही हैं। यहां स्कूल बैग, कैरी बैग, महिलाओं के लिए आकर्षक जूट पर्स सहित अन्य उपयोगी उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है।

वर्तमान में यूनिट में गांव की कुल 10 महिलाएं एक साथ मिलकर कार्य कर रही हैं, जिससे उन्हें नियमित रोजगार के साथ-साथ सम्मानजनक आय भी प्राप्त हो रही है।

सारी गांव की महिला सदस्य प्रेमा देवी और पूजा नेगी ने बताया कि जूट यूनिट के स्थापित होने से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया। पहले उनका दायरा केवल घर के कामों तक सीमित था, लेकिन अब वे हुनरमंद बनकर आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। यूनिट में काम करने से उन्हें न केवल रोजगार मिला है, बल्कि घर की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इससे उनके आत्मविश्वास में भी इजाफा हुआ है और वे अपने परिवार की आर्थिक मजबूती में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

ऊखीमठ ब्लॉक की खंड विकास अधिकारी अनुष्का ने बताया कि जूट यूनिट के माध्यम से महिलाएं स्कूल बैग, कैरी बैग सहित अन्य जूट उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। इससे उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वे स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना में राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन और ग्रामोत्थान मिशन की मदद से यूनिट खोली गई। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस यूनिट को और विस्तार देने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ा जा सके।

# ध्याणि बल कैमरा का बीच फोटो की मशीन... पर थिरके दर्शक

■ माघ मेले की छठी गीत सांध्य रही प्रीतम भरतवाण के नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** माघ मेला में आयोजित सात दिवसीय की सांस्कृतिक संध्या पर जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण के गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। जागर सम्राट ने ध्याणि बल कैमरा का बीच फोटो की मशीन..., सुंदरा छोरी, गजिमाला, किमसारी हाट मां गीतों और जागरों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

माघ मेला बाराहाट कू थौलू उत्तरकाशी में सांस्कृतिक संध्या के बतौर मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान और जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने दीप जलाकर



शुभारंभ किया। भूपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मेले आपसी मेलजोल बढ़ाने और पौराणिक संस्कृति को आगे बढ़ने का सबसे बेहतर माध्यम हैं। माघ मेला भी थौल-मेलों, संस्कृति के संरक्षण को आगे बढ़ाने पर काम कर रही है। पद्मश्री जागर सम्राट भरतवाण की प्रस्तुतियों को सुनने के लिए लोग देर शाम से पांडाल में जुटने शुरू हो गए थे। करीब रात साढ़े आठ बजे प्रीतम पांडाल में पहुंचे, दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने जागर सम्राट को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष पुरोला बिहारी लाल, पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय, पालिका के सभासद, जिला पंचायत सदस्य विजय बंधानी, श्रीमती बिना चौहान, दीपेन्द्र कोहली, कविता शाह, पावन दास, भाजपा नेता पवन नौटियाल आदि मौजूद थे। मंच का संचालन अनिल रतूड़ी ने किया।

# महड में दो दिवसीय फ्रूट प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्त्यमुनि अंतर्गत ग्राम महड में ग्रामोत्थान परियोजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। शिव शक्ति स्वायत्त सहकारिता, महड में समूह की महिलाओं को फ्रूट प्रोसेसिंग का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुभारंभ हुआ। ग्रामोत्थान परियोजना के वित्तीय सहयोग से शिव शक्ति स्वायत्त सहकारिता में फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में एक सामुदायिक उद्यम की स्थापना की गई। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए फ्रूट प्रोसेसिंग प्रशिक्षण एक प्रभावी माध्यम है।

# सैण से मंदार तक गूंजे मनरेगा बचाओ के नारे

■ विधायक विक्रम नेगी ने केंद्र को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्वरूप और नाम में किए गए बदलावों के विरोध में कांग्रेस पार्टी का श्मनरेगा बचाओ संग्रामश् अब और उग्र हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक विशाल पदयात्रा निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। सैण से शुरू होकर मंदार तक गई इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा कानून में किए गए संशोधनों को शीघ्र वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी



देशव्यापी आंदोलन छेड़ देगी।

मंगलवार को विधायक विक्रम सिंह नेगी की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता सैण गांव में एकत्रित हुए। यहां से शुरू हुई यह पदयात्रा सुकेत, कुमारगांव, ढुंग, डेग और सेम भटवाड़ा होते हुए मंदार पहुंची। पूरे रास्ते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। पदयात्रा के समापन पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर शिवकसित भारत गारंटी फॉर रोजगारश् करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान विभूतियों का अपमान किया है, जिसे देश की जनता और कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चिंता जताई कि सरकार ने मनरेगा को रोजगार की कानूनी श्गारंटीश् से हटाकर महज एक श्योजनाश् में तब्दील कर दिया है। इससे अकुशल और कुशल दोनों ही प्रकार के श्रमिकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने संकल्प लिया कि जब तक मनरेगा के पुराने स्वरूप को बहाल नहीं किया जाता, उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस पदयात्रा और प्रदर्शन में टिहरी जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, जिला पंचायत सदस्य विजयपाल रावत, ब्लॉक अध्यक्ष रजाखेत दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान बिक्रमा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य आशा देवी, प्रेमदत्त, सुनील महर, मोहन लाल ममगाई, आशीष, तेज सिंह रमोला और सूरत सिंह महर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल रहे।

# इंडिपेंडेंट थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन के लिए स्ट्रॉंग मैकेनिज्म किया जाए तैयार : सीएस

▪ एसटीपी प्लांट्स की 24x7 रियल टाईम मॉनिटरिंग का मैकेनिज्म हो तैयार, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को पूंजीगत व्यय, सीएसएस योजनाएं, ईएपी योजनाएं, नाबार्ड योजनाएं, एसएएससीआई, एसएनए स्पर्श एवं विभागों की व्यय योजनाओं के सम्बन्ध में बैठक ली।

सचिवालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव ने पूंजीगत व्यय, सीएसएस, ईएपी एवं नाबार्ड पोषित योजनाओं के प्रस्तावों को समय पर भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रीइंबर्शमेंट दावा भी समय पर किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य कर रहे विभागों को और फंड्स उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

मुख्य सचिव ने सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण किए जाने के लिए टाईमलाईन निर्धारित करते हुए मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने वित्त एवं नियोजन विभाग को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए इंडिपेंडेंट थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन के लिए मजबूत मैकेनिज्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी तय करते हुए, जिम्मेदार के ऊपर एक्शन लिए जाना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स में थर्ड पार्टी मूल्यांकन का प्राविधान नहीं है, उनमें तत्काल प्रावधान किया जाए।

साथ ही, नियोजन विभाग द्वारा एम्पैनल्ड एजेंसियों को भी विभाग थर्ड पार्टी क्वालिटी कंट्रोल के लिए तत्काल शुरू कर सकते हैं।मुख्य सचिव ने वन विभाग को सिटी ग्री. निंग और एक्सप्रेस-वे के प्रस्ताव एवं के साथ ही बायोफेंसिंग का मॉडल प्रोजेक्ट तैयार किए जाने की बात कही।

कहा कि उन्होंने आईटी विभाग को साइंस सिटी एंड विज्ञान केंद्रों की स्थापना के साथ ही इनके संचालन और मेंटरिंग की व्यवस्था हेतु मैकेनिज्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, पीसीसीएफ कपिल लाल, सचिव नितेश कुमार झा, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. वी. षणमुगम, डॉ. आर. राजेश कुमार, युगल किशोर पंत, रणवीर सिंह चौहान, अपर सचित हिमांशु खुराना, अपूर्वा पाण्डेय एवं मनमोहन मैनाली सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सिंचाई को मिला 15 प्रतिशत सिंचित क्षेत्र को बढ़ाकर 30 प्रतिशत किए जाने का टारगेट

मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग को प्रदेश की कुल 15 प्रतिशत सिंचित भूमि को अगले 5 साल में दोगुना करते हुए 30 प्रतिशत किए जाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने सिंचाई विभाग को अच्छे और गुणवत्तापूर्ण प्रोजेक्ट्स तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए बैराज, नहरें आदि पर काम किया जा सकता है। उन्होंने सिंचाई के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लगाए गए स्प्रिंकलर सिस्टम को प्रदेशभर में शुरू किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि जहां जहां सिंचाई तंत्र ध्वस्त हो गया है या बंद पड़ा है, उसे दुरूस्त कर शुरू किया जाए। उन्होंने लघु सिंचाई को भी अच्छे एवं गुणवत्तापूर्ण प्रस्ताव तैयार किए जाने की बात कही।

## पेयजल विभाग को जीरो कार्बन का दिया गया टारगेट

मुख्य सचिव ने पेयजल विभाग को उनके द्वारा संचालित योजनाओं में जीरो कार्बन उत्सर्जन पर फोकस किए जाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने जल संस्थान और जल निगम को अपनी पेयजल योजनाओं को भी जीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने की दिशा में कार्य करते हुए सोलर को बैटरी से जोड़े जाने पर जोर दिया। उन्होंने क्लाईमेट चेंज फंड को भी इसके लिए प्रयोग किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को किस प्रकार से अपने प्रोजेक्ट्स में ऊर्जा स्रोत के रूप में प्रयोग करें इस दिशा में प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने पेयजल विभाग को उनके सभी एसटीपी प्लांट्स की 24◦7 रियल टाईम मॉनिटरिंग का मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश दिए।

## जल संस्थान को देहरादून के सभी सरकारी आवास में 31 मार्च तक वाटर मीटर लगाने का टारगेट

मुख्य सचिव ने जल संस्थान को 31 मार्च तक देहरादून की सभी सरकारी कॉलोनियों को वाटर मीटर से 100 प्रतिशत संतृप्त किए जाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने प्रदेश में सभी नगर निगमों को वाटर मीटर से संतृप्त किए जाने की बात भी कही। कहा कि इससे पानी की बर्बादी पर रोक लगेगी। उन्होंने जल संस्थान को पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अपने सिस्टम को मजबूत किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि दूषित पानी की शिकायत पर सम्बन्धित अधिकारी पर कार्रवाही किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सौंग बांध परियोजना के अन्तर्गत पेयजल घटक के अन्तर्गत डीपीआर एक सप्ताह में शासन को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एसटीपी से निकले ट्रीटेड वाटर को नॉन-ड्रिंकिंग उद्देश्यों के लिए प्रयोग किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जल संस्थान अपने एसटीपी का ट्रीटेड वाटर सिंचाई विभाग के साथ समन्वय बनाकर सिंचाई एवं अन्य नॉन ड्रिंकिंग कार्यों हेतु उपयोग करने हेतु भी प्रस्ताव तैयार करे।

## टिहरी को इंटरनेशनल डेस्टिनेशन बनाने के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए

मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग को देहरादून सहित प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में बड़े पार्क तैयार करे। उन्होंने कहा कि टिहरी को इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के रूप मे विकसित करने के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने टिहरी झील रिंग रोड परियोजना को भी शीघ्र शुरू किए जाने की बात कही। साथ ही, पर्यटन विभाग टिहरी, ऋषिकेश एवं चम्पावत में पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के प्रस्ताव तैयार करे।

# रानी पोखरी पुलिस के हत्थे चढ़ा 5 साल से फरार वारंटी

**देहरादून।** न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन करते हुए रानी पोखरी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक गैर-जमानती वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशों पर पुलिस इन दिनों वारंटियों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चला रही है।थाना अध्यक्ष रानी पोखरी वीकेंदर चौधरी के अनुसार, अभियुक्त प्रशान्त मण्डल निवासी चन्द्रबनी चोयला (पटेलनगर), वर्ष 2021 से धारा 138 एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस) के एक मामले में फरार चल रहा था। न्यायालय ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था।उप निरीक्षक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर मंगलवार को अभियुक्त के वर्तमान निवास स्थान श्अमरभारती कॉलोनीश् में दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कांस्टेबल विजय राणा भी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# नरेश बंसल ने की भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष एवं सासंद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेट की।'

डा. नरेश बंसल ने पुष्प गुच्छ देकर नितिन नवीन को नव दायित्व की बधाई व शुभकामनाए दी। संगठन पर्व के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के चुनाव सम्पन्न कराने के बाद राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डा. के लक्ष्मण, राष्ट्रीय सह-चुनाव अधिकारी रेखा वर्मा, डा. संबित पात्रा संग डा. नरेश बंसल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से भेंट की।

डा. नरेश बंसल ने अपने शुभकामना संदेश मे कहा कि नितिन नबीन की उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रेरक नेतृत्व में वे बीजेपी को सफलता की नई बुलंदियों तक ले जाने में अवश्य सफल होंगे।

# 820 छात्र-शिक्षकों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**देहरादून।** आपदा की घड़ी में घबराने के बजाय सूझबूझ से कैसे जान बचाई जाए, इसका जीवंत प्रदर्शन मंगलवार को सोशल बलूनी स्कूल में देखने को मिला। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय के 820 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने का व्यावहारिक कौशल सीखा।मास्टर ट्रेनर राजू शाही, सुशील कैंतुरा और मोहित सिंह ने भूकंप, बाढ़, भूस्खलन और आग. जनी जैसी आपदाओं के दौरान श्क्या करें और क्या न करेंश की विस्तृत जानकारी दी।छात्रों को भूदेव ऐप, सचेत ऐप और सैटेलाइट फोन के उपयोग के बारे में बताया गया। प्राथमिक उपचार और आपदा उपकरणों को चलाने का लाइव डेमो दिया गया, ताकि आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके।विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज नौटियाल ने कार्यक्रम की सराहना की

# अवैध निर्माणों व प्लॉटिंग पर एमडीडीए ने कसा शिकंजा

▪ प्राधिकरण ने कई स्थानों पर की सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, एमडीडीए का साफ संदेश-बिना मानचित्र निर्माण पर जीरो टॉलरेंस, नियम तोड़े तो टूटेगा निर्माण





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत हो रहे अवैध निर्माणों एवं अनधिकृत प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगातार जारी है।

इसी क्रम में आज विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित अवैध निर्माणों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें सील एवं ध्वस्त किया गया। एमडीडीए की टीम द्वारा कुलदीप द्वारा पैसिफिक गोल्फ, कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों के क्रम में सहायक अभियंता श्री शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता विदिता कुमारी, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल की उपस्थिति में सम्पन्न की गई।

इसके अलावा भावेश जोशी एवं अन्य द्वारा वीरभद्र रोड, वीरभद्र शिव मंदिर के समीप, ऋषिकेश क्षेत्र में किए गए अवैध आवासीय भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता पूनम सकलानी तथा पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुई।

वहीं मकबूल इरफान, अरविंद मनोडी एवं अन्य द्वारा आरकेडिया ग्रांट, देहरादून क्षेत्र में की जा रही 16 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर भी कड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता अभिजीत सिंह थलवाल एवं सुप. रवाइजर मौके पर उपस्थित रहे।

एमडीडीए द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृति एवं नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा प्लॉटिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा।



मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नियोजित और संतुलित विकास सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध निर्माण एवं अनधिकृत प्लॉटिंग न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इससे शहर की आधारभूत संरचना, पर्यावरण और जनसु. विधाओं पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर चेतावनी दिए जाने के बावजूद यदि कोई नियमों की अनदेखी करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आम नागरिकों से अपील है कि किसी भी निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व एमडीडीए से मानचित्र स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें। एमडीडीए पारदर्शी, सुरक्षित और सुनियोजित शहरी विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य प्राधिकरण ने कई स्थानों पर की सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, एमडीडीए का साफ संदेश-बिना मानचित्र निर्माण पर जीरो टॉलरेंस, नियम तोड़े तो टूटेगा निर्माण, कर रहा है। **उपाध्यक्ष, एमडीडीए बंशीधर तिवारी**

प्राधिकरण द्वारा की जा रही सभी कार्रवाई पूर्णतः नियमानुसार और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जा रही है। अवैध निर्माणों को पहले चिन्हित कर संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए जाते हैं, इसके उपरांत आवश्यक होने पर सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है। एमडीडीए का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि नियोजित विकास को प्रोत्साहित करना है। सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि वे प्राधिकरण के नियमों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें, ताकि शहर का सुव्यवस्थित और संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। **मोहन सिंह बर्निया, सचिव, एमडीडीए**

# जोशी से एम एच हॉस्पिटल के कमाण्डेंट ब्रिगेडियर ने की मुलाकात

▪ गोल्फ कार्ट के लिए सैनिक कल्याण मंत्री का जताया आभार



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से उनके देहरादून स्थित कैंप कार्यालय में मिलिट्री हॉस्पिटल (एम.एच.) देहरादून के कमाण्डेंट ब्रिगेडियर प्रफुल्ल मोहन ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर कमाण्डेंट ब्रिगेडियर प्रफुल्ल मोहन ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का कुछ माह पूर्व सेना अस्पताल देहरादून को गोल्फ कार्ट प्रदान करने के लिए आभार जताया। साथ ही सैन्य अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में आगे भी राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने दीपक गोस्वामी द्वारा लिखित ष्सुकून भरे पन्नेष्पुस्तक का भी विमोचन किया।

भेंट वार्ता दौरान पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को मिलिट्री हॉस्पिटल के माध्यम से दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में अनौपचारिक चर्चा भी हुई। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सैन्य अस्पताल द्वारा दी जा रही सेवाओं की भी सराहना की।

# 27 जनवरी को यूसीसी दिवसके रूप में मनाएगा उत्तराखंड

▪ देहरादून में होगा भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 27 जनवरी 2026 को पूरे प्रदेश में श्समान नागरिक संहिता दिवसश धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर देहरादून के नींबूवाला स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण होना चाहिए।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा।

स्कूलों में निबंध, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

समारोह में बार काउंसिल और स्थानीय बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। पीडब्ल्यूडी, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# एसोसिएशन ने सचिव पेयजल को सौंपा ज्ञापन

**देहरादूनः** देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यालय इंदर रोड पर बीते दिन धरना प्रदर्शन एवं जल जीवन मिशन के कार्यालय में की गई तालाबंदी के बाद पेयजल सचिव डॉ रणवीर सिंह चौहान ने मंगलवार को सचिवालय में मिलने के लिए बुलाया। अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने अन्य ठेकेदारों के साथ उनसे सचिवालय में भेंट कर पेयजल सचिव बनने पर बधाई दी । बताया कि जल जीवन मिशन से जुड़े हुए ठेकेदारों के भुगतान में हो रही देरी एवं उनके ऊपर विभागों द्वारा अत्याचार, ग्राम प्रधानों के योजना को वेरिफाई कराने जैसी कई समस्याएं खड़ी हो गई हैं। एवं शीघ्र ही उन सभी मुद्दों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।

## एक नजर .......

### जोशी ने हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया के शहीद होने पर गहरा दुःख जताया

देहरादून। **सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने जम्मू-कश्मीर के** किश्तवाड़ जिले में आतंकियों से लोहा लेते हुए जनपद बागेश्वर निवासी हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हवलदार गजेंद्र सिंह ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे देश कभी नहीं भूलेगा। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने शहीद जवान की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से उन्हें इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहीद के परिजनों के साथ हर कदम पर खड़ी है। जानकारी के अनुसार रविवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जनपद के सिंहपोरा क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान हवलदार गजेंद्र सिंह वीरगति को प्राप्त हुए।

### दून पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाई बुलेट चोरी की गुत्थी

**देहरादून।** राजधानी की डालनवाला पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए महज 24 घंटे के भीतर चोरी की गई बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। 19 जनवरी को अरविंद मार्ग (डालनवाला) निवासी गौरव चौहान ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनके घर के बाहर खड़ी बुलेट चोरी हो गई है। गौरव ऋषिकेश गए हुए थे और वापस लौटने पर उन्हें वाहन नदारद मिला। सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से मिली सफलता एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर गठित डालनवाला पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक कॉन्वेंट रोड स्थित मजार वाली गली में एक बिना नंबर की बुलेट के साथ खड़े हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर यश उर्फ कुची व यथार्थ कुमार उर्फ बिट्टू निवासी नालापानी चौक कॉलोनी रायपुर देहरादून को दबोच लिया।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे नशे के लती हैं और नशे की खुराक के लिए पैसे जुटाने के लिये उन्होंने बुलेट चोरी की थी। वे इस मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में थे, लेकिन ग्राहक मिलने से पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

### धामी सरकार की डिजिटल पहल, अब दफ्तरों के चक्कर से मिली मुक्ति

**देहरादून।** राज्य को हाईटेक बनाने के चलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ई-गवर्नेंस को शासन का आधार बनाया है। अब नागरिकों को सरकारी सेवाओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जनसुनवाई पोर्टल और अपणी सरकार पोर्टल के जरिए घर बैठे ही काम पूरे हो रहे हैं। बताया गया है कि अब मोबाइल से ही सरकारी सेवाएं मिल रही हैं।उत्तराखंड में ई-डिस्ट्रिक्ट और सीएम हेल्पलाइन 1905 जैसे ऐप ने प्रशासन को जनता के मोबाइल तक पहुंचा दिया है। डिजिटल तकनीक के इस प्रयोग से समय और संसाधन दोनों की बचत हो रही है।ई-गवर्नेंस से सिस्टम में पारदर्शिता आई , भ्रष्टाचार पर लगाम लगा है।सरकारी कार्यों को ऑनलाइन करने से बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई है। सीएम धामी की इस पहल से भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगी है और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ी है।देहरादून की सोनिया रावत ने बताया कि उनके पिता का आय प्रमाण पत्र महज 15 दिनों में ऑनलाइन बन गया।

# मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी में विजेताओं को प्रदान किए मेडल




**खेल संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को युवा केंद्र आमवाला में आयोजित मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी में जूडो के विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। यहां संसदीय क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पहले समय में खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं का अभाव था लेकिन अब प्रदेश में बहुत अच्छे स्तर का खेल ढांचा विकसित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब युवा खिलाड़ी अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करें तो वह वैश्विक स्तर पर बड़ी सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश के जो युवा खेलों के क्षेत्र में गंभीरता से लगे हुए हैं उनका भविष्य सुरक्षित है । खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अभी से 2030 के राष्ट्रमंडल खेल और 2036 के ओलंपिक खेलों की तैयारी में जुट जाना चाहिए। क्योंकि प्रदेश सरकार का लक्ष्य ऐसी प्रतियोगिताओं में प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को शामिल करना है।इस अवसर पर उन्होंने जूडो अंडर-19 के 55 किलोग्राम कैटेगरी में गोल्ड मेडल विजेता सार्थक ममगाई, सिल्वर विजेता मो. हसिन और ब्रांज मेडल विजेता दीपक पटवाल व विवान शर्मा को सम्मानित किया।इनके अतिरिक्त अंडर 60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता हिमांशु, सिल्वर पदक विजेता शिवराज, कांस्य पदक विजेता आयुष भट्ट और प्रियांशु मेहता को मेडल पहनाए।कार्यक्रम में उपनिदेशक एसके जयराज, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई, शक्ति सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# सखवन्त सिंह आत्महत्या मामला, एसएसपी समेत पांच पुलिस अधिकारियों को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के बहुचर्चित सुखवन्त सिंह आत्महत्या प्रकरण में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो और मृतक के परि. जनों के बयानों को आधार बनाते हुए एसआईटी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) उधमसिंह नगर सहित तीन उपनिरीक्षकों और एक अपर उपनिरीक्षक को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। इन सभी अधिकारियों को जल्द ही जांच टीम के समक्ष उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराने होंगे।मामले की जड़ में छिपे भूमि धोखाधड़ी के आरोपों की पुष्टि के लिए एसआईटी अब कड़े कदम उठा रही है।

जांच टीम ने रजिस्ट्रार कार्यालय और तहसील कार्यालय से जमीन से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। इसके साथ ही, मृतक और संबंधित पक्षों के बीच हुए वित्तीय लेन-देन का पता लगाने के लिए विभिन्न बैंकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। एसआईटी इन बैंक खातों के विवरण और दस्तावेजों की सत्यता की जांच करेगी ताकि धोखाधड़ी की पूरी कड़ियां जोड़ी जा सकें।

## तकनीकी साक्ष्यों पर टिकी जांच



एसआईटी के सदस्य और चंपावत के पुलिस अधीक्षक श्री अजय गणपति ने बताया कि घटना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया गया है और उनका बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है। मामले के खुलासे के लिए विशेषज्ञों की एक विशेष टीम भी लगाई गई है।पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ रही है। आने वाले दिनों में प्राप्त अभिलेखों और पुलिस अधिकारियों के बयानों के आधार पर इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# गृहमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस फोर्स को दी गई ब्रीफिंग

## बिना पास नहीं मिलेगा प्रवेश, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर; तीन स्थानों पर होने हैं वीवीआईपी कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए सोमवार को पुलिस लाइन रोशनाबाद में सुरक्षा बल की ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस दौरान डीजी अभिसूचना अभिनव कुमार, एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) वी. मुरुगेशन और आईजी सुनील कुमार मीणा ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

डीजी अभिसूचना अभिनव कुमार ने कहा कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों का टर्नआउट (वर्दी की स्थिति) उच्च कोटि का होना चाहिए। चूंकि पुलिस वर्दी में होती है, इसलिए जनता की अपेक्षाएं अधिक रहती हैं। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के साथ-साथ आमजन के प्रति अच्छा व्यवहार रखने की भी नसीहत दी। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि जनपद में तीन जगहों पर वीवीआईपी कार्यक्रम होने हैं, जिसके लिए सभी अधिकारियों को अपने ड्यूटी एरिया में समय से पहुंचकर फोर्स चेक करने के निर्देश दिए गए हैं।

गृहमंत्री की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती गई है। इसमें 9 पुलिस अधीक्षक, 8 अपर पुलिस अधीक्षक, 13 क्षेत्राधिकारी और भारी संख्या में निरीक्षक व सिपाही शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी की 4 कंपनियां, एटीएस की 2 टीमें, जल पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मुस्तैद रहेंगी। बम निरोधक दस्ता (ठवै) और एलआईयू को भी एक्टिव मोड पर रखा गया है।

एडीजी वी. मुरुगेशन ने साफ किया कि कार्यक्रम स्थल पर बिना वैध पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान कोई भी कर्मचारी मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग नहीं करेगा और न ही नशा करेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अलग से रूट प्लान जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी तालमेल बनाए रखने और किसी भी समस्या पर तुरंत लिंक ऑफिसर को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

**ब्रीफिंग की खास बातें :-**

**सतर्कता :** पुलिसकर्मी केवल एक जगह खड़े न रहें, बल्कि चारों तरफ नजर रखें।

**फोकस :** कार्यक्रम देखने के बजाय आसपास हो रही गतिविधियों पर ध्यान दें।

**नियम :** ड्यूटी के दौरान पहचान पत्र साथ रखें और बिना आदेश पॉइंट न छोड़ें।

**निगरानी :** वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान जनता की ओर रुख रखें और सतर्क रहें।

# शहर को स्वच्छ बनाने को नगर आयुक्त नन्दन कुमार की नई पहल

## सडक पर कचरा डालने वालों को नगर निगम करेगा फूल भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** शहर को कचरा-मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने एक अनोखी और मानवीय पहल शुरू की है। नगर आयुक्त नंदन कुमार के निर्देश पर अब निगम के अधिकारी खुद उन संवेदनशील जगहों (कूड़ा पॉइंट्स) पर कुर्सी डालकर बैठ रहे हैं, जहाँ लोग अक्सर गंदगी फैलाते हैं। इस अभियान के जरिए लोगों को प्यार से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम की टीम उन जगहों पर विशेष नजर रख रही है जिन्हें श्गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्सश के रूप में चिन्हित किया गया है। अभियान के दौरान यदि कोई व्यक्ति खुले में कूड़ा फेंकते हुए मिलता है, तो उसे फटकार लगाने या जुर्माना देने के बजाय गुलाब का फूल भेंट किया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस सकारात्मक तरीके से लोग अपनी जिम्मेदारी समझेंगे और भविष्य में शहर को साफ रखने में मदद करेंगे।अधिकारी खुद मौके पर रहकर नागरिकों को समझा रहे हैं कि वे कूड़ा सड़क पर न फेंकें, बल्कि डस्टबिन में जमा कर निगम की कूड़ा गाड़ी को ही दें। साथ ही, लोगों को नगर निगम का हेल्पलाइन नंबर भी दिया जा रहा है ताकि कूड़ा गाड़ी न आने पर वे तुरंत शिकायत कर सकें।इस अभियान के दौरान स्थानीय पार्षद निशा नौडियाल के साथ उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, पर्यावरण पर्यवेक्षक सुदर्शन और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निगम की इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है।

# अमित शाह के दौरे को लेकर हरिद्वार का ट्रैफिक प्लान जारी, दो दिन बदला रहेगा इन रास्तों का रूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** देश के गृह मंत्री अमित शाह के २१ और २२ जनवरी को होने वाले हरिद्वार दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है। गृह मंत्री के पतंजलि योगपीठ, शांतिकुंज, बैरागी कैंप और गुरुकुल कांगड़ी में होने वाले कार्यक्रमों के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था में भारी बदलाव किया गया है। २१ जनवरी की दोपहर से लेकर २२ जनवरी को कार्यक्रम समाप्ति तक कई मुख्य मार्ग डायवर्ट रहेंगे।

ट्रैफिक प्लान के मुताबिक, २० से २२ जनवरी तक शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। सुबह ६ बजे से रात ११ बजे तक नो-एंट्री लागू रहेगी। बाहरी जिलों से आने वाले ट्रकों और भारी वाहनों को जिले की सीमाओं पर ही रोक दिया जाएगा। इसके लिए जगजीतपुर, श्यामपुर कांगड़ी, सलेमपुर और कोर कॉलेज रुड़की जैसे स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी।

21 जनवरी को दोपहर 3 बजे से और 22 जनवरी को सुबह 7 बजे से दिल्ली से हरिद्वार आने वाली गाड़ियों को नगला इमरती से लक्सर की ओर डायवर्ट कर भेजा जाएगा। इसी तरह, दिल्ली से देहरादून जाने वाले वाहन हरिद्वार शहर में प्रवेश करने के बजाय सीधे रुड़की-मोहंड मार्ग का इस्तेमाल करेंगे। ऋषिकेश से दिल्ली जाने वाले वाहनों को नेपाली तिराहा से देहरादून-मोहंड की ओर भेजा जाएगा। नजीबाबाद से देहरादून जाने वाले हल्के वाहनों को चीला मार्ग से भेजा जाएगा, जबकि हरिद्वार से नजीबाबाद जाने वाले वाहनों को सिंहद्वार से लक्सर-बालावाली मार्ग का उपयोग करना होगा। वहीं, सहारनपुर और भगवानपुर की ओर से आने वाले वाहन बीएचईएल तिराहा से होते हुए शिवालिक नगर मध्य मार्ग से शहर में प्रवेश कर सकेंगे। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए तय किए गए रूट का ही पालन करें।

### ज्योति कलश यात्राओं के संग उमड़ा जनसैलाब, शांतिकुंज बना चेतना का महातीर्थ

# एक दीप तुम जलाओ, एक हम जलाएं : स्वामी हरिचेतनानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में आयोजित शताब्दी समारोह के अंतर्गत मंगलवार का दिन मानो साधना, सेवा और संकल्प की त्रिवेणी में गान का अवसर बन गया। देश-विदेश से पधारे हजारों साधकों, स्वयंसेवकों और गायत्री परिजनों की उपस्थिति से सम्पूर्ण वातावरण श्रद्धा, उत्साह और दिव्य ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

शांतिकुंज की अधिष्ठात्री, स्नेहसलिला शैलदीदी ने कहा कि यह समय मलाई को तैरकर ऊपर आने का पावन अवसर है। जीवन में आने वाले संघर्ष हमें तोड़ने नहीं, बल्कि निखारने आते हैं। यही वे क्षण होते हैं, जब मनुष्य अपने भीतर छिपी श्रेष्ठता को पहचान पाता है। उन्होंने युगऋषि के सूत्र को स्मरण कराते हुए कहा कि अपनी रोटी मिल-बाँटकर खाइए, क्योंकि यही भावना समाज में समरसता, करुणा और अपनत्व का दीप प्रज्वलित करती है। दीदी ने कहा कि युगऋषिद्वय के त्याग, तप और संकल्प की परिणति ही आज का विश्वव्यापी गायत्री परिवार है। उन्होंने हजारों स्वयंसेवकों को अपना परिवार का एक अंग मानते हुए कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व, आशा और समाधान की दृष्टि से गायत्री परिवार की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि जिन भवनों की नींव संस्कार, त्याग और सेवा पर रखी जाती है, वे किसी भी तूफान में डगमगाते नहीं। ऐसा ही एक सजीव, संस्कारवान परिवार है गायत्री परिवार।

समारोह में उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए हरि सेवा आश्रम प्रमुख संत स्वामी हरिचेतनानंद जी महाराज ने आह्वान किया कि "अब अखंड दीप को केवल प्रज्वलित रखने का नहीं, बल्कि उसे ज्वाला में परिवर्तित करने का समय है। एक दीप तुम जलाओ और एक दीप हम जलाएँ, ताकि यह प्रकाश घर-घर, जन-जन तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि शांतिकुंज कोई साधारण संस्था नहीं, बल्कि चेतना के नवसृजन का तीर्थ है, जहाँ व्यक्ति स्वयं को संस्कारित कर समाज के नव निर्माण का संकल्प लेता है। स्वामी हरिचेतनानंद जी ने इस विराट आयोजन को "गायत्री महाकुंभ" की संज्ञा देते हुए कहा कि जैसे प्रयागराज का कुंभ जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देता है, वैसे ही यह शताब्दी समारोह जीवन की सुप्त चेतना को जाग्रत कर रहा है। उन्होंने "एक आचार्य, एक संकल्प और एक ज्योति" को जीवन में उतारने का संकल्प दिलाया और विश्वास व्यक्त किया कि यह ज्योति अब ज्वाला बन चुकी है, जो शीघ्र ही समाज को चेतना के आलोक से आलोकित करेगी।

समारोह के भावपूर्ण समापन अवसर पर शैलदीदी, स्वामी हरिचेतनानंद जी महाराज, शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ. चिन्मय पण्ड्या, महिला मण्डल की प्रमुख श्रीमती शैफाली पण्ड्या सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भारत एवं विभिन्न देशों से लौटीं ज्योति कलश यात्राओं का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। पुष्पवर्षा के मध्य जब ज्योति कलशों की भव्य शोभायात्रा निकली, तो लगा मानो युग-चेतना स्वयं जनमानस के बीच प्रवाहित हो रही हो।

# श्री अखंड परशुराम अखाड़े के संयोजन में संतों ने दिया धरना

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जवाब मांगे जाने का विरोध किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को प्रयागराज में गंगा स्नान करने से रोके जाने और प्रशासन द्वारा उनसे अपने नाम के आगे शंकराचार्य लगाए जाने के संबंध में जवाब मांगे जाने के विरोध में श्री अखंड परशुराम अखाड़े के संयोजन में संतों ने हरकी पैड़ी के सामने मालवीय घाट पर सांकेतिक धरना दिया। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि प्रयागराज प्रशासन ने जिस तरह का कृत्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के साथ किया है। वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि प्रयागराज प्रशासन को शंकराचार्य से माफी मांगे और उन्हे सम्मान के साथ स्नान कराए। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगता है तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। भारत साधु समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री स्वामी प्रबोधानंद गिरी ने कहा कि प्रशासन को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से उनके शंकराचार्य होने के संबंध में जवाब मांगने का कोई अधिकार नहीं है। शंकराचार्य साधु संतों द्वारा चुने जाते है। लोगों की आस्था द्वारा चुने जाता है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अपने कृत्यों के लिए अब तक भी माफी नहीं मांगे जाने से गंभीर सवाल खड़े हो रहे हें। उन्होंने कहा कि कि जल्द से जल्द सरकार का कोई प्रतिनिधि मंडल या कोई प्रतिनिधि शंकराचार्य से मिलकर उनसे माफी मांगे। संत सरल स्वभाव के होते हैं। वह गुस्सा भी जल्दी होते हैं और मान भी जल्दी जाते हैं। इसलिए जल्द से जल्द उनसे माफी मांगनी चाहिए। धरना देने वालों में स्वामी प्रबोधानंद, स्वामी सत्यवित्रानंद, विनोद मिश्रा, परवीन शर्मा, यशपाल शर्मा, महेंद्र पांडे, संजू अग्रवाल, ब्रजमोहन शर्मा, विष्णु गौड़, मनोज गुप्ता, कुलदीप शर्मा, अमोल शर्मा, रोहित शर्मा, अभिषेक शर्मा, कपिल जौनसारी आदि शामिल रहे।

# जीजा पर सालों ने किया लोहे की रॉड से जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सामान खरीदने बाजार गए जीजा पर उसी के सालो ने हमला कर दिया। आरोपियों ने जीजा व अपनी ही भांजी के साथ गाली-गलौच की और उन पर हथौड़े व लोहे की रॉड से वार किए। हमले में जीजा का हाथ टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आई। वहीं, ज्वालापुर पुलिस ने जीजा की शिकायत पर दोनों सालो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार समर खान पुत्र सुलेमान अली निवासी मोहल्ला कोटरवान ज्वालापुर ने कोतवाली में शिकायत कर बताया कि बीते १६ जनवरी की शाम करीब ७:३० बजे वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ मंडी के कुआं के पास घर का सामान लेने गए थे। वहां पहले से मौजूद शाह गली मैदानियान निवासी गुलजार खान और फरमान खान पुत्रगण बहादुर खान ने उन्हें देखते ही गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जिसके बाद दोनों ने लोहे की रॉड व हथौड़े से उसपर वार कर हाथ की हड्डी तोड़ डाली। इस दौरान पुत्री ने बिच बचाव कराने की कोशिश की तो उसके साथ भी दोनों ने मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पीड़ित की जान बचाई। जाते-जाते आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं, ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बसंत पंचमी पर जानलेवा चाइनीज मांझे का करें बहिष्कार : शहनवाज सलमानी

**हरिद्वार।** बसंत पंचमी का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में पतंगबाजी का उत्साह दिखने लगा है। इसी के साथ बाजारों में बिकने वाले जानलेवा चाइनीज मांझे को लेकर समाजसेवी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शहनवाज सलमानी ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे इस खतरनाक मांझे का पूरी तरह बहिष्कार करें। शहनवाज सलमानी ने कहा कि चाइनीज मांझा इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी काल साबित हो रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को इस मांझे के नुकसान के बारे में जरूर बताएं और उन्हें सुरक्षित धागे से पतंग उड़ाने के लिए प्रेरित करें। सलमानी ने कहा कि आए दिन सड़कों पर वाहन चालक इस मांझे की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जिससे कई बार लोगों की जान पर बन आती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ज्वालापुर क्षेत्र में अभियान चलाकर उन दुकानदारों पर शिकंजा कसा जाए जो नियमों के खिलाफ जाकर चाइनीज मांझा बेच रहे हैं। उन्होंने दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की भी अपील की है ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

# हितेश ने गीता पाठ प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, देवप्रयाग में संपन्न हुई प्रांत स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल के छात्र ब्रह्मचारी हितेश ने गीता पाठ प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर हरिद्वार का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संस्कृत संस्थानों और गुरुकुलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें ब्रह्मचारी हितेश ने अपने उत्कृष्ट उच्चारण, लय और शुद्ध पाठ के आधार पर प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर संस्था के आचार्य स्वामी विरक्त देव ने ब्रह्मचारी हितेश को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और संस्कृत अध्ययन में इसी तरह समर्पण भाव से आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर उपाचार्य स्वामी नारायण देव जी ने भी छात्र को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डॉ पंडित हेमंत तिवारी, स्वामी प्रकाश देव, स्वामी मुकुंद देव, स्वामी कौशल देव सहित समस्त आचार्यगण उपस्थित रहे।

# एसडीओ अर्चना के नेतृत्व में बकायदारों व बिजली चोरी के खिलाफ चलाया अभियान

### 20 बकायदारों के काटे कनेक्शन, दो घरों से पकड़ी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली चोरी करने व बकायदारों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है। टीम ने एसडीओ के नेतृत्व में क्षेत्र में छापेमारी की और बिजली चोरी पकड़ी। साथ ही २० बकायदारों के कनेक्शन काटे। वहीं, बिजली चोरी में दो के खिलाफ कार्रवाई की गई। मंगलवार को अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली चोरी व बकायदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। एसडीओ अर्चना के नेतृत्व में ज्वालापुर क्षेत्र के मौहल्ला मैदानियान व कैथवाड़ा में बकायदारों के कनेक्शन काटे गए। इस दौरान दो घरों में बिजली चोरी मिलने पर उनपर कार्रवाई की गई। एसडीओ अर्चना ने बताया कि बकायदारों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत २० कनेक्शन काटे गए है। साथ ही दो घरों में बिजली चोरी मिलने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इस दौरान अवर अभियंता मुकेश कुमार, लाइनमैन श्रवण गिरी, संजय चौहान, सुशील कुमार व राव फरमान आदि लाइन स्टॉफ मौजूद रहे।



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक संपत्ति जो स्थित प्लाट नम्बर 53का भाग जिसका प्लाट का रकबा 1126.10 वर्गफुट जो खसरा संख्या 25, ग्राम सुल्तानपुर मजरी तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित एक असल विक्रय पत्र जो कि उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में दिनांकित 11/01/2019 को बही नं० 01 जिल्द नं० 4733 पेज नं० 99 से 122, दस्तावेज नं० 309 में पंजीकृत है वास्तव में कहीं खो गया है जो कि काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है। इस संबंध में पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गयी है। उक्त असल विक्रय पत्र किसी व्यक्ति/ वित्तीय संस्थान/ बैंक/न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही इस असल विक्रय पत्र का कोई भी दुरूपयोग किया गया है। श्रीमती ममता सैनी पत्नी श्री दीपंकर सैनी निवासी 225, ग्राम सुल्तानपुर मजरी थाना रानीपुर तहसील व जिला हरिद्वार।

## सार्वजनकि सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लि० (CIFCL) शाखा हरिद्वार के उपभोक्ता श्री जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद यादव निवासी कुंज गली खडखडी, हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार का एक आवासीय प्लाट जिसका क्षेत्रफल 605 वर्गफुट है, जिसका खसरा नम्बर 4/3/2म है, स्थित गायत्री विहार कॉलोनी ग्राम भूपतवाला कलां हरिद्वार परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार अन्दर सीमा नगर निगम हरिद्वार में है, को मेरी व्यवहारी चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लि० से ऋण प्राप्त करके, मेरी व्यवहारी के पक्ष मे बंधक करना चाहता हैं। यह कि उपरोक्त सम्पत्ति श्री जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद यादव ने द्वारा विक्रय पत्र श्रीमती नलिनी कान्त शर्मा पत्नी श्री अनिल शर्मा से खरीद की थी जिसका पंजीकरण बही नं० 1 जिल्द 4361 के पृष्ठ 227 से 248 दस्तावेज संख्या 6489 पर दिनांकित 06.09.2019 को उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे दर्ज है। यह कि श्रीमती नलिनी कान्त शर्मा ने उपरोक्त सम्पत्ति द्वारा विक्रय पत्र श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री वेदीराम आदि से खरीद की थी जिसका पंजीकरण बही नं० 1 जिल्द 2192 के पृष्ठ 365 से 384 दस्तावेज संख्या 2717 दिनांक 04.04.2012 को उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे दर्ज है। यह कि श्री जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद यादव ने घोषणा की है कि उपरोक्त मूल दस्तावेज विक्रयपत्र संख्या 2717 दिनांक 04.04.2012 हरिद्वार क्षेत्र मे कहीं पर गुम हो गया है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना श्री जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद यादव द्वारा सम्बन्धित थाने पर दर्ज करा दी गई है। यदि किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था का उपरोक्त सम्पत्ति को बन्धक रखे जाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा है तो नीचे दिये गये पते पर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ प्रकाशन के 7 दिनों में मुझसे सम्पर्क करे। इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। सुभाष कुमार एडवोकेट, दुकान नं० 1, गुर्जर धर्मशाला निकट त्यागी कॉम्पलैक्स हरिद्वार, तहसील व जिला हरिद्वार। मोबा०नं० 9719608924

# महिला को कुत्तों ने काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बेटी को स्कूल छोड़कर घर लौट रही महिला पर कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना मंगलवार सवेरे की है। राजविहार निवासी 48 वर्षीया पूनम अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर वापस लौट रही थी। राजविहार फुटग्राउंड के पास आवारा कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और बुरी तरह काटकर घायल कर दिया। कुत्तों के काटने से घायल पूनम को उनके पति ज्वालापुर स्थित सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें टीटनेस और एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए। महिला पूनम के पति सचिन अग्रवाल ने बताया कि राजविहार फुटबाल ग्राउंड और आसपास की गलियों में कुत्तों के झुंड हो गए हैं और आने जाने वाले दर्जनों लोगों को काट चुके हैं। सचिन अग्रवाल ने बताया कि आवारा कुत्तों के संबंध में नगर निगम को शिकायत की तो कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

# जल संस्थान की खुदाई से बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पथरी।** क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायत में जल संस्थान द्वारा सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन से टूटी सड़को से ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। टूटी सड़क व लीकेज की शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा जिलाधिकारी को दी गई है। जिलाधिकारी ने जल्द समस्या का समाधान करने का अस्वासन दिया था लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

ग्राम पंचायत धनपुरा, चांदपुर, पदार्था, नसीरपुर कला सहित दर्जनों गांव में जल संस्थान द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल हर घर जल द्वारा किया गया निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। गांव में सड़के तोड़कर पाईप लाईन डालने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी लीकेज एव टूटी सड़को की मरम्मत का कार्य पूरा नही हुआ है। जिसकी शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य मुस्तफा अंसारी ने जिलाधिकारी के जनता दरबार मे दी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आदेशित करते हुए जल्द समस्या का समाधान करने का अस्वासन दिया था। मगर समस्या जस की तस बनी हुई है। हर घर नल हर घर जल मिशन के अंतर्गत जो निर्माण कार्य होना था वह अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लीकेज होने से बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं जिसमें बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा टूटी सड़को की जल्द मरमत नही हुई तो जल संस्थान की घेराबंदी की जाएगी। ग्रामीणों में सलीम, राशिद, शमशाद, दिलशाद, सोनी, दीपक, राकेश, बबलू, रहमान, मुनीस, सोनू, जीशान आदि मौजूद हैं।

**जल संस्थान के जेई विनोद कुमार** ने बताया सड़कों की मरम्मत का कार्य जल्द ही पूरा किया जायेगा।

## विज्ञप्ति

## भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रोशनाबाद, हरिद्वार

जनपद हरिद्वार की तहसील भगवानपुर के ग्राम बंजारावाला ग्रांट में दिनांक 19.01.2026 को विभागीय दल द्वारा किये गये औचक निरीक्षण के उपरान्त अवैध रूप से भण्डारित उपखनिज की मौके पर पैमाईश की गयी। ग्राम बंजारावाला ग्रांट में (i) 72229.5 घनमी०, (ii) 63800.7 घनमी० एवं (iii) 62757 घनमी० अवैध रूप से भण्डारित उपखनिज की नीलामी के सम्बन्ध में प्रचलित प्रावधानों के अन्तर्गत खुली नीलामी के माध्यम से निस्तारण किया जाना है। नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा समस्त वांछित अभिलेख दिनांक 27.01.2026 को सायं 05:00 बजे तक पूर्व में जमा कराना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। वांछित अभिलेख एवं नीलामी की शर्तों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रोशनाबाद, हरिद्वार के कक्ष सं0-210 में अवलोकन/प्राप्त किये जा सकते हैं।

**मो0 काजिम रजा**
जिला खान अधिकारी
हरिद्वार

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# होटलों की शुरू होगी ग्रीन रेटिंग व पर्यटकों को मिलेंगे इको बैग

**■ यूसीसी और वेस्ट मैनेजमेंट पर डीएम सख्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने मंगलवार को जनपद में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के क्रियान्वयन और पर्यावरण संरक्षण के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने यूसीसी को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को निर्देशित किया कि वे सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों (वीपीडीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर ब्लॉकवार उन ग्राम पंचायतों का ब्यौरा तैयार करें, जो शत-प्रतिशत संतृप्त हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, कुल पंजीकरण,



बंद पड़े संपर्क नंबरों या अन्य कारणों से पेंडिंग मामलों का मिलान कर निर्धारित कलर कोड के अनुसार डेटा उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

बैठक का दूसरा मुख्य एजेंडा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण रहा। जिला प्रशासन ने पहाड़ों को प्लास्टिक और कचरे से मुक्त रखने के लिए पर्यटन विभाग के सहयोग से एक विशेष मुहिम शुरू की है। इसके तहत तैयार किए गए "इको बैग" नगर पालिका, नगर पंचायत और जिला पंचायत के माध्यम से होटलों और होमस्टे संच.ालकों को वितरित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों (ईओ) को निर्देश दिए कि होटलों की कमरा क्षमता के आधार पर बैग उपलब्ध कराए जाएं। व्यवस्था यह बनाई गई है कि जैसे ही कोई पर्यटक होटल में चेक-इन करे, उसे यह इको बैग दिया जाए और उसे अपना सारा सूखा कचरा उसी में डालने के लिए जागरूक किया जाए। चेक-आउट के समय होटल प्रबंधन उस बैग को वापस लेगा और कचरे का निस्तारण करेगा।

इस मुहिम को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी ने होटलों की श्ग्रीन रेटिंगश् शुरू करने का भी निर्णय लिया है, जो पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान के आधार पर दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों से इस व्यवस्था पर फीडबैक लिया जाए और जागरूकता फैलाने के लिए शॉर्ट वीडियो बनाए जाएं। साथ ही, होटलों के रिसेप्शन पर जन जागरूकता संबंधी पोस्टर चस्पा करना अनिवार्य किया गया है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अब तक नगर पालिका टिहरी ने 30 होटलों में 250 बैग, तपा.ेवन में 100 होटलों के साथ एमओयू कर दो हजार बैग और मुनिकीरेती में 87 होटलों में एक हजार इको बैग वितरित किए जा चुके हैं। बैठक में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, एडीएम अवधेश कुमार सिंह, ईडीएम सूरज बिष्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 27 जनवरी को आयोजित होगा समान नागरिक संहिता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलाधिकारी सभागार में जनपद चमोली में समान नागरिक संहिता दिवस के आयोजन को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 27 जनवरी को मनाये जाने वाले समान नागरिक संहिता दिवस पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने समान नागरिक सं.हिता से संबंधित गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसामान्य तक इसकी जानकारी पंहुचाने के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने समान नागरिक संहिता दिवस के लिए नामित नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी विभागीय अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को समान नागरिक संहिता के प्रावधानों की जानकारी देने के उद्देश्य से विद्यालयों और महाविद्यालयों में निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उपजिलाधिकारी आरके पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी गोपेश्वर अनिल पंत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**■ अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** गणतंत्र दिवस को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पुलिस, होमगार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर पालिका, खेल, लोनिवि सहित संबंधित विभागों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी।

जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गुलाबराय मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी, इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने समस्त कार्यालयों में 25 व 26 जनवरी को प्रकाशमान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय कार्यालयों में प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई व्यवस्था सहित पंडाल, विद्युत, पेयजल आदि के लिए संबंधित विभागों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को छात्र-छात्राओं के माध्यम से प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट सहित अन्य मौजूद थे।

## विकासनगर पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**विकासनगर।** वारंटियों के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही में कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा 5 वारण्टियों शोएब अंसारी पुत्र फुरकान अंसारी निवासी मदिना बस्ती टंडन टैन्ट हाउस विकासनगर, असलम पुत्र शफीक निवासी नवाबगढ़ कोतवाली विकासनगर, मोहन लाल पुत्र अतर सिंह निवासी नवाबगढ़ कोतवाली विकासनगर, शहीद पुत्र सुक्कड़ निवासी अफसान के गोदाम के निकट पुल सं0 5 ढकरानी कोतवाली विकासनगर, सुन्दर श्याम छावडा पुत्र सी0आर0 छावड़ा निवासी म0न0-19 सेक्टर-4 नया नंगल जिला रोपड पंजाब को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पांचों वारंटियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम एसआई नौशाद अंसारी, विवेक भण्डारी चौकी प्रभारी कुल्हाल कोतवाली विकासनगर, सिपाही अजय सिंह, नितिन कुमार, अमित परमार, अनिल पंवार शामिल रहे।

## आशा कार्यकर्ताओं को मिली गृह आधारित नवजात देखभाल किट

**■ मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने के लिए दिए गए विशेष दिशा-निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ब्लॉक चकराता में स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूनी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अश्वनी कुमार तथा ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा द्वारा क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं को 'गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल' (एचबीएनसी) किट, आशा डायरी, निर्धारित ड्रेस कोड, बरसाती जैकेट एवं आवश्यक प्रपत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने आशा कार्यकर्ताओं को गृह आधारित नवजात देखभाल कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रसव



के बाद का समय मां और शिशु दोनों के लिए अत्यंत संवेदनशील होता है, ऐसे में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे अहम हो जाती है।

कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से घर-घर जाकर नवजात शिशु की जांच करनी होगी, यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चा सही तरीके से स्तनपान कर रहा है तथा उसका वजन सामान्य है। साथ ही किसी भी प्रकार के संक्रमण या बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी आशा कार्यकर्ताओं की है।

किट वितरण के उपरांत आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एवं आशा फैसिलिटेटर्स के साथ कार्यों की समीक्षा की गई। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक और ब्लॉक समन्वयक ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से आपसी समन्वय के साथ टीम भावना में कार्य करने का आह्वान किया, ताकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके।

## पौड़ी व टिहरी के 1200 से अधिक युवाओं ने किया प्रतिभाग

**■ आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में मिली एंट्री**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** विक्टोरिया क्रॉस, गबर सिंह कैंप कौड़िया में चल रही सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के छठवें दिन मंगलवार को अग्निवीर जीडी के पदों के लिए पौड़ी गढ़वाल व टिहरी जनपद के पंजीकृत 1200 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

मंगलवार सुबह कोटद्वार के विक्टोरिया क्रॉस गबर सिंह कैंप में आयोजित भर्ती रैली के छठवें दिन दिन पौड़ी गढ़वाल व टिहरी के युवाओं ने प्रतिभाग किया। भर्ती रैली के लिए रात दो बजे से ही प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे।

आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को अग्निवीर भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए आगे ले जाए गए।

सेना के विशेषज्ञों ने अन्य शारी.रिक दक्षता जांची और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच की। अगले चरण में चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। प्रतिभागी युवाओं में से आधे युवा ही निर्धारित समय में दौड़ पूरी कर पाए।

## ग्रामीणों की मांगे पूरी न होने पर होगा आंदोलन

**कर्णप्रयाग।** रेल विकास निगम द्वारा ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन के निर्माण में लगी कंपनियों और रानौ के ग्रामीणों के बीच वार्ता की गई जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपना मांग पत्र सौंपा गया रेल लाईन निर्माण कार्य से प्रभावित ग्रामीणों ने निगम के अधीन कार्यरत कंपनियों के अधिकारियों से वार्ता कर अपना नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा कंपनी के अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही बीस दिनों के अंदर समस्याओं के निराकरण की बात कही गई।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगे नदी तट पर शिवालय का निर्माण, नदी पर निर्माण अधीन सुरक्षा दीवार को रावल मंदिर तक बनाया जाए, विस्फोट से भी क्षति पूर्ति का शीघ्र का मुआवजा शीघ्र देना, खेल मैदान का विस्तारीकरण करवाना पुल से गांव तक पद प्रकाश की व्यवस्था करना,पुल से गांव तक की सड़क पर प्रतिदिन जल छिड़काव करना।

## उक्रांद ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** एसडीएम विकासनगर के माध्यम से उत्तराखंड क्रांति दल की पछवादून जिला इकाई ने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच को किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की प्रत्यक्ष निगरानी में कराए जाने की मांग की। यूकेडी ने साफ शब्दों में कहा कि मौजूदा जांच प्रक्रिया पर जनता का भरोसा पूरी तरह टूट चुका है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ यूकेडी नेता शैलेश गुलेरी ने राज्य सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि "यह केवल एक हत्या नहीं, बल्कि सत्ता-संरक्षित अपराध का ज्वलंत उदाहरण है।

जांच को प्रभावित करने, सबूतों को कमजोर करने और दोषियों को बचाने के प्रयास बार-बार सामने आ रहे हैं। यह सरकार न्याय नहीं, बल्कि अपराधियों की ढाल बनकर खड़ी है। यूकेडी के केंद्रीय संगठन सचिव प्रकाश भट्ट ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि "जब तक इस हत्याकांड में शामिल वीआईपी को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जाता, तब तक दल चौन से नहीं बैठेगा। कहा आंदोलन थमेगा नहीं और जरूरत पड़ी तो इसे और उग्र



किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पंवार, केंद्रीय सचिव मनोज कंडवाल, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नेगी, नगर अध्यक्ष जयकृष्ण सेमवाल, मायाराम ममगाईं, सहसपुर ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल नेगी, सहित विपिन, नरेंद्र कुकरेती, मायाराम ममगाईं, सुरेंदर सिंह कुकरेती (ठेकेदार), कमला, शशि, बीना, सुमित राणा, सीमा कुक.रेती, अंकित सजवान एवं बड़ी संख्या में यूकेडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साहित्यकार रतन सिंह की विरासत आज उपेक्षा का शिकार

**■ जौनसारी का पैतृक मकान रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय रतन सिंह जौनसारी का ग्राम बिसोई स्थित पैतृक मकान रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया है। क्षेत्र की लोक संस्कृति, साहित्य और कविताओं को पहचान दिलाने वाले इस महान साहित्यकार की विरासत आज उपेक्षा का शिकार है।

रतन सिंह जौनसारी ने जौनसार-बावर की लोक परंपराओं को साहित्य के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया और 'जौनसारी' को अपनी पहचान बनाया। वे लंबे समय तक शिक्षक रहे और जीवन पर्यंत क्षेत्रीय साहित्य के संरक्षण में जुटे रहे। उनके पुत्र राजेश जौनसारी (ओएनजीसी) ने बताया कि पारिवा.रिक कारणों से मकान का संरक्षण नहीं हो पाया है और सेवानिवृत्ति के बाद स्वयं मरम्मत कराने की योजना है। वहीं पुत्री सीमा जौनसारी ने कहा कि इतने बड़े साहित्यकार के नाम पर न तो कोई विद्यालय नामित हुआ और न ही पैतृक मकान को विरासत स्थल का दर्जा मिला। स्थानीय लोग और परिजन इस उपेक्षा से आहत हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन और समाज कब इस साहित्यिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हैं।

## सेपियंस के छात्रों ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द इंडियन पब्लिक स्कूल में हाल ही में इंटर स्कूल न्यूमेरिकल एबिलिटी टेस्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पछुवादून क्षेत्र के आस-पास तथा दूरदराज के बीस से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में लगभग साढ़े तीन सौ से चार सौ विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

पेंटिंग प्रतियोगिता को कक्षाओं के अनुसार तीन समूहों में विभाजित किया गया। सभी समूहों के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कला-कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की कलाकृतियाँ



विषयवस्तु, रंग संयोजन तथा प्रस्तुति की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय रहीं।इस प्रतियोगिता में द सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर की कक्षा 5 की छात्रा श्रव्या माथुर ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के दो सौ सोलह से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।तियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सिल्वर मेडल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता नेगी एवं निर्देशिका रश्मि गोयल ने विजेता छात्रा श्रव्या माथुर तथा हिंदी ओलंपियाड के सभी विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## बोराड़ी लाइब्रेरी में बीस हजार किताबों को मिलेगा नया जीवन

**■ बंद दुकानों को मिलाकर बढ़ाया जाएगा परिसर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद मुख्यालय स्थित बोराड़ी के ऐतिहासिक सुमन पुस्तकालय की दशा और दिशा जल्द ही सुधरने वाली है।

जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल ने सोमवार को पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर इसकी व्यवस्थाओं को आधुनिक और पाठक-सुलभ बनाने के कड़े निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में उपलब्ध लगभग 20 हजार अतिरिक्त पुस्तकों के रखरखाव पर विशेष चिंता जताई। उन्होंने इन पुस्तकों को सुव्यवस्थित करने और बेशकीमती किताबों को दीमक से बचाने के लिए तत्काल स्प्रे कराने के आदेश दिए। साथ ही, आधुनिक दौर की जरूरतों को देखते हुए पुस्तकों के डिजिटाइजेशन और बार-कोडिंग व्यवस्था को लागू करने को कहा, ताकि पाठक डिजिटल सर्च के माध्यम से आसानी से अपनी मनच.ाही पुस्तक खोज सकें। पुस्तकालय में मौजूद दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण को लेकर भी जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी पुनर्वास स्नेहिल कुंवर, टीएचडीसी के उप महाप्रबंधक राक.ेश थपलियाल, शक्ति चमोली, शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह और पुस्तकालय प्रभारी सुभद्रा नेगी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## टिहरी के चार विकासखंडों में लगा जनता दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के तहत जनपद टिहरी गढ़वाल के सुदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों में प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में तहसील प्रतापनगर, जाखणीधार, देवप्रयाग और धनोल्टी क्षेत्र की विभिन्न न्याय पंचायतों में भव्य बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सीधे पहुंचाना रहा। शिविरों में उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



तहसील प्रतापनगर की न्याय पंचायत भेन्गी में आयोजित शिविर में अपर सचिव ग्राम्य विकास झरना कमठान ने बतौर मुख्य अतिथि शिर.कत की। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसीलिए जिला प्रशासन खुद जनता के द्वार पहुंचकर मूलभूत समस्याओं का समाधान कर रहा है। इस शिविर के नोडल अधिकारी त्रयम्बक गैरोला ने बताया कि यहां 53 शिकायतें पंजीकृत की गईं, जिनमें से 18 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शिविर में 491 लोगों ने प्रतिभाग किया और स्वास्थ्य जांच व अन्य सामग्री वितरण के माध्यम से 395 लोग लाभान्वित हुए। इस दौरान डीडीओ मो. असलम, ब्लॉक प्रमुख मनीषा पंवार और एसडीएम अंकित राज सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

दूसरी ओर, तहसील जाखणीधार की कुमारधार न्याय पंचायत के राजकीय इंटर कॉलेज जाखणीधार में आयोजित शिविर में विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान की अध्यक्षता में हुए इस शि.विर में 265 लोगों ने हिस्सा लिया और 35 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से छह का मौके पर निस्तारण हुआ। बाल विकास विभाग द्वारा महालक्ष्मी किट वितरित की गई, जबकि "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

## जीआईसी जाखणीधार में सजा बहुउद्देशीय शिविर

**■ 35 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर हुआ निस्तारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी अभियान श्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारश् का कारवां अब जाखणीधार ब्लॉक के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक पहुंच गया है।

इसी क्रम में न्याय पंचायत कुम्हारधार के राजकीय इंटर कॉलेज जाखणीधार में एक भव्य बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शि.विर में शासन और प्रशासन ने ग्रामीणों के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 35 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर फरियादियों को राहत दी गई। इस शिविर में विधायक किशोर उपाध्याय ने सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लक्ष्य है कि जनता को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। इस मौके पर ज्येष्ठ उप प्रमुख त्रिलोक बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला पंवार, बीडीओ दिग्विजय सिंह, कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक विजय हटवाल, मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य गोपाल सिंह, साब सिंह रावत, वीर सिंह पंवार, विनोद सेमवाल, शीशपाल सिंह, त्रिलोक नेगी, उर्मिला देवी, प्रधान करण सिंह, गजेंद्र सेमवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जौनपुर में विकसित होगा हार्टी-विलेज और चंबा में बनेगा एडवेंचर टूरिज्म का केंद्र

**■ नई टिहरी के गांवों की बदलेगी तस्वीर: डीएम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पहाड़ की आर्थिकी को मजबूत करने और पलायन रोकने के उद्देश्य से टिहरी जिला प्रशासन अब ग्रामीण पर्यटन को नई ऊंचाइयां देने की तैयारी कर रहा है।

कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसमें जिले के दूरस्थ गांवों को पर्यटन के मानचित्र पर उभारने के लिए गहन मंथन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल कागजी योजनाएं न बनाएं, बल्कि धरातल पर उतरकर कार्य करें। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को आदेश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर गांवों में पर्यटन संभावनाओं के प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा को जौनपुर क्षेत्र में एक "हार्टी-विलेज" (उद्यान ग्राम) विकसित करने का विशेष जिम्मा सौंपा गया है, जहां बागवानी और पर्यटन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। बैठक में बताया गया कि प्रशासन ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस रणनीति तैयार की है। इसके तहत पिछले महीने ही सभी उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तर पर "ग्राम पर्यटन विकास समिति" (वीटीडीसी) का गठन किया गया था। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बैठाकर गांवों में पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाना है। योजना के पहले चरण में विकासखंड चंबा के ग्राम सौड़ (निकट जड़ीपानी) का चयन किया गया है। इस गांव को "एडवेंचर टूरिज्म" और "कम्युनिटी बेस्ड टूरिज्म" के मॉडल के रूप में विक.सित किया जाएगा। टास्क फोर्स ने यहां उरेडा के माध्यम से सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने, पंचायत भवनों को एकरूपता देने के लिए पेंटिंग और पारंपरिक ऐपन कला से सजाने, इंटरलॉक टाइल्स, रेलिंग, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के प्रस्तावों पर चर्चा की।पर्यटन की इस मुहिम का दायरा बढ़ाने के लिए बैठक में अन्य संभावनाओं पर भी विचार किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने राज्य स्तरीय टास्क फोर्स समिति के सुझावों से अवगत कराते हुए बताया कि जौनपुर विकासखंड के ग्राम सेंद.ुल और जाखणीधार विकासखंड में प्रसिद्ध खेट पर्वत (परियों का देश) के निकट स्थित ग्राम थात को भी इस योजना में शामिल करने का प्रस्ताव है। प्रशासन का लक्ष्य है कि इन गांवों में होमस्टे और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देकर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। बैठक में प्रभारी अधिकारी पुनर्वास स्नेहिल कुंवर, पीडी डीआरडीए पुष्पेंद्र चौहान, डीटीडीओ एसएस राणा, एसीएमओ डॉ. बृजेश डोभाल, सेवायोजन अधिकारी लक्ष्मी यादव और ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारी विशाल चौहान सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाएं यात्रा की योजना बनाते समय रहती हैं ज्यादा सतर्क : राजेश मागो

**देहरादून ।** भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप तकनीकी और यूजर द्वारा साझा की गई जानकारियों का उपयोग करते हुए महिला यात्रियों को स्टे और इंटरसिटी बस बुकिंग के दौरान अधिक भरोसे के साथ निर्णय लेने में मदद कर रही है। यह पहल प्लेटफॉर्म पर सामने आए यूजर व्यवहार के ट्रेंड्स पर आधारित है, जिनसे साफ होता है कि महिला यात्री बुकिंग से पहले विकल्पों की बारीकी से जांच-परख करती हैं। महिलाएँ पुरुषों की तुलना में कम से कम 15 दिन पहले 50 प्रतिशत अधिक स्टे बुक कर रही हैं और प्रीमियम व ब्रांडेड प्रॉपर्टीज के प्रति उनकी पसंद 16 प्रतिशत अधिक देखी गई है। जैसे-जैसे महिला यात्री टियर-1 से टियर-3 शहरों की ओर बढ़ती हैं।

## ड्राइंग कॉम्पिटिशन में अपनी कला को किया प्रदर्शित

**■ विद्यालयों में प्रतियोगिता का किया जाएगा आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर दी रूरल एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 'गणतंत्र सप्ताह' मनाया जाएगा जिसमे क्षेत्र के विद्यालयों मे राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने हेतु स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बन्धित भाषण, ड्राइंग, निबंध तथा स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी के तहत आज सोसाइटी के द्वारा ब्लूमिंग बड्स स्कूल डॉक्टरगंज तथा जामिया इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल



डॉक्टरगंज मे ड्राइंग कॉम्पिटिशन का आयोजन कराया गया जिसमे बच्चों ने अपनी कला को दिखाया। सोसाइटी अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम ने कहा कि गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रवाद से सम्बंधित कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय मे कराने से बच्चों मे राष्ट्रभावना का विकास होगा। बच्चों ने भारत माता, महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, अशफाक उल्ला खां, डॉ. जकिर हुसैन आदि के पोस्टर बनाये। जामिया इस्लामिया से नमरा, इमरान और अरमान प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे तथा ब्लूमिंग बड्स से मिलन राना, कोमल पच्चाई व बार्बी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के मोके पर परवीन, रिंकी चौहान, तनु शर्मा, फतेह आलिम, रचना चौहान, अलीशा खान, नसीम, आसिफ व अजरा का विशेष सहयोग रहा।

# तेज़ रफ्तार कैंटर ने गोल्फ कोर्स के कैडी को कुचला

## मौके पर ही मौत, ट्रंचिंग ग्राउंड के पास देर रात हुआ हादसा, दो दोस्त घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौला बाईपास पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार कैंटर ने पैदल जा रहे गोल्फ कोर्स के कैडी और उसके दो दोस्तों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कैडी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।



पुलिस ने कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार भूमियाधार नैनीताल निवासी (40) पंकज आर्य यहां अपनी पत्नी अनीता और जुड़वा बच्चों के साथ रहता था और राजभवन के गोल्फ कोर्स में बतौर कैडी काम करते थे। पंकज के साथ उसके दो दोस्त नैनीताल निवासी टीकम वाल्मीकि व पंकज पालीवाल भी यहां काम करते हैं। पुलिस के अनुसार बीते सोमवार की देर रात तीनों कार से सवार होकर गोल्फ का सामान लेने दिल्ली जा रहे थे। बताया जा रहा कि गौलापार में रात 12 बजे के आसपास तीनों ने खाना खाया और आगे को बढ़ गए। तभी किसी बात को लेकर ट्रंचिंग ग्राउंड से पहले पंकज आर्य कार से उतर कर पैदल चलने लगा और उसके दोनों दोस्त कार में सवार उसके साथ चलने लगे। इसी बीच पीछे से आए तेज रफ्तार कैंटर ने पैदल चल रहे पंकज आर्य और कार टक्कर मार दी। सड़क हादसे में पंकज आर्य की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार अन्य दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने पंकज आर्य को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दोनों को नैनीताल रोड स्थित एक निजी चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया। बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक डीएस फर्त्याल ने बताया कि कैंटर चालक सिविल लाइंस रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी अरुण सैनी को हिरासत में ले लिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दोस्तों से नाराज होकर पैदल निकले थे पंकज

बताया जा रहा है कि पंकज आर्य और उसके दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। घटना से पहले पंकज ने कार रुकवाकर अपने दोनों दोस्तों से नाराज होकर पैदल चलने का फैसला किया। जब वह गौला बाईपास की ओर बढ़ रहा था, तब उसके दोस्त टीकम और पंकज पालीवाल कार से उसके पीछे आ रहे थे। इस दौरान हादसा हुआ और कैंटर ने पंकज को कुचलते हुए कार को सड़क किनारे पलट दिया। पंकज के दो दोस्तों को सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

# सुखवन्त सिंह आत्महत्या मामले में एसआईटी की बड़ी कार्रवाई

## यूएसनगर के एसएसपी सहित 4 पुलिसकर्मियों को बयान के लिए नोटिस जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काशीपुर के किसान सुखवन्त सिंह आत्महत्या प्रकरण की जांच में उच्चस्तरीय एसआईटी ने तेजी से कदम उठाते हुए एसएसपी सहित चार पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और मृतक के परि. जनों द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर एसआईटी ने उधमसिंहनगर के एसएसपी सहित तीन उपनिरीक्षकों और एक अपर उपनिरीक्षक को पूछताछ और बयान दर्ज करने के लिए नोटिस भेजे हैं। यह कार्रवाई मामले में गंभीर आरोपों के मद्देनजर की गई है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मृतक सुखवंत सिंह के साथ कथित भूमि धोखाधड़ी के आरोपों की जांच में एसआईटी ने रजिस्ट्रार कार्यालय, तहसील कार्यालय और संबंधित बैंकों को नोटिस भेजे हैं। इन संस्थानों से दस्तावेज प्राप्त कर भूमि सौदों और वित्तीय लेन-देन की जांच की जाएगी।

एसआईटी के सदस्य एवं पुलिस अधीक्षक चंपावत अजय गणपति ने बताया कि जांच में घटनाक्रम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों को कब्जे में लेकर उनका सूक्ष्म परीक्षण किया जा रहा है। एजेंसी हर उस कड़ी की जांच कर रही है जिससे यह स्पष्ट हो सके कि आत्महत्या के पीछे किन परिस्थितियों और व्यक्तियों की भूमिका रही। एसआईटी की विशेषज्ञ टीम द्वारा टेक्निकल सर्विलांस के माध्यम से कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) व सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इन साक्ष्यों से पूरे घटनाक्रम की टाइमलाइन तैयार की जा रही है। सूत्रों के अनुसार जांच का दायरा निरंतर बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में और अधिकारियों और दस्तावेजों को जांच के घेरे में लिया जा सकता है। एसआई का फोकस इस बात पर है कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यपूर्ण हो। पुलिस मुख्यालय ने यह स्पष्ट किया है कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी पूरी जांच को बारीकी से देख रही है।

# धार्मिक स्थलों पर नियंत्रित की जाएगी भीड़

## श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुरक्षित और सुखद बनाने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं होंगी: आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं मंडल के सभी जिलाधिका. रियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित, सरल और सुखद बनाना था। मंडलायुक्त रावत ने कहा कि कुमाऊं के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे कैंची धाम, मां गर्जिया देवी, जागेश्वर, मां पूर्णागिरी, हाट कालिका, बागनाथ आदि पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस वृद्धि के मद्देनज़र, उन्होंने इन स्थलों पर भीड़ एवं व्यवस्था प्रबंधन के लिए प्रभावी



उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही भीड़ की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, धार्मिक स्थलों पर पेयजल, शौचालय, प्राथमिक उपचार, बैरिकेट्स, पार्किंग और विश्राम स्थलों जैसी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। श्री रावत ने आपदा और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए कार्य योजना तैयार करने की आवश्यकता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि आवश्यकतानुसार क्रेन, जेसीबी और अन्य यांत्रिक संसाधनों की अग्रिम डिमांड की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत काम में लिया जा सके। उन्होंने कैंचीधाम में होने वाली भीड़ के नियंत्रण के लिए हल्द्वानी से सटल सेवा शुरू करने और पार्किंग स्थल चयनित करने के निर्देश भी दिए। एसएसपी नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी ने कैंची धाम और गर्जिया देवी मंदिर से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की। इस मौके पर डीएम यूएसनगर नितिन भदौरिया, अल्मोड़ा अंशुल सिंह, चंपावत मनीष कुमार, पिथौरागढ़ आशीष भटगाई, बागेश्वर आकांक्षा कोंडे सहित एसएसपी मौजूद रहे।

# संस्कृत और सनातन के गौरव के रूप में उभर रहा है पतंजलि गुरुकुलम् देवप्रयाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवप्रयाग।** सम्पूर्ण राज्यों के सभी संस्कृति महाविद्यालयों व विश्व. विद्यालयों को पीछे छोड़कर संस्कृत की राज्य स्तरीय शास्त्र स्पर्धा में सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने वाला गुरुकुल बना पतंजलि गुरुकुलम्, देवप्रयाग। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा देवप्रयाग परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में पतंजलि गुरुकुलम् मूल्या ग्राम, देवप्रयाग की छात्राओं ने 18 प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अत्युत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11 प्रतियोगिताओं में प्रथम, 4 में द्वितीय एवं 2 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। पतंजलि गुरुकुलम् की छात्राओं ने जहाँ श्रद्धेय स्वामी जी के संस्कृत के द्वारा संस्कृति संरक्षण के



अभियान को आगे बढ़ाते हुए पतंजलि को गौरवान्वित किया, वहीं उत्तराखण्ड में देवभूमि में सबसे अग्रणी संस्थान होने का गौरव भी प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अभूतपूर्व सफलता के लिए पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा उनके सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। राज्य स्तरीय शास्त्र प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पतंजलि गुरुकुलम् मूल्या ग्राम, देवप्रयाग की छात्राएँ काञ्चीपुरम् में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। पतंजलि गुरुकुलम् देवप्रयाग की प्राचार्या साध्वी देवश्रुति, साध्वी देवाश्रिता व संस्थान के अन्य सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### पूर्व सैनिकों का पारंपरिक खिचड़ी आयोजन

**हल्द्वानी।** माघ माह के अवसर पर हल्द्वानी के ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान में अखिल भारतीय पूर्व सैनिकों द्वारा पारंपरिक खिचड़ी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े बड़ी संख्या में गौरव सेनानियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष सू. मेजर गोविंद सिंह बढ़ती, सूबेदार मेजर अर्जुन सिंह भंडारी, कैप्टन पुष्कर सिंह भंडारी, वर्तमान अध्यक्ष कैप्टन दया किशन जोशी (सेना मेडल), और पूर्व सैनिक भवन के चंद्र भगत समेत कई सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक हटाने को लेकर विवाद

## गन्नों से किया हमला, मारपीट में तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार की सुबह गोलचा कंपाउंड के पास रेलवे क्रासिंग पर बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के दर्जनभर से अधिक लोगों ने तीन युवकों पर गन्नों से हमला कर दिया। हमले में तीनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद यह पूरी घटना एक सीसीटीवी भी तेजी से वायरल हो रहा है। घायल पक्ष ने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जैम फैक्ट्री निवासी अली वारिस पुत्र असगर अली ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका भाई हुसैन वारिस उर्फ बन्टी आज सुबह करीब 9 बजे मजदूरी के लिए घर से निकला था। जब वह प्रेम सिनेमा और गोलचा कंपाउंड के पास रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा, तो रेलवे फाटक बंद हो गया। इस दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और हुसैन से गाड़ी हटाने के लिए कहा, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बीच आरोपी युवकों ने अपने 10-15 साथियों को बुला लिया। इन सभी ने गन्ने से हमला कर हुसैन को बुरी तरह से पीट दिया। हुसैन के साथ मौजूद दानिश और मेहरबान ने बचाव की कोशिश की तो उन दोनों को भी बेरहमी से पीट दिया गया। तीनों घायल युवकों को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंचे। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि घायल हुसैन वारिस ने तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



# रिटायर्ड बैंक मैनेजर से तीन लाख की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर अपराधियों ने अब रिटायर्ड बैंक शाखा प्रबंधक को निशाना बना लिया और पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन कराने के नाम पर तीन लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तल्ली हल्द्वानी निवासी रिटायर्ड शाखा प्रबंधक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते वर्ष 29 नवंबर 2025 को उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उन्हें पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन कराने का झांसा दिया। फोन करने वाले ने उन्हें एक ऐप डाउनलोड करने और अपनी बैंक डिटेल्स देने के लिए कहा। पीड़ित ने झांसे में आकर अपनी बैंक जानकारी दे दी, जिसके बाद उनके खाते से 3.05 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने तुरंत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से मदद मांगी। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बैंक डिटेल्स की जांच की जा रही है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि साइबर ठगी से जुड़े इस मामले में गहरी छानबीन की जा रही है और जल्द ही ठगों का पता लगाने की कोशिश की जाएगी।

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी०आई०एन० सं0: U40101UR2001SGC025866, | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-48 **अल्प-निविदा सूचना** दिनांक- 20/01/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0) ढालीपुर विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है::

**निविदा सं0-14/EE/M&G/DLR/ 2025-26 :** यूनिट-बी के इंटेकगेट की मरम्मत एवं अनुरक्षण के कार्य हेतु

**कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 8,49,400/-(जीएसटी अतिरिक्त)

**निविदा की उपलब्धता की तिथि:** 20.01.2026 प्रात 11:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 04.02.2026 को 16:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेवसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेवसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**(अधिशासी अभियन्ता)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में रिटायर्ड कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर ईपीएस-95 पेंशन योजना से जुड़े सेवा. निवृत्त कर्मचारियों ने मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री और सांसद को ज्ञापन प्रेषित किया। वक्ताओं ने कहा कि ईपीएस-95 को न्यूनतम 7500 मासिक पेंशन के साथ महंगाई भत्ता दिया जाए।

साथ ही पति-पत्नी को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सुप्रीम कोर्ट के 4 नवंबर 2022 के आदेश के अनुरूप उच्च पेंशन का लाभ सभी पात्र कर्मचारियों को दिए जाने की भी मांग की गई। प्रांतीय अध्यक्ष भूपेंद्र अधिकारी ने कहा कि सरकार केवल आश्वासन देकर पेंशनर्स की उपेक्षा कर रही है। प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष पान सिंह नेगी ने कहा कि जो कर्मचारी किसी कारणवश उच्च पेंशन योजना से नहीं जुड़ पाए, उन्हें भी इसका लाभ दिया जाना चाहिए। कर्मचारी नेताओं ने उम्मीद जताई कि बजट सत्र में सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय लेगी। धरना प्रदर्शन के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने ईपीएस-95 कार्यालय में भी प्रदर्शन किया।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट**
**CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867**

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 13/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 03.01.2026 द्वारा निविदा संख्या 20/25-26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 19.01.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 20.01.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 27.01.2026 एवं खुलने की तिथि 28.01.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 175/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 20.01.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी प्रॉपर्टी से संबंधित तीन रजिस्ट्री की मूल दस्तावेज के संबंध में शुद्धिकरण जिसका बही संख्या 1 जिल्द 2623 के पृष्ठ 163 से 178 के क्रमांक 1123 पर दिनांक 14.02.2018 को विधिवत रूप से सब रजिस्टार द्वितीय विकास नगर देहरदून में पंजीकृत है, शुद्धिकरण जिसका बही संख्या 1 जिल्द 2623 के पृष्ठ 147 से 162 क्रमांक 1122 दिनांक 14.02.2018 को विधिवत रूप से सब रजिस्टार द्वितीय विकास नगर देहरदून में पंजीकृत है, विक्रय पत्र जिसका बही संख्या 1 जिल्द 1381 के पृष्ठ 179 से 208 क्रमांक 8640 दिनांक 24.09.2015 को विधिवत रूप से सब रजिस्टार द्वितीय विकास नगर देहरदून में पंजीकृत है जिसके मुल अभिलेख कहीं खो गये हैं। किसी को भी मिले सम्पर्क करें अधिवक्ता राहुल चन्देल मो0 नं0 9897423379 पर संपर्क करें।

विपलव गोयल पुत्र श्री वेद प्रकाश गोयल निवासी फलैट नं0 6, टावर नं0 1, द्वितीयतल, प्रकृति हाईटस, आई0टी0बी0पी0 रोड, नियर होटल सन्स पार्क इन, देहरादून उत्तराखण्ड।

**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड

इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन, 583-ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून- 248001

टैलीफैक्स- 0135-2522941, ई-मेल - pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGCO32591

**Ref No: - 1642/BRIDCUL-233/26** **NIT (Notice Inviting Tender)-2nd Call** **Dated: 20/01/2026**

On behalf of Managing Director, BRIDCUL, sealed **Item Rate Tenders** with Post Qualification, are invited in two separate envelops (Technical and Financial) simultaneously from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore) and as per the detailed specifications, terms & Conditions given in the tender documents for following work:-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost with GST & All Taxes (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Rs.) | Cost of Tender Form | Tender Document can be obtained/ submitted at |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Ground Water Recharge Pit & Renovation Work at Registration Cum Transit Camp Rishikesh (Dehradun), Uttarakhand | 12.11 | 36500.00 | ₹ 5000/- + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |

The tender documents can only be purchased from the office of the respective Project Manager between 10.00 am to 5.00 pm on all working days from **21.01.2026 to 03.02.2026.** The cost of tender document amounting to Rs 5000+18%GST, will be paid while purchasing the tender documents, by cash or Demand Draft in the favour of Project Manager, BRIDCUL, Dehradun. The tenders should reach the office latest **by 1500 hours on 03.02.2026 and the technical bid shall be opened at 1530 hours on the same day** in presence of tenderers who choose to be present.

**Project Manager**
**BRIDCUL**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कारपोरेट आई.डी. नं. : U40109UR2001SGC025867
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001
दूरभाष: 0135-2763672-75

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी फर्मों से निविदायें दो भागों में आमन्त्रित की जाती है। जिसके प्रथम भाग में धरोहर राशि दूसरे भाग में न्यूनतम दरें एवं शर्तें निहित है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा के सम्मुख अंकित निर्धारित देय पर इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। धरोहर राशि अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय) के पक्ष में छः माह के लिए बन्धित हो तथा डाक से निविदा प्रपत्र मंगाने पर रु० 100.00 (डाक खर्च) अतिरिक्त देय होगा परन्तु निविदा प्रपत्र का डाक से देरी अथवा खो जाने पर विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। निविदा खुलने के दिन यदि अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को यथा-समय खोली जायेगी। निविदा उन्ही फर्मों को दी जायेगी जिन्होने विगत वर्षों में समान प्रकृति के कार्यों का सन्तोषजनक रुप से सम्पादित किया है तथा जो आयकर/विक्रयकर अदायगी का नवीनतम प्रमाण पत्र प्रेषित करेगा, निविदा प्रपत्र पाने के पात्र माने जायेंगे। अधोहस्ताक्षरी को निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

**(1) निविदा संख्या-09/अ०अ० (का०में०)/2025-26**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | निविदा खरीदने की अन्तिम तिथि | निविदा डालने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual running and maintenance of submersible pump & repairing work of pump house at V.C.V. Gabar Singh Urja Bhawan, UPCL, Dehadun | 18,000.00 | 500+GST | Upto 03.02.2026 at 17:00 hrs | 04.02.2026 at 14:00 hrs | 04.02.2026 at 15:00 hrs |

No. 60/EE(CM)/UPCL/A-2/ Dt. 20/01/2026 **अधिशासी अभियन्ता (का०में०)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 18001804185/ फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) (कोरपोरेट आईडी नं. U40109UR2001SGC025867/2358) विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001
दूरभाष संख्या: 91-135-2763672-76, फैक्स: 91-135-2760289 वेबसाइट: www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत हैं-

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर i.e. 2022-2023, 2023-2024 & 2024-2025 (₹में) | धरोहर राशि (₹में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (₹में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एव समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफलाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टे सैट जी आई 16x1800mm | सी.सी.पी.-I/ 23/2025-2026 | 1,25,000 नग | 8,63,91,250.00 | 12,95,87,000.00 | 17,28,000.00 | 23,600.00 | 29.1.2026 को 12:00 बजे | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 15:30 बजे |
| 2 | स्टे सैट जी आई 20x1800mm | सी.सी.पी.-I/ 24/2025-2026 | 20,000 नग | 1,44,05,000.00 | 2,88,10,000.00 | 2,89,000.00 | 11,800.00 | | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 15:45 बजे |
| 3 | वी टाईप क्रास आर्म एंगल 65x65x6mm 11के०वी० | सी.सी.पी.-I/ 25/2025-2026 | 20,000 नग | 1,23,17,600.00 | 3,05,46,000.00 | 3,06,000.00 | 11,800.00 | | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 16:00 बजे |
| 4 | वी टाईप क्रास आर्म चैनल 100x50mm 33के०वी० | | 2,500 नग | 29,55,200.00 | | | | | | |
| 5 | डिस्क फीटिंग (बी एण्ड एस टाईप) रैविट/वीजल 45 के०एन० | सी.सी.पी.-I/ 26/2025-2026 | 20,000 नग | 87,42,000.00 | 1,74,84,000.00 | 27,15,000.00 | 5,900.00 | | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 16:15 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** को देखें।
**No.: 62/1/EE(cm)UPCL/A-2 Dt.: 20.01.2026** अधीक्षण अभियन्ता कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912)
'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं'
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की राजधानी में प्रथम दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा। भारत की दो पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों नीति रावत और जसोदा गुलिया ने डीपीवीएल की बुनियाद रखी है। मंगलवार को दिल्ली और देश के जाने माने पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग कराए जाने की घोषणा की गई। पहले खिलाडी और अब पिछले अनेक दशकों से खेल अधिकारी के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले दिल्ली में वॉलीबॉल के स्तंभ कुलदीप वत्स ने नीति और जसोदा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) अनूठी पहल है और इसे सफल बनाने में दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन कोई कसर नहीं छोड़ेगी।नीति और जसोदा दिल्ली वॉलीबॉल के लिए सुनहरा सपना लेकर आई हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रेमियर लीग में मंगलवार को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का फैसला किया।

दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने टॉस जीतने के बाद कहा कि अंडर लाइट्स गेंद स्किड करेगी और ओस आने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स में एक बदलाव है, मिन्नू मणि की जगह दिया यादव को जगह दी गई है। रॉड्रिग्स ने कहा कि दिया भले ही 16 वर्ष की हैं लेकिन वह बड़े शॉट्स खेल सकती हैं। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पहले गेंदबाज़ी करने का बेहतर विकल्प होता। एमआई में चार बदलाव हैं, वैष्णवी शर्मा आज डेब्यू कर रही हैं। कमालिनी की जगह राहिला फ़िरदौस खेल रही हैं।

# टी-20 सीरीज में होगा भारत का कड़ा इम्तिहान




**न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला हाई-वोल्टेज मैच नागपुर में आज, सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय**

**नागपुर, वार्ता।** क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी-20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा।

सभी के मन में एक ही सवाल है। क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है? भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल -ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है। लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा।

भारत का टी-20 का रथ पूरी रफ्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा। नागपुर में पहला टी-20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुक. ाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी-20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी। वहीं माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा कि आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी।

इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा। इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी-20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ। वॉल्टर ने खिलाड़ियों के आने-जाने पर बात करते हुए कहा कि इस वक्त टीम में खिलाड़ियों की आवाजाही काफ़ी ज्यादा है।

कुछ खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, तो कुछ सीधे फेंचाइजी क्रिकेट से हमारे साथ जुड़ रहे हैं। वहीं, बाकी खिलाड़ी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और सुपर स्मैश खेलकर आ रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए तेज गेंदबाज़ी में हमारे पास पुख्ता विकल्प मौजूद रहें। क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे में टीम के साथ थोड़ा और वक्त बिताने का यह बेहतरीन मौक़ा है।

# सायना नेहवाल ने संन्यास लिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है।

लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। सायना ने कहा कि मैंने दो साल पहले खेलना बंद

**● ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने घुटने की पुरानी कंडीशन की वजह से कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की**

कर दिया था। मुझे असल में लगा कि मैं अपनी शर्तों पर स्पोर्ट में आई और अपनी शर्तों पर ही छोड़ी, इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं थी। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने बताया कि यह फैसला उनके घुटनों में कार्टिलेज के गंभीर डिजनरेशन की वजह से लिया गया था, जिससे लगातार हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिग करना नामुम्. कन हो गया था। सायना ने अपने माता-पिता और कोच के साथ हुई बातचीत का ज़िक्र करते हुए कहा कि तुम्हारा कार्टिलेज पूरी तरह से खराब हो गया है, और तुम्हें आर्थराइटिस है। मैंने बस उनसे कहा, 'अब शायद मैं यह और नहीं



कर पाऊंगी, यह मुश्किल है। सायना ने बताया कि उसका शरीर अब एलीट बैडमिटन की फिजिकल जरूरतों को नहीं झेल सकता। उसने आगे कहा कि आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिग करते हैं। अब मेरा घुटना एक या दो घंटे में ही जवाब दे रहा था। उसमें सूजन आ गई थी, और उसके बाद ज़ोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था। इसलिए मुझे लगा कि बस बहुत हो गया। मैं अब और ज़ोर नहीं लगा सकती। सायना नेहवाल को इंडियन बैडमिटन की एक ट्रेलब्लेजर माना जाता है। वह लंदन 2012 ओलंपिक्स में विमेंस सिगल्स ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर मशहूर हुईं, और ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली इंडियन बैडमिटन प्लेयर

# भारत में खेलने को लेकर रुख में कोई बदलाव नहीं

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने मंगलवार को फिर से संकेत दिया कि आईसीसी टी20 विश्व कप भारत में खेलने के मामले में वे अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं हैं।

आसिफ ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि अगर बांग्लादेश सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करता है और आईसीसी से अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए कहता है, तो स्कॉटलैंड उनकी जगह ले सकता है। वीकेंड में, बीसीबी ने इस गतिरोध को लेकर ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई


**● बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने फिर संकेत दिया, अटकलों को नकारा**

समझौता नहीं हुआ क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था। यह समझा जाता है कि आईसीसी ने मामले को सुलझाने के लिए 21 जनवरी की समय सीमा तय की है, क्योंकि उनके पास समय कम है। अगर उन्हें बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को लेना है, जो विश्व



कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, तो उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 15 दिन देने होंगे। आसिफ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि हमारी जगह (आगामी टी20 विश्व कप में) स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में झुकता है और अनुचित शर्तें लगाकर हम पर दबाव डालने की कोशिश करता है, तो हम उन शर्तों को स्वीकार नहीं करेंगे।

# सिनर का दूसरे राउंड में प्रवेश



**मेलबर्न, वार्ता।** जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गए, जब ह्यूगो गैस्टन ने दूसरे सेट के दौरान बीमारी के कारण मैच छोड़ दिया।

दो बार के डिफेंडिग चैंपियन, सिनर, मैच पर पूरी तरह से कंट्रोल में थे, 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, जब फ्रेंच खिलाड़ी - जिसने पहले सेट के बाद डॉक्टर को बुलाया था - रॉड लेवर एरिना के अंदर खेलना जारी नहीं रख सके। सिनर ने कहा कि मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते, जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। वह इतना टैलेंटेड खिलाड़ी है, इसलिए मुझे पता था कि मुझे बहुत ऊंचे लेवल पर खेलना होगा, जितना हो सके आक्रामक होने की कोशिश करनी होगी, जो मैंने किया। इसलिए मैं बहुत खुश हूं, यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। सिनर

**● गैस्टन के दूसरे सेट के दौरान बीमारी के चलते मैच छोड़ दिए जाने के कारण जैनिक सिनर अगले राउंड में पहुंचे**

ओपन एरा में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, नोवाक जोको. विच के 2011-13 और 2019-21 के खिताब जीतने के बाद। अगले राउंड में उनका मुक. ाबला लकी लूज़र डिनो प्रिज्मिक या ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ से होगा।

मैच के छठे गेम में, सिनर ने एक शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और ब्रेक पॉइंट हासिल किया, जिससे गैस्टन गेंद तक पहुंचने की बेताब कोशिश में गिर गए। सिनर ने नेट पर अपने विरोधी का हालचाल पूछा, हालांकि गैस्टन को कोई चोट नहीं लगी थी, और बाद में लिया गया मेडिकल टाइमआउट गिरने से संबंधित नहीं लग रहा था।

### कमलिनी WPL के बाकी मैचों से बाहर




**वडोदरा, वार्ता।** जी कमलिनी टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों के लिए जी कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा को चुना है। एमआई की विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी ने इस सीजन में 5 मैच खेले थे, जिसके बाद चोट के कारण उन्हें सीजन से बाहर होना पड़ा। वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल होंगी। यह बाएं हाथ की स्पिनर, जो 2025 में भारत की अंडर19 महिला टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, ने भारत के लिए 5 टी-20 मैच खेले हैं और 5 विकेट लिए हैं।

# अनुभवी झांग शुआई पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीनी अनुभवी खिलाड़ी झांग शुआई मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला सिगल्स के पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गईं जबकि वांग शिन्यू ने क्वालिफायर एंहेलिना कलिनीना पर सीधे सेटों में जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली। चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जगह बना ली है। प्रेस्टन ने किया एरिना में एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 2-6, 6-3 से जीत हासिल करते हुए 26 विनर्स लगाए। 20 साल की प्रेस्टन ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की है, यह बहुत अच्छा है, जिन्होंने इस महीने ब्रिस्बेन में झांग से मिली पिछली हार का बदला लिया। प्रेस्टन, जो ग्रैंड स्लैम में अपनी पहली मेन-ड्रॉ जीत की तलाश में थीं, ने आक्रामक शुरुआत की और



**● चीनी खिलाड़ी झांग युआई पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गई**

पहला सेट जीतने के लिए 12 विनर्स लगाए। 36 साल की झांग ने प्रेस्टन की सर्विस पर दबाव डालकर मैच को बराबर किया। दुनिया में 161वें नंबर पर मौजूद प्रेस्टन ने तीसरे सेट के पहले गेम में ब्रेक लेकर वापसी की और जीत हासिल की। वह अब चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा से खेलेंगी। दुनिया में 46वें नंबर पर रैंक वाली वांग ने एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 6-3 से पहले राउंड का मैच जीता, जिसमें उन्होंने 10 ऐस लगाए। वांग दूसरे राउंड में पूर्व फेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको या रेबेका ामकोवा से खेलेंगी। 24 साल की यह खिलाड़ी अभी तक किसी ग्रैंड स्लैम में चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई है। वांग इस महीने की शुरुआत में अपने करियर के दूसरे फाइनल में पहुंचने के बाद मेलबर्न पहुंचीं, जहां वह ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना से हार गई थीं। उन्होंने मजबूत सर्विस और 11 विनर्स के साथ पहला सेट अपने कंट्रोल में रखा। कलिनीना, जो 2023 में करियर की सबसे ऊंची 25वीं रैंकिंग पर पहुंची थीं, ने दूसरे सेट में शुरुआती टक्कर दी, जबकि वांग ने अपनी बाईं बांह पर पट्टी बांधी हुई थी। इसके बाद वांग ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच खत्म कर दिया। इस बीच चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने इटली के लुका नारडी को हराकर पहली बार दूसरे राउंड में जगह बनाई। वू ने लगभग तीन घंटे में 7-5, 4-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करते हुए 45 विनर्स लगाए। 26 साल के वू का अगला मुकाबला एलियट स्पिज़री से होगा, जिन्होंने 28वीं सीड जोआओ फोन्सेका को हराया था। वू ने मेन ड्रॉ में पहुंचने के लिए तीन क्वालिफाइंग मैच जीते, यह 2023 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ में उनकी पहली उपस्थिति है। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट

# वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा डबल्स से बाहर





**मेलबर्न, वार्ता।** वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस डबल्स कॉम्पिटिशन से पहले राउंड में हारकर बाहर हो गईं। इस जोड़ी को फांस की एल्सा जैक्वेमोट और कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो ने एक करीबी मुक. ाबले में 7-6 (3), 6-4 से हराया। शुरुआती सेट में दोनों टीमों के बीच एक-दूसरे पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसके बाद जैक्वेमोट और अरांगो ने टाईब्रेक जीतकर बढ़त बना ली। इसी मोमेंटम को बनाए रखते हुए, फेंको-कोलंबियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में कंट्रोल हासिल किया और विलियम्स और एलेक्जेंड्रोवा के जबरदस्त फाइटबैक के बावजूद, मैच जीतकर अगले राउंड में पहुंच गईं।

# यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को चौंकाया

**नोएडा, वार्ता।** यूपी डोमिनेटर्स ने 4-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हराकर प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 7 में शानदार जीत दर्ज की। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने अनास्तासिया अल्पीएवा और कप्तान सुजीत कलकल के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मजबूत शुरुआत की, लेकिन अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या गहलावत, कप्तान निशा दहिया और अंतिम मुकाबले में दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघल की शानदार कुश्ती ने मुक. ाबले का रुख पूरी तरह पलट दिया। तपस्या गहलावत को शानदार वापसी की शुरुआत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स की अनस्तासिया अल्पीएवा को उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच सम्मान मिला। पोस्ट मैच प्रेस कांफ्रेंस में यूपी डोमिनेटर्स की कप्तान निशा दहिया ने कहा कि आज का मुकाबला काफी कठिन था क्योंकि मेरी प्रतिद्वंद्वी 62 किग्रा वर्ग की हालिया राष्ट्रीय चैंपियन हैं। मुकाबला बेहद करीबी रहा और मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया। मुझे लगता है कि मैं अपनी गलतियों पर काम करके और बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं। छोटी-मोटी चोटें इस खेल का हिस्सा हैं। टीम के तौर पर हम आने वाले मैचों में अपनी गलतियों को सुधारने और अपनी रणनीति पर टिके रहने पर ध्यान देंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए अच्छा दिन रहा और मैं सबसे ज्यादा अंक जुटाने में सफल रहा। मेरे प्रतिद्वंद्वी भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवानों में से एक थे, इसलिए जीत-हार खेल का हिस्सा है। अब हमारा पूरा ध्यान 27 तारीख को मुंबई के खिलाफ होने वाले मुक. ाबले पर है, जहां हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में शुरुआती बढ़त बनाई, जहां वफाईपौर हादी बख्तियार ने प्रभावी पार टेरे कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए मायखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। पहले पीरियड में बनाई गई बढ़त को उन्होंने अंत तक बनाए रखा। 76 किग्रा महिला वर्ग में अनस्तासिया अल्पीएवा ने शुरुआती टैकडाउन गंवाने के बाद शानदार वापसी की और ओजो डामोला हन्ना को 11-2 से मात दी। मुकाबले के अंतिम चरण में उनके टैकडाउन और टर्न ने निर्णायक भूमिका निभाई। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली की लय बरकरार रही, जहां अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने धैर्यपूर्ण और अनुशासित कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए अभिमन्यु मंडवाल को 3-0 से हराया और दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिलाई। यूपी को पहला अंक 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए मिला। अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 8-2 से जीत दर्ज की और टीम को मुकाबले में वापस लाईं। 65 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के कप्तान और अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विशाल काली रामन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराते हुए दिल्ली की बढ़त 4-1 कर दी। मैच का टर्निंग पॉइंट 57 किग्रा पुरुष वर्ग में आया, जहां राहुल देशवाल ने शुरुआती पुश-आउट के बाद जोरदार वापसी करते हुए शुभम कौशिक को 8-5 से हराया और यूपी की उम्मीदें जिदा रखीं। हेवीवेट मुकाबले में जसपूरन सिंह ने केंद्र पर नियंत्रण बनाए रखते हुए रोनक को 3-1 से हराया और अंतर को एक अंक तक कम कर दिया। इसके बाद 62 किग्रा महिला वर्ग में कप्तान निशा दहिया ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंजली को 9-5 से

## रसूली-जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया

**● शानदार बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 38 रनों से हराया**

**दुबई, वार्ता।** इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्द्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया। हालांकि, जब दरवेश रसूली क्रीज पर इब्राहिम के साथ जुड़े, तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

उन्होंने कुछ खराब गेंदबाजी का फायदा उठाया और पावरप्ले के अंत तक अफगानिस्तान को 53/2 तक पहुंचाया। आठवां ओवर छक्के के साथ शुरू हुआ और खत्म हुआ, जिससे दोनों ने अपनी 50 रन की साझेदारी पूरी की। हमला जारी रहा और वेस्टइंडीज के पास कोई जवाब नहीं था। इब्राहिम और रसूली दोनों ने लगातार ओवरों में अर्द्धशतक बनाए और पारी आगे बढ़ने के साथ-साथ उन्हें किस्मत का भी साथ मिला। वेस्टइंडीज ने एक ओवर के अंदर कुल तीन कैच छोड़े और 162 रन की साझेदारी को खत्म करने में कामयाब रहा।

# तहसील दिवस में अफसरों ने सुनी लोगों की जन समस्याएं

## लक्सर में 20 शिकायतों में से 10 का किया समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील परिसर में आज 'तहसील दिवस' का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल ने की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपे। प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के समाधान हेतु अपनाए गए सख्त रुख के चलते कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। मौके पर हुआ 10 शिकायतों का समाधान एसडीएम सौरभ असवाल ने बताया कि आज तहसील दिवस में अब तक कुल 20 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 10 समस्याओं का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर दिया गया, जिससे फरियादियों को तुरंत राहत मिली। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए उन्हें 'टाइम बाउंड' (निर्धारित समय सीमा) के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।लंबित शिकायतों के लिए टीम गठित पिछले तहसील दिवस की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने कहा कि पिछली बार की 03 शिकायतें अभी लंबित थीं, जिनके समाधान के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द इन पुरानी शिकायतों



का भी निस्तारण करा दिया जाएगा। प्रशासन की प्राथमिकता उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि तहसील दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को बिना किसी देरी के हल करना है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जो भी शिकायतें उन्हें भेजी जा रही हैं, उन पर स्थलीय निरीक्षण कर पारदर्शिता के साथ कार्यवाही की जाए ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

## भगवानपुर में 45 समस्याओं में से 11 का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, तहसील दिवस में 35 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, तथा बाकी शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए गए, तहसील दिवस में सबसे अधिक पैमाइश संबंधी शिकायतें ही प्राप्त हो पाई

मंगलवार को उपजिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिला अधिकारी ने पिछली तहसील दिवस की शिकायतों की समीक्षा की, इसके बाद ग्रामीणों द्वारा आई शिकायतों को सुना गया, जिसमें मसूद निवासी सिकरौढा द्वारा पेड़ों के अवैध कटान की शिकायत, शादाब निवासी सिकरोडा खेल का मैदान बनवाये जाने, सोमपाल निवासी हकीमपुर जल जीवन मिशन का कार्य कराय जाने, बाला निवासी सिकरोढा खेत की पमाईस कराये जाने, सुखबीर निवासी मानक मजरा खेत की पमाईस कराये जाने, विजय कुमार निवासी चुड़ियाला अवैध कब्जे हटवाए जाने, राजा राम निवासी हाल्लुमजरा खेत की पमाईस कराये जाने , अनुज कुमार निवासी नौकर ग्रंट पमाईस कराये जाने, सुधीर निवासी मंडावर अतिक्रमण हटाए जाने, आदिल राणा निवासी खेड़ी शिकोहपुर बिजली के पोल हटवाये जाने संबंधित



शिकायत दर्ज कराई, जिसमें 35 शिकायतें पहुंच पाई है। जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया । साथ ही उपजिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि तहसील दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण कराए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर किये जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। तहसील दिवस में तहसीलदार दयाराम, नायब तहसीलदार जयकर्त सिंह रावत, सजल हटवाल, राजस्व निरीक्षक संजय कुमार ,उद्यान विभाग से सचिन राठी, नलकूप से शोभित , अभिषेक शिक्षा विभाग, गौरव नागर सहकारीता समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद भी रहे।

### सीईआईआर पोर्टल आमजन के लिए साबित हो रहा है वरदान

## खानपुर पुलिस ने खोये मोबाइल मालिकों को लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/खानपुर।** मोबाइल खोने के बाद मायूस हो चुके आम नागरिकों के चेहरों पर मुस्कान लौटाने का काम थाना खानपुर पुलिस ने कर दिखाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के कुशल निर्देशन में चल रहे "ऑपरेशन रिकवरी" के अंतर्गत थाना खानपुर पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के कुल 07 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित बाजार कीमत ₹01 लाख से अधिक बताई जा रही है।

इस अवसर पर थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठी ने कहा कि "मोबाइल आज केवल संचार का साधन नहीं बल्कि व्यक्ति के निजी और आवश्यक दस्तावेजों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। ऐसे में मोबाइल खोना आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन जाता है। ब्म्प् पोर्टल की मदद से थाना खानपुर पुलिस लगातार लोगों की सहायता कर रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस जहां एक ओर अपराध एवं नशा तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशीलता के साथ कार्य कर



जनता का विश्वास भी अर्जित कर रही है। थाना खानपुर पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए उत्तराखण्ड सहित अन्य राज्यों से ट्रेस कर ये मोबाइल फोन बरामद किए। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए राहत की सांस ली और थाना खानपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि थाना खानपुर पुलिस द्वारा विगत एक वर्ष में ब्म्प् पोर्टल व अन्य माध्यमों से कुल 17 मोबाइल फोन, जिनकी बाजार कीमत लगभग ₹03 लाख आंकी गई है, बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए जा चुके हैं। इस सफल अभियान में शामिल पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी सुश्री नताशा सिंह, थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र राठी, मंसूर अली, हे0का0 अमित कुमार, म0का0 रीतू शामिल रहे। थाना खानपुर पुलिस की यह कार्यवाही न केवल तकनीक के प्रभावी उपयोग का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि हरिद्वार पुलिस आमजन की छोटी-बड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सेवा, सुरक्षा और विश्वास के संकल्प पर निरंतर आगे बढ़ रही है।

## अनुशासनहीनता के चलते लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चौकी क्षेत्र के थिथौला गांव में पुलिस द्वारा गत माह तेल चोरी को लेकर की कार्रवाई की गाज उप निरीक्षक महिपाल सैनी पर गिरी है। एसएसपी ने उपनिरीक्षक महिपाल सैनी को अनुशासनहीनता व पुलिस की छवि खराब करने के आरोप में लाइन हाजिर कर मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए है। फिलहाल लोगों की निगाह लंढौरा पुलिस चौकी पर आने वाले नए प्रभारी पर टिकी हुई है।

4 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर लंढौरा पुलिस व आपूर्ति विभाग की टीम ने थिथौला गांव में एक पार्किंग में छापेमारी कर एक तेल टैंकर 400 लीटर तेल व तेल चोरी के उपकरण बरामद किए थे। हालांकि छापेमारी के दौरान तेल कारोबारी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा की तहरीर पर बाबर पुत्र जमशेद के खिलाफ तेल चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। बताया गया है कि थिथौला गांव के कुछ लोगों ने एसएसपी प्रमेंद्र कुमार डोभाल से मुलाकात कर लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी महिपाल सैनी पर बाबर के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करने तथा मामले को रफा दफा करने की एवज में रुपयों की मांग करने का आरोप लगाते हुए मौके के विडियो फुटेज भी उपलब्ध कराए है। फिलहाल एसएसपी ने उपनिरीक्षक महिपाल सैनी को अनुशासनहीनता व विभाग की छवि धूमिल करने के आरोप में लंढौरा पुलिस चौकी से हटाकर पुलिस लाइन रोशनाबाद भेज दिया है। वही एसएसपी द्वारा चौकी प्रभारी के खिलाफ की कार्रवाई को लेकर पुलिस विभाग में हडकंप मचा हुआ है।

## घर में घुसकर महिला से अभद्रता पर आरोपियों को 2 वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सिविल जज न्याय मजिस्ट्रेट लक्सर अनुराग त्रिपाठी की अदालत ने घर में घुसकर महिला की लज्जा भंग करने के आरोप में दो व्यक्तियों को 2 साल की साधारण कारावास व 1000 अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

प्रभारी अभियोजन अधिकारी कपिल पंत ने बताया कि 15 अप्रैल 2015 को मुंडा खेड़ा का रहने वाला वादी लाल सिंह अपने खेत में गया हुआ था घर पर दो लड़की बूढी दादी मौजूद थी तभी वहां पर करीब 2:00 बजे दो लड़के गुरचरण पुत्र सुरेश शुभम पुत्र पप्पू आए और बुढी से पूछा कि घर पर कौन-कौन है उस वक्त घर पर कोई आदमी नहीं था जिसमें एक लड़की नहा रही थी और कपड़े गेट पर टांग रखे थे तभी यह दोनों ऊपर से देखने लगे और कपड़े उठाकर अश्लील गाली देते हुए वहां से निकल लिए तभी वहां पर लड़की के चाचा का लड़का सागर पुत्र अरविंद आया और दोनों लड़कों को पकड़ने लगा वह उसे धक्का देकर वहां से फरार हो गए जिसमें संबंधित मुकदमा परिजनों के द्वारा दर्ज कराया गया इस मामले की परोकारी सहायक अभियोजन अधिकारी कपिल पंथ के द्वारा की गई जिसमें संबंधित धारा में 2 वर्ष साधारण कारावास ₹500 अर्थ दंड दूसरे संबंधित मामले में एक वर्ष की साधारण कारावास ₹500 अर्थ दंड सजा सुनाई गई जिस वक्त न्यायालय का डंडा चलता है अच्छे-अच्छो की अकल दुरुस्त हो जाती है यह जो आवारा गर्दी करते हुए गांव में घूमते हैं उनके लिए एक नजीर बन रही है।

### डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

## प्रवीण मेहंदीरत्ता अध्यक्ष व सौरभ गोयल बने सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर के व्यापारिक हितों की रक्षा और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को नई दिशा देने के संकल्प के साथ 'डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ऑफ रुड़की' की बैठक में द्विवार्षिक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रवीण मेंहदीरत्ता को अध्यक्ष व सौरभ गोयल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथी अन्य पदों पर भी नियुक्ति की गई।

रामनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक अंजेश अग्रवाल की देखरेख में कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक अंजेश अग्रवाल,अध्यक्ष प्रवीण मेहंदीरत्ता,उपाध्यक्ष मनीष साहनी व किरण सेठी,सचिव सौरभ गोयल, कोषाध्यक्ष रवि खंडेलवाल, संयुक्त सचिव हेमंत जुल्का,सलाहकार प्रिंस लखानी व सुनील गुलाटी,मीडिया प्रभारी अभिषेक गर्ग,कार्यक्रम समन्वयक मनीष नारंग को नियुक्त किया गया। संरक्षक अंजेश अग्रवाल ने कहा डिस्ट्रीब्यूटर्स की समस्याओं का ठोस समाधान होगा। बैठक के दौरान डिस्ट्रीब्यूटर्स के सामने आ रही गंभीर चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण मेहंदीरत्ता ने कहा संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। उन्होंने कहा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से मिल रही चुनौतियों के बीच डिस्ट्रीब्यूटर्स के प्रॉफिट मार्जिन को सुरक्षित रखने के लिए कंपनियों से



वार्ता की जाएगी। कंपनियों में फंसे हुए एक्सपायरी और डैमेज क्लेम को समयबद्ध तरीके से सेटल कराने और बाजार में रुकी हुई उधारी के लिए संगठन एक सशक्त सेल के रूप में कार्य करेगा। जीएसटी और अन्य सरकारी विभागों से संबंधित जटिलताओं को सुलझाने के लिए शासन-प्रशासन के साथ मजबूती से पैरवी की जाएगी।ष्एक मंच, एक आवाजष का मिशन बदलते व्यापारिक परिवेश में सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स का एक मंच पर आना अनिवार्य है। वहीं, नवनियुक्त सचिव सौरभ गोयल ने कहा, षडिस्ट्रीब्यूटर व्यापार की वह महत्वपूर्ण कड़ी है जो उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़ती है। अब रुड़की का डिस्ट्रीब्यूटर अकेला नहीं है; संगठन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। बैठक के समापन पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया और मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय गुलाटी, विशाल, अम्बुज, पीयूष गर्ग, पीयूष सैनी, अभिषेक, अजय चौधरी, सनी नारंग और श्याम बत्रा सहित भारी संख्या में स्थानीय व्यापारी और डिस्ट्रीब्यूटर्स उपस्थित रहे।

## कार में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजेंद्र नगर में एक कार में आग लगने से अफरातफरी मच गई।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

शाम करीब पांच बजे फायर स्टेशन रुड़की को सूचना प्राप्त हुई। जिसमें बताया गया था कि राजेंद्र नगर कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में एक स्कोडा कार में आग लगी है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय व्यक्तियों के सहयोग से फायर एक्सटिंग्विशर व पानी डालकर आग को पूर्ण रूप से बुझाया एवं आग को फैलने से भी रोका आग डीजल टैंक की ओर बढ़ने से रोका आग से कार का अगला भाग वायरिंग आदि सामान जल गया। अन्य कोई जनहानि नहीं हुई है कार स्वामी नवीन पुत्र रणजीत सिंह निवासी राजेंद्र नगर द्वारा बताया कि बोनट में अचानक शाट सर्किट होने से आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड की टीम मे लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा,चालक नरेंद्र सिंह तोमर, फायरमैन जगवीर सिंह फायरमैन सुनील कुमार बंदोलिया शामिल रहे।

## प्रतियोगिता में नाजिया व नसरीन का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ब्लॉक स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, बी0आर0सी0 नारसन मंगलौर पर किया गया। प्रतियोगता का शुभारम्भ प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी शाने करीम सिद्दीकी ने किया।इस अवसर पर शाने करीम सिद्दीकी ने कहा कि आधुनिक युग विज्ञान का युग है, सभी बच्चों को अपने अंदर वैज्ञानिक सोच रखनी चाहिये, बिना विज्ञान के हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। बी0आर0पी0 जगमोहन राणा ने व्यवस्था संभाली। जूनियर स्तर की प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय न03 मंगलौर की नाजिया और समरीन की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडलाना के लईक व रिहान की टीम दूसरे नंबर पर, व उच्च प्राथमिक विद्यालय बस्वाखेड़ी के आर्यन व विनीत की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता में हाई स्कूल,किला मंगलौर के अलिश व कन्हैया प्रथम स्थान पर रहे, हाई स्कूल बसवा



खेड़ी के दिशु व निखिल, दूसरे स्थान पर रहे, व राज0कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानक चौक के निखिल व अदीब ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में वसीम अहमद, आदर्श वीर भारद्वाज,अरुण कुमार,आलोक सिंह,नेहा परवीन,अब्दुल कादिर,मीनाक्षी,अमिता सैनी,विशाल,पूनम सिंह,सुलोचना वर्मा,चंद्र शेखर,अनिल कुमार,नरेश भंडारी,डोली सैनी,वफा रानी, आदि ने प्रमुख सहयोग किया।

## बेरोजगारों के हक पर डाका डाल रहा दुग्ध संघ : विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सिंह सैनी ने हरिद्वार दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (आंचल) द्वारा निकाले गए मिल्क बूथों के टेंडर को बेरोजगार युवाओं के खिलाफ एक बड़ी साजिश करार दिया है। मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने विभाग को चेतावनी दी कि यदि इन टेंडरों को तत्काल निरस्त नहीं किया गया, तो संगठन सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेगा। नीतियों के नाम पर युवाओं का आर्थिक शोषणघ्पत्रकारों को संबोधित करते हुए विकास सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2004 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक कल्याणकारी योजना लागू की गई थी। इसके तहत युवाओं को 'फ्री ऑफ कॉस्ट' (बिना किराए के) बूथ उपलब्ध कराए गए थे और मात्र ₹30,000 की सुरक्षा राशि जमा की गई थी। घ्उन्होंने आरोप लगाया कि अब दुग्ध संघ नई नीतियों की आड़ में युवाओं का शोषण कर रहा है। नए टेंडर में सुरक्षा राशि को बढ़ाकर 75,000 और मासिक किराया 5,000 कर दिया गया है।

### इकबालपुर शुगर मिल के कर्मचारियों का वेतन न मिलने पर

## भाकियू का अनिश्चित कालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में मंगलवार को 22वें दिन भी शुगर मिल कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने पर निश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा ।कर्मचारी का कहना है कि जब तक वेतन नहीं मिलता धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मंगलवार को धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता भारतीय किसान रोड द्वारा की गई। लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में लगभग 300 कर्मचारी कार्यरत है कर्मचारियों को 16 माह से वेतन नहीं मिल पाया है। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार 16 माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अलावा शासन प्रशासन के अधिकारियों से भी वेतन दिलाने की मांग की गई। हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ भी नहीं मिल पा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि शुगर मिल में रखा शीरा बेचकर वेतन दिलाने का आश्वासन दिया है। शुगर मिल कर्मचारियों का कहना है कि शुगर मिल प्रबंधन उन्हें लगातार आश्वासन देकर उनकी अनदेखी कर रहा है। वर्तमान सत्र में शुगर मिल में गन्ने की पेराई भी नहीं हुई है ।जिससे शुगर मिल में लगी मशीनो को भी जंग लग जाने से उनकी स्थिति भी खराब होने के कगार पर है ।भारतीय किसान यूनियन



रोड प्रदेश अध्यक्ष सचिन टोडा का कहना है कि इकबालपुर शुगर मिल प्रबंधन तथा प्रशासनिक अधिकारी जब तक शुगर मिल कर्मचारियों का वेतन नहीं दे देते वह कंधे से कंधा मिलाकर शुगर मिल कर्मचारियों के साथ धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन रोड प्रदेश अध्यक्ष सचिन तोड़ा राजवीर सिंह मुबारक अली रविंद्र कुमार मेहता सिंह नवीन सैनी सत्येंद्र कुमार परवेज मैदान राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एसडीपीसी कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री सनातन धर्म प्रकाश चंद कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का दिल्ली रोड मोहम्मदपुर में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ रामराज द्वारा संपन्न हवन-यज्ञ एवं वैदिक पूजन के साथ हुआ। शिविर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गर्ग के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान के कुशल निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीनियर एसआई मनसा नेगी ने स्वयंसेवी छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाई। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे एक अनुशासित, जागरूक और समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक बनें।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गर्ग ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक जीवंत प्रक्रिया है। यह छात्राओं को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर समाज की जमीनी हकीकत और समस्याओं से जोड़ती है।वहीं महाविद्यालय गुणवत्ता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. भारती शर्मा ने 'स्वयं से पहले आप' के ध्येय वाक्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सच्ची सेवा वही है जहाँ व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर




उठकर समाज हित को प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन नगर निगम रुड़की के सहयोग से 'प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)' पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें विस्तार से ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी देंगे। घ्इस अवसर पर नागेंद्र ट्रस्ट के डायरेक्टर पियूष गर्ग, नगर निगम से सुश्री प्रियंका सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं स्वयंसेवी छात्राएं उपस्थित रही।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 21 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कोर्ट का सख्त रुख

आवारा कुत्तों को लेकर इस समय देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मंगलवार को भी इस पर सुनवाई की है। बेंच चाहती थी कि यह सुनवाई आज ही पूरी हो जाए, लेकिन अब अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दलीलें देखने में आई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की बेंच आवारा कुत्तों को लेकर बेहद स्पष्ट दिखाई दी और उसने यही संकेत दिया कि तमाम दलीलें अपनी जगह, लेकिन इंसानों के जीवन से किसी तरह का कोई समझौता नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को लेकर काफी खफा दिखाई दिया और उसने उनके वकील राजूराम चंद्रन से कह डाला कि आपकी मुवक्किल बिना सोचे-समझे अदालत पर टिप्पणियां कर रही हैं और वह इस हद तक पहुंच गई हैं जहां वह अदालत की अवमानना के दायरे में आ जाती हैं। अदालत का यह भी कहना था कि इसके बावजूद अदालत अपनी उदारता के चलते उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने तो सवाल भी उठा दिया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थी, तब उन्होंने कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर वकील रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है और वह अजमल कसाब जैसी मामलों में भी पैरवी कर चुकी हैं। उनके यह कहने पर जस्टिस विक्रमनाथ ने सख्त लहजे में कह डाला कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की थी। एडवोकेट चारू माथुर ने भी कहा कि राज्यों की चूक साफ दिखाई देती है। तो वहीं सिद्धार्थ दवे का कहना था कि संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करूणा रखने का निर्देश देता है और मनुष्य पशु के टकराव से जुड़े मामले में अब तक अदालत बड़े पैमाने पर वन्य जीवों की रक्षा करती आई है। बेंच ने बाद में आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की तरफ से दलीलें पूरी हो गई हैं और मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी। अदालत ने यह भी साफ किया कि अब तक जो उसने अपनी तरफ से आवारा कुत्तों को लेकर टिप्पणी की है, उसको हलके में न लिया जाए। यह कोई मजाक नहीं है, बल्कि बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट का साफ कहना था कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। कोर्ट ने यह कहकर साफ किया कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणी को मजाक समझना गलत होगा और कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा।

## साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा



महाभ्रष्ट राज में प्रयागराज माघ मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है, माघ मेला महाभ्रष्टाचार की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है, शासन-प्रशासन कमीशनखोरी के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है, भाजपा को कमिश्नर की जगह कमीशनर नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए, मेलाक्षेत्र के संजय का धृतराष्ट्र कौन है, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया -सुनाया जा रहा था।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## बच्चों की सेहत पर जीर्ण रोग का नकारात्मक प्रभाव

मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

# यहां हर कदम पर बिखरा पड़ा है सौंदर्य

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।



**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# अधिकतर जीवों के जीवन में अंधकार लाती आर्टिफिशियल लाइटस

इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि भारत और दुनिया भर में पक्षियों की प्रजातियां और पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। मानव गतिविधि जनित जलवायु परिवर्तन के अलावा, प्रदूषण, कीटनाशकों का उपयोग, सिमटते प्राकृतवास और शिकार इनकी विलुप्ति का कारण है। और अब इस बारे में भी जागरूकता काफी बढ़ रही है कि रात के समय किया जाने वाला कृत्रिम उजाला पक्षियों की कई प्रजातियों का बड़ा हत्यारा है।

साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित अपने एक लेख में नॉर्थ कैरोलिना के जोशुआ सोकोल ने इस नाटकीय प्रभाव का वर्णन किया है। 2001 में हुए 9/11 हमले की याद में न्यूयॉर्क शहर में दो गगनचुंबी प्रकाश स्तम्भ, ट्रायब्यूट इन लाइट, स्थापित किए गए हैं और पक्षियों की आबादी पर इनका प्रभाव पड़ रहा है। 11 सितंबर की रात में जब यह दो प्रकाश स्तम्भ ऊपर आकाश तक जगमगाते हैं तो यह फुदकी warbler, समुद्री पक्षी seabird, कस्तूर thrush जैसे हजारों प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके साथ ही शाहीन बाज peregrine falcons जैसे शिकारी पक्षी प्रवासी पक्षियों के इस भ्रम का फायदा उठाने और उन्हें चट करने को तत्पर होते हैं।

लेख के अनुसार, 20 मिनट के भीतर ट्रायब्यूट इन लाइट प्रकाश स्तम्भ के आधे किलोमीटर के दायरे में करीब 16,000 पक्षी इकट्ठे हो जाते हैं, साल में एक बार होने वाला यह आयोजन दस लाख से अधिक पक्षियों को एक जगह इकट्ठा कर देता है और जब चिंतित पर्यवेक्षक देखते हैं कि इसके चलते वहां बहुत सारे पक्षी जमा हो रहे हैं, तो आयोजक रोशनी कम कर देते हैं और अब, यहां मौसम विज्ञानियों द्वारा कुल वर्षा का अनुमान लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली एक रडार-आधारित प्रणाली स्थापित है जिसका उपयोग 11 सितम्बर को पक्षियों की गिनती करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही, पूरे साल के दौरान पूरे महाद्वीप में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही का अनुमान लगाने के लिए भी। लेख के अनुसार, 11 सितम्बर का अध्ययन बताता है कि रात में शहरों की जगमगाती रोशनी का प्रवासी पक्षियों के उड़ान पथ पर क्या प्रभाव हो सकता है। समय के साथ ट्रायब्यूट इन लाइट की रोशनी से भटककर मंडराते हुए पक्षियों की ऊर्जा (शरीर की चर्बी) चुक जाती है, जिस कारण वे शिकारियों के आसान लक्ष्य बन जाते हैं और सबसे बुरी बात यह है कि वे पास की इमारतों की खिड़कियों से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या मर सकते हैं। लेख कहता है कि यह अच्छी बात है कि यह अध्ययन जारी हैं, क्योंकि पक्षियों की घटती संख्या चिंताजनक है। अकेले उत्तरी अमेरिका में, 1970 के बाद से 2019 तक पक्षियों की संख्या में 3 अरब से अधिक की कमी आई है। भारत की बात करें तो वेदर चैनल Weather Channel नामक एक पोर्टल की रिपोर्ट है कि भारत की 867 पक्षी प्रजातियों में से 80 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और इनमें से 101 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। यह नतीजे देशभर के 15,500 पक्षी निरीक्षकों द्वारा किए गए एक करोड़ से अधिक अवलोकनों के आधार पर दिए गए हैं। दुनियाभर में पक्षियों की कम होती संख्या और विविधता का गंभीर प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। पक्षियों से हमें मिलने वाला पहला लाभ (या यू कहें कि सेवा) है कीट नियंत्रण। अनुमान है कि पक्षीगण एक साल में तकरीबन 40-50 करोड़ टन कीट खा जाते हैं। शिकारियों के कुनबे में भी पक्षी महत्वपूर्ण हैं, वे शिकार कर चूहों जैसे कुतरने वाले जीवों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं, लेकिन पक्षियों के लिए खेती में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों का असर बाकी किसी भी कारक से अधिक नुकसानदायक होगा। कृषि के इतर भी पक्षी पौधों और शाकाहारियों, शिकार और शिकारियों का संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे दलदल और घास के मैदान पनपते हैं और यह दलदल और घास के मैदान वे प्राकृतिक एजेंट हैं जो कार्बन भंडारण करते हैं, जलवायु को स्थिर रखते हैं, ऑक्सीजन देते हैं और प्रदूषकों को पोषक तत्वों में बदलते हैं। यदि पक्षी न होते तो इनमें से कई पारिस्थितिक तंत्र अस्तित्व में ही नहीं होते और हालांकि हम तितलियों और मधुमक्खियों को सबसे महत्वपूर्ण परागणकर्ता मानते हैं, लेकिन कई ऐसे पौधे हैं जिनका परागण पक्षियों द्वारा होता है। जिन फूलों में गंध नहीं होती और हमारे द्वारा भोजन या औषधि के रूप में उपयोग किए जाने वाले 5 प्रतिशत पौधों का परागण पक्षियों द्वारा होता है। इसके अलावा पक्षियों की बीज फैलाने में भी भूमिका होती है। जब पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो उनके द्वारा खाए गए बीज भी उनके साथ वहां पहुंच जाते हैं, जो मल त्याग से बाहर निकल वहां फैल जाते हैं। पक्षी नष्ट हो चुके पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जिलाते हैं (बीजों के माध्यम से), पौधों को समुद्र के पार भी ले जाते हैं और वहां के भूदृश्य को बदल सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक करोड़ हैक्टर में फैले जंगल में से 70 प्रतिशत जंगल पक्षियों द्वारा फैलाए गए बीजों से उगा है।

दुनिया भर में संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था एनडेन्जर्ड स्पीशीज इंटरनेशनल का कहना है कि कुछ पक्षियों को मुख्य (कीस्टोन) प्रजाति माना जाता है क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी उपस्थिति (या अनुपस्थिति) अन्य प्रजातियों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए, कठफोड़वा पेड़ों में कोटर बनाते हैं जिनका उपयोग बाद में कई अन्य प्रजातियों द्वारा किया जाता है। डोडो के विलुप्त होने के बाद यह पता चला कि एक पेड़, जिसके फल डोडो का प्रमुख भोजन थे, के बीज डोडो के पाचन तंत्र से गुजरे बिना अंकुरित होने में असमर्थ थे . डोडो का पाचन तंत्र बीज के आवरण को गला देता था और अंकुरण को संभव बनाता था। पक्षी जो दूसरी भूमिका निभाते हैं वह है सफाई का काम। यह तो हम जानते हैं कि गिद्ध एक घंटे के भीतर मृत जानवर तक पहुंच जाते हैं और फिर उसके पूरे शरीर और सभी अवशेषों का निपटान कर देते हैं। यही कार्य यदि जंगली कुत्तों या चूहों पर छोड़ दिया जाए तो शव या अवशेष के निपटान में कई दिन लग सकते हैं, जिससे सड़न और बीमारी फैल सकती है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल पोर्टल का अनुमान है कि भारत में गिद्धों की संख्या में गिरावट के कारण जंगली कुत्तों की आबादी 55 लाख तक बढ़ गई है, जिसके कारण रेबीज के मामले बढ़ गए हैं और 47,300 लोगों की मौत हो गई है। पारिस्थितिकी को बनाए रखने में इतनी सारी भूमिकाएं होने के साथ ही पक्षी इस तरह अनुकूलित हैं कि वे लंबा प्रवास कर अपने माकूल स्थानों पर जाते हैं। इस तरह, ठंडे उत्तरी ध्रुव के अरबों पक्षी सर्दियों के लिए दक्षिण की ओर प्रवास करते हैं और फिर मौसम बदलने पर वापस घर की ओर उड़ जाते हैं और हालांकि इस प्रवासन की अपनी कीमत और मृत्यु की आशंका होती है, लेकिन यह पैटर्न प्रजनन मौसम में फिट बैठता है और संख्या बरकरार रहती है, लेकिन रात के समय पक्षियों के उड़ान पथ पर चमकीली रोशनियां और जगमगाते शहर पक्षियों के दिशाज्ञान को प्रभावित करते हैं और भ्रम पैदा करते हैं। इसके चलते ऊर्जा की बर्बादी होती है, भिड़ंत होती है और समूह टूटता है और शिकारियों के मजे होते हैं। रात के समय दूर के शहर से आने वाली रोशनी भी आकाशगंगा की रोशनी का भ्रम दे सकती है और पक्षियों के दिशा बोध को बिगाड़ सकती है। पक्षियों में चमकदार रोशनी के प्रति जो रहस्यमई आकर्षण होता है, वह पक्षियों को तेज रोशनी वाली खिड़की के शीशों की ओर जाने को उकसाता है। यह कोई हालिया घटना नहीं है। वर्ष 1880 में, साइंटफिक अमेरिकन ने अपने एक लेख में बताया था कि रात की रोशनी में पक्षी उलझ जाते थे। लाइटहाउस के प्रकाश का पक्षियों पर प्रभाव जानने के उद्देश्य से हुए एक अध्ययन में सामने आया था कि इससे दस लाख से अधिक पक्षी प्रभावित हुए और इसके चलते ढेरों पक्षी मारे गए। न्यूयॉर्क में ट्रायब्यूट इन लाइट का अनुभव नाटकीय रूप से उस क्षति की विकरालता को सामने लाता है जो रात की प्रकाश व्यवस्था से पक्षियों की आबादी को होती है। साइंटिफिक अमेरिकन का एक लेख बताता है कि अब रात के समय अत्यधिक तीव्र प्रकाश वाले क्षेत्रों के मानचित्र बनाने के लिए उपग्रह इमेजिंग का, और पक्षियों व उनकी संख्या को ट्रैक करने के लिए रडार का उपयोग नियमित रूप से किया जाता है। इस तरह, अमेरिका में उन शहरों की पहचान की जा रही है जिनकी रोशनी का स्तर प्रवासी पक्षियों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना रखता है। इसके अलावा बर्डकास्ट नामक एक कार्यक्रम महाद्वीप-स्तर पर मौसम और रडार डैटा को एक साथ रखता है और मशीन लर्निंग का उपयोग करके ठीक उन रातों का पूर्वानुमान लगाता है जब लाखों प्रवासी पक्षी अमेरिकी शहरों के ऊपर से उड़ेंगे। यह जानकारी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक समूहों को उनके उड़ान पथ में पड़ने वाले शहरों से प्रकाश तीव्रता नियंत्रित करने वगैरह की पैरवी करने में सक्षम बनाती है। उनके ए प्रयास प्रभावी भी रहे हैं न्यूयॉर्क शहर ने एक अध्यादेश पारित किया है जिसके तहत प्रवासन के मौसम में इमारतों को रोशनी बंद करनी होती है।

**-साभार**



बीकानेर। ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह ऊंट गाड़ी पर सवार व्यक्ति।

## दीर्घावधि से नियोजित गतिविधियों के लिए नोराड के विमान ग्रीनलैंड पहुंचेंगे

**ओटावा।** उत्तर अमेरिका एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) ने सोमवार को कहा कि उसके विमान जल्द ही ग्रीनलैंड के पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेंगे। यह तैनाती 'दीर्घावधि से नियोजित नोराड गतिविधियों' की एक शृंखला का हिस्सा है। नोराड ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी दी है कि ये विमान अमेरिका और कनाडा के महाद्वीपीय अड्डों से संचालित होने वाले अन्य संसाधनों के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि ये गतिविधियां अमेरिका, कनाडा और डेनमार्क साम्राज्य के बीच 'स्थाई रक्षा सहयोग' को और मजबूती प्रदान करती हैं।

## हूती अदालत ने जासूसी के आरोप मौत की सजा को रखा बरकरार

**सना।** हूती समूह द्वारा संचालित राजधानी सना स्थित एक अदालत ने सोमवार को जासूसी के आरोप में दोषी ठहराए गए नौ यमनियों की मौत की सजा को बरकरार रखा। हूती-संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। चैनल ने बताया कि अदालत ने नौ आरोपियों के खिलाफ मूल फैसले को बरकरार रखा है, जिन पर हूती समूह अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब सहित विदेशी देशों के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। चैनल ने यह भी बताया कि इनमें से आठ आरोपी हिरासत में हैं और एक फरार है। रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने एक व्यापक जासूसी मामले में सजा को पलट दिया या कम कर दिया, लेकिन इन नौ आरोपियों की मौत की सजा को अपरिवर्तित रखा।

# पाक बनने का मकसद पूरा होने वाला है: आसिम मुनीर

## आर्मी चीफ का दावा: इस्लामी देशों के बीच पाक का खास दर्जा, इसकी अहमियत अब और बढ़ेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे।

इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी। आसिम मुनीर रविवार को नवाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के रिसेप्शन में शामिल होने लाहौर पहुंचे थे। आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति

■ दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है: मुनीर



और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की नींव कलमा पर टिकी है और इस सोच को आगे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। आसिम मुनीर अपने भाषणों में इस्लामिक विचारधारा, टू नेशन थ्योरी और भारत के खिलाफ बयानबाजी पर जोर देते रहे हैं। जनरल मुनीर ने पिछले साल अप्रैल में इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। आसिम मुनीर अपने पहले के सेना प्रमुखों से काफी अलग माने जाते हैं। पहले के ज्यादातर सेना प्रमुख पश्चिमी सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षित पेशेवर सैनिक थे, जो धर्म और राजनीति से दूरी बनाए रखते थे।

# यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर तेज

## कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम की यूरोप को सलाह: ट्रम्प की टैरिफ पर धमकियों का सख्ती से करें सामना



■ ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है

■ डोनाल्ड ट्रम्प संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है

**कैलिफोर्निया।** दुनियाभर में इन दिनों कई देशों के खिलाफ अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आक्रमक रवैया चिंता का विषय बनता जा रहा है। चाहे वो, वेनेजुएला पर कार्रवाई कर वहां के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी हो, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात, या फिर उनके इस काम में साथ ना देने वाले देशों के खिलाफ भर-भर के टैरिफ लगाने की धमकी।

इन सभी कारणों से ट्रम्प ने वैश्विक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि ट्रम्प के खिलाफ खुद उनके घर अमेरिका में ही बगावत शुरू हो गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि टैरिफ धमकियों के खिलाफ अब कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम ने ट्रम्प को दो टूक चेतावनी देते हुए यूरोपियन देशों को अहम संदेश दिया है। गैविन न्यूजाम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है। बता दें कि कैलिफोर्निया के गवर्नर का यह बयान स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान आया। जहां अमेरिका की आंतरिक राजनीति और वैश्विक व्यापार तनाव भी खुलकर सामने आ गए। न्यूजाम ने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय नेता ट्रम्प के टैरिफ और व्यापार दबाव के खिलाफ दृढ़ न होकर पीछे हटेंगे तो यह उनके पक्ष में नहीं होगा। इस दौरान न्यूजाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को लेकर यूरोप की प्रतिक्रिया पर कड़ी नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि ट्रम्प ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोप पर दबाव बना रहे हैं। टैरिफ (आयात शुल्क) की धमकी देकर देशों को झुकाना चाहते हैं। ऐसे में यूरोप को डरकर पीछे नहीं हटना चाहिए। बता दें कि ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, जो कि आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है। देखा जाए तो ग्रीनलैंड रणनीतिक और सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में ट्रम्प पहले भी ग्रीनलैंड को लेकर सख्त बयान दे चुके हैं। संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है। इसी मुद्दे पर ट्रम्प ने टैरिफ की धमकी देकर यूरोप पर दबाव बनाया। खासकर उन देशों पर, जो उनके रुख से सहमत नहीं हैं। इसी बीच यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी ने भी ट्रम्प को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर टैरिफ की धमकी देना चिंताजनक है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प पर भरोसा किया जा सकता है? ऐसे में यूरोपीय संघ का मानना है कि व्यापारिक दबाव का इस्तेमाल राजनीतिक फैसलों के लिए करना गलत है। इससे अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में दरार बढ़ सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका के भीतर से ही ट्रम्प की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। कैलिफोर्निया जैसे बड़े राज्य के गवर्नर ने खुलकर विरोध किया। इसको लेकर यूरोप पर दबाव की राजनीति अब वैश्विक मंच पर विवाद बन चुकी है। ग्रीनलैंड मुद्दा सिर्फ ज़मीन का नहीं, भू-राजनीति और ताकत की लड़ाई बन गया है।

### बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है।

भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच

■ उप-प्रधानमंत्री बोले: भारत से सहयोग को तैयार

हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है।

ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं। सिकोरस्की ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुछ उद्योग संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत और यूरोपीय संघ के कृषि क्षेत्र काफी हद तक एक-दूसरे के अनुकूल हैं।

## मंत्री मरियम औरंगजेब का बदला रूप देखकर लोग हैरान

**लाहौर।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन की सीनियर नेता मरियम औरंगजेब इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। वजह है लाहौर में हुई शादी में उनका बदला हुआ लुक। यह शादी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती और मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर की थी। मरियम औरंगजेब यहां मेहमान के तौर पर शामिल हुई थीं। जुनैद सफदर की शादी शंजे अली रोहैल से लाहौर में धूमधाम से हुई थी। हालांकि, शादी से ज्यादा चर्चा मरियम औरंगजेब की तस्वीरों को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मरियम औरंगजेब पहले के मुकाबले ज्यादा स्लिम, शार्प फेस फीचर्स और बदले हुए लुक में नजर आईं। कई यूजर्स ने उनके ग्लो और फिटनेस की तारीफ की। कई लोगों उनके लुक में आए बदलाव को लेकर सवाल भी उठाए। यूजर्स ने यह अटकलें भी लगाईं कि मरियम औरंगजेब ने कास्मेटिक सर्जरी करवाई हो सकती है। कास्मेटिक सर्जरी एक मेडिकल प्रक्रिया होती है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर की बनावट और दिखावट को बेहतर या बदलने के लिए इलाज किया जाता है। इसका मकसद बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि लुक में बदलाव या सुधार करना होता है।

# ट्रम्प हिंद महासागर के द्वीप को लेकर ब्रिटेन से नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया आइलैंड को लेकर ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर कहा कि ब्रिटेन यह द्वीप मारीशस को देने की योजना बना रहा है, जबकि यहां अमेरिका का एक बेहद अहम मिलिट्री बेस है। इस द्वीप को बिना किसी वजह के देना हैरान करने वाला और गलत फैसला है। ट्रम्प ने कहा कि-हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप मारीशस को सौंपने की योजना बना रहा है। वो भी बिना किसी कारण के। इसमें कोई शक नहीं है कि चीन और रूस ने इस घोर कमजोरी को भांप लिया है।

उन्होंने आगे लिखा कि ये देश सिर्फ ताकत को समझते हैं और इसी वजह से उनकी लीडरशिप में अमेरिका को एक साल में पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिला है। ट्रम्प ने कहा कि इतना अहम इलाका सौंपना बहुत बड़ी बेवकूफी है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करना जरूरी हो जाता है। ट्रम्प जिस डिएगो गार्सिया आइलैंड की बात कर रहे हैं दरअसल वो चागोस आइलैंड का हिस्सा है। चागोस

■ कहा: डिएगो गार्सिया आइलैंड मारिशस को देना बेवकूफी, यहां हमारा अहम मिलिट्री बेस

आइलैंड हिंद महासागर में मौजूद आइलैंडों का एक समूह है। यह ब्रिटेन से करीब 9334 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और मारीशस से लगभग 2012 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। साल 1814 में नेपोलियन की हार के बाद पेरिस संधि के तहत चागोस आइलैंड और मारीशस ब्रिटेन के कब्जे में आए थे।

1965 में इन आइलैंडों को 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' बनाया गया और मारीशस से अलग कर दिया गया। मारीशस को 1968 में आजादी मिली थी। उस समय यह तय हुआ था कि जब ये आइलैंड ब्रिटेन की रक्षा के लिए जरूरी नहीं रहेंगे, तब इन्हें मारीशस को लौटा दिया जाएगा। सबसे बड़े आइलैंड डिएगो गार्सिया पर ब्रिटेन और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा बनाया गया। वहां रहने वाले लोगों को मारीशस और सेशेल्स में बसाया गया और कुछ लोगों को 2002 में ब्रिटेन लाया गया। मारीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में उठाया।

# किम जोंग ने मंच से डिप्टी पीएम को किया बर्खास्त

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया।

किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा कि बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं। किम ने कहा कि एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपाइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं। उत्तर



■ कहा: बैल गाड़ी खींच सकती है, बकरी नहीं, तुम्हें जिम्मेदारी देना मेरी गलती थी

कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। किम ने यह भी स्पष्ट किया कि यांग को पद से हटाना जरूरी था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें 'पार्टी-विरोधी' माना जाए। किम के मुताबिक, यांग ने पार्टी की केंद्रीय समिति को ऐसे सुझाव दिए जो न तो व्यावहारिक थे और न ही सच्चाई पर आधारित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यांग ने अपने फायदे के लिए पार्टी को गुमराह करने की कोशिश की, यहां तक कि पिछले महीने हुई पार्टी की अहम बैठक में भी। उन्होंने बताया कि इन सबके बावजूद उन्होंने यांग को एक और मौका दिया।

## घायल सैनिकों को नहीं बचा पा रहा यूक्रेन

**मॉस्को।** यूक्रेन की सेना रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध में अपने घायल सैनिकों को समय पर बचाने में असफल हो रही है, जिसकी वजह से कई सैनिक बिना इलाज के मर रहे हैं। रूस के कब्जे में मौजूद यूक्रेन के युद्धबंदी एलेक्जेंडर सोतनिवोक ने रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वीडियो में यह दावा किया है। सोतनिवोक ने सोमवार को जारी एक वीडियो में कहा कि घायलों को लड़ाई वाले क्षेत्रों से निकालने में एक बड़ी समस्या आ रही है। अगर कोई सैनिक घायलों को ले जाने वाले ट्रक तक नहीं पहुंच पा रहा, तो उसका मरना तय है। यूक्रेनी सेना घायलों को तभी निकाल रही है, जब वह एक खास जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिमित्रोव की ओर पांच-दिन की यात्रा के दौरान उन्होंने कई मृतकों को देखा।

# नार्वे के पीएम बोले: नोबेल पुरस्कार से हमारा लेना-देना नहीं

## ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी

**वाशिंगटन।** नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने ट्रम्प का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

दरअसल, ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नार्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नार्वे क्या कह रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं। मुझे लगता है मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। वहीं गाहर स्टोर ने ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के दावे को लेकर कहा कि यह डेनमार्क के राज्य का



■ ट्रम्प ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते


हिस्सा है और नार्वे डेनमार्क का पूरा समर्थन करता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि नाटो को आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी से कदम उठाने चाहिए। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने कहा कि डेनमार्क इसकी रक्षा नहीं कर सकता। हम इसके बारे में काफी लोगों से बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड हमारे लिए काफी जरूरी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने नाटो के महासचिव मार्क रुट से ग्रीनलैंड को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि मैंने स्विट्जरलैंड के दावोस में विभिन्न पक्षों की बैठक के लिए सहमति दी है। मैंने सभी को बताया, ग्रीनलैंड राष्ट्रीय और विश्व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अब पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं है, इस बात से सभी सहमत हैं। डेनमार्क उस जमीन (ग्रीनलैंड) को रूस या चीन से बचा नहीं सकता। फिर सवाल यह है कि उनका उस पर मालिकाना हक आखिर क्यों है? ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले वहां उनकी एक नाव पहुंची थी, लेकिन हमारी नावें भी वहां पहुंची थीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि नाटो की स्थापना के बाद से उन्होंने किसी से भी ज्यादा नाटो के लिए काम किया है। अब नाटो को भी अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया तब तक सुरक्षित नहीं है, जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूरा कब्जा नहीं हो जाता।

# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराई

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव



■ हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा

कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे। मिशिगन के ओटावा काउंटी शेरिफ आफिस ने बताया कि इलाके में कई जगह दुर्घटनाएं हुईं और कई ट्रक जैकनाइफ हो गए। कई कारें सड़क से फिसलकर बाहर चली गईं। फंसे हुए यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल ले जाया गया, जहां वे मदद के लिए काल कर सके या अपने घर जाने की व्यवस्था कर सके। अधिकारियों का कहना है कि सफाई और वाहनों को हटाने का काम पूरा होने तक सड़क कई घंटों तक बंद रह सकती है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और जमी हुई सड़क का ट्रीटमेंट करने में कई घंटे लग सकते हैं, इस दौरान इंटरस्टेट-196 बंद रहेगी। अमेरिका के कई राज्य इन दिनों बर्फीले तूफान का सामना कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कान्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयार्क तक बेहद ठंडा मौसम या बर्फीले तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक नार्थ-सेंट्रल फ्लोरिडा और साउथईस्ट जार्जिया में तापमान जीरो डिग्री तक गिर सकता है।

## चिली में भयावह आग: कुछ क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित

**सैंटियागो।** चिली ने दक्षिणी नुब्ले और बायोबियो क्षेत्रों में विनाशकारी आग लगने के कारण 'आपदा की स्थिति' घोषित की है। इन क्षेत्रों में जंगल की भीषण आग लगातार तीसरे दिन भी जारी है, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है और पूरे के पूरे कस्बे तबाह हो गए हैं। इस आपदा के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने इस भीषण आपदा की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार जारी भीषण आग को देखते हुए, मैंने इन दोनों क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित करने का निर्णय लिया है।

